आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी 10:58 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 12 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 64, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



माधवन-फातिमा के साथ फिल्म बनाएंगे करण जौहर 15

मंगल पर क्षुद्रग्रहों की टक्कर से पृथ्वी अछूती नहीं 16

### बधाई/अवकाश सूचना

समस्त सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

---

विजयादशमी के अवसर पर अमृत विचार कार्यालय में दिनांक 12 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 अक्टूबर को प्रकाशित होगा। –संपादक

# अखिलेश बोले–देखता हूं कब तक रहेगी पुलिस, माल्यार्पण तो करुंगा ही

**जेपी पर गरमाई राजनीति** — सपा प्रमुख ने सरकार को ललकारा, अपने घर के बाहर लोकनायक की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- अखिलेश के आवास और नेशनल कन्वेंशन सेंटर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अपने आवास के बाहर जेपी नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी और भाजपा सरकार के मध्य बीती रात से चल रहा हाई-वोल्टेज ड्रामा शुक्रवार को भी जारी रहा। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पूर्व नियोजित दौरे से पहले जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को सील कर दिया गया है। भारी पुलिस बल तैनात करने के साथ बैरिकेडिंग कर दी गई। अखिलेश के घर के बाहर भी फोर्स खड़ी रही। इस बीच सपा प्रमुख ने अपने आवास के बाहर सड़क पर ही जेपी नारायण की एक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही यह भी कहा कि बैरीकेडिंग सपा कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी, जब हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे।

अखिलेश यादव शुक्रवार को जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमती नगर स्थित जेपीएनआईसी का दौरा करने वाले थे। उन्होंने कहा कि जेपी जयंती के दिन सपा कार्यकर्ता उनके म्यूजियम में जयंती मनाते हैं। लेकिन हमें दो बार से माल्यार्पण करने से रोका जा रहा है। दरअसल, बीते साल भी यही स्थिति थी, लेकिन पांच फुट ऊंची दीवार लांघ कर अखिलेश ने माल्यार्पण किया था। इधर, विरोध प्रदर्शन के बीच पुलिस अधिकारी अखिलेश से बात करने के लिए उनके निजी आवास के अंदर गए। इसके बाद अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार इस सेंटर को बेचना चाहती है। उन्होंने कहा कि बैरीकेडिंग सपा के कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी। जब पुलिस वहां से हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे। इसी कड़ी में उन्होंने जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से समर्थन वापस लेने की मांग की।



सत्ता के मद में चूर भाजपा लोकतंत्र की बैरिकेडिंग करना चाहती है। सत्ता का तंत्र कभी लोक के तंत्र पर भारी नहीं हो सकता। अतीत से सबक लीजिए सरकार! लोकतंत्र में तानाशाही लंबी नहीं चलती।– **शिवपाल यादव**, राष्ट्रीय महासचिव, सपा



मुझे लगता है कि प्रदेश सरकार जेपीएनआईसी को भी ध्वस्त करने और किसी बड़े व्यवसायी को बेचने की कोशिश में हैं। यह सरकार मनमाने तरीके से काम कर रही है। लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जा रही है। मूर्तियों पर माल्यार्पण करने पर रोक लगाई जा रही है।– **अजय राय**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस



लखनऊ में बड़ा बवाल खड़ा करने की सपा की कोशिशों को योगी सरकार ने नाकाम कर दिया है तो बौखलाए अखिलेश पुलिस को धमका रहे हैं। जेपी का नाम लेकर वह नौटंकी कर रहे हैं। सपा को जेपी की जयंती मनाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उनकी सरकार के कार्यकाल में बनाया गया अर्धनिर्मित जेपीएनआईसी भ्रष्टाचार का सजीव उदाहरण है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में जेपी को भी नहीं बख्शा। – **भूपेन्द्र सिंह चौधरी**, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

### एक नजर

## जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन 15 नवंबर को खुलेगा

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला जोन 15 नवंबर से सैलानियों के खुल जाएगा। लेकिन, जोन खुलने से पहले ही रात्रि विश्राम कक्ष पैक हो गए हैं। 15 से 21 नवंबर तक ऑनलाइन बुकिंग फुल हो गई है। कॉर्बेट नेशनल पार्क खुलने का देश–विदेश के पर्यटक इंतजार कर रहे हैं। पर्यटकों की पहली पसंद कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन की जैव विविधता व वन्यजीवों का दीदार करना होता है। ढिकाला जोन को हर साल मानसून सीजन में 15 जून को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है। पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए अब यह 15 नवंबर को खुल जाएगा।

## लापता पायलट का पार्थिव शरीर एक महीने बाद मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लापता पायलट कमांडेंट राकेश कुमार राणा के पार्थिव शरीर का एक महीने से भी अधिक समय के बाद पता लगा लिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर एमके–3 के लापता पायलट कमांडेंट राणा का पार्थिव शरीर पोरबंदर के तट से लगभग 55 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में मिला है। कमांडेंट राणा पिछले महीने आपात लैंडिंग करने वाले हेलीकॉप्टर के पायलट–इन–कमान थे।

## नवनिर्मित नवी मुंबई हवाई अड्डे पर उतरा पहला विमान

**मुंबई।** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एयरबस सी295 विमान को सफलतापूर्वक उतारने का परीक्षण किया गया। भारतीय वायुसेना का परिवहन विमान सी295 दोपहर 12:14 बजे हवाई अड्डे के दक्षिणी रनवे–26 पर उतरा।

# स्वतंत्र-समावेशी हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति के लिए महत्वपूर्ण

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

- कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता

विएंतियान (लाओस), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को यूरेशिया और पश्चिम एशिया में यथाशीघ्र शांति एवं स्थिरता की बहाली का आह्वान किया। मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति तथा प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है।

मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत संचालित की जानी चाहिए। नौवहन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई अंकुश नहीं लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए, न कि विस्तारवाद का। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों के कारण सबसे अधिक नकारात्मक रूप से प्रभावित देश 'ग्लोबल साउथ' के हैं। उन्होंने कहा कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की सामूहिक इच्छा है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना आवश्यक

प्रधानमंत्री ने कहा, क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से हमें संवाद और कूटनीति पर अधिक जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वबंधु की जिम्मेदारी निभाते हुए भारत इस दिशा में हरसंभव योगदान देता रहेगा। उनकी यह टिप्पणी यूरेशिया में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष तथा पश्चिम एशिया में इजराइल–हमास युद्ध के बीच आई है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को एक साथ आना होगा।

### म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए उठाए जाएं कदम

मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ) की एकता और प्रमुखता का समर्थन किया है। कहा कि आसियान भारत के हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण और क्वाड सहयोग के केन्द्र में भी है। उन्होंने कहा कि भारत की हिंद–प्रशांत महासागर पहल और हिंद–प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच गहरी समानताएं हैं। मोदी ने कहा कि हम म्यांमार की स्थिति के प्रति आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। हम पांच सूत्रीय सहमति का भी समर्थन करते हैं। वहां मानवीय सहायता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने वहां लोकतंत्र की बहाली के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि इसके लिए म्यांमार को शामिल किया जाना चाहिए, अलग–थलग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के रूप में भारत अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा।

## रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल होंगे टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन

**मुंबई।** दिवंगत रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अब टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन होंगे। यह विभिन्न परमार्थ-संस्थाओं का एक समूह है जो अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले समूह को नियंत्रित करता है। उद्योगपति रतन टाटा (86) का बुधवार रात आयु संबंधी समस्याओं से निधन हो गया था जिसके बाद उनके उत्तराधिकारी की तलाश शुरू की गई। टाटा ट्रस्ट्स में शामिल विभिन्न ट्रस्ट के न्यासियों ने शुक्रवार को मुंबई में एक संयुक्त बैठक की और टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। बैठक में न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण सेवाओं को याद किया। इसके बाद हुई बैठकों में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स और उसके तहत आने वाले अन्य सभी ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इसमें कहा गया कि उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभावी होगी।



- निदेशक मंडल की बैठक में किया गया चयन

# तोप का गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत

नासिक, एजेंसी



अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह और सैकत

- नासिक आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान हुआ हादसा
- कारण पता करने को सेना ने शुरू की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी

महाराष्ट्र के नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सेना ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि हैदराबाद आर्टिलरी सेंटर के गनर गोहिल विश्वराजसिंह (20) और गनर सैकत (21) की नासिक जिले के देवलाली में परीक्षण के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि अग्निवीरों की एक टीम तोप से गोले छोड़ रही थी, तभी एक गोला फट गया, जिससे दो अग्निवीर घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें देवलाली के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस थाना में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है तथा जांच जारी है। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के सभी रैंक के अधिकारी बहादुर अग्निवीर (गनर) गोहिल विश्वराजसिंह और अग्निवीर (गनर) सैकत के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सेना ने बताया कि दुर्घटना के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

सेना ने कहा कि वह गहरी संवेदना व्यक्त करती है तथा दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

### दोनों अग्निवीरों को शहीद का दर्जा मिले

एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा कि ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्रालय को इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा देना चाहिए। साथ ही उनके परिवारों को मुआवजा भी दें।

## जापानी संगठन निहोन हिदान्क्यो को शांति का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** इस साल का शांति का नोबेल पुरस्कार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर हुए अमेरिकी परमाणु बम हमलों के पीड़ितों के संगठन निहोन हिदान्क्यो को परमाणु शस्त्रों के विरुद्ध उनके कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार को जापानी संगठन को पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर बनी सहमति पर दबाव है और इसलिए इस संगठन को पुरस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोबेल समिति उन सभी जीवित बचे लोगों को सम्मानित करना चाहती है, जिन्होंने शारीरिक पीड़ा और दर्दनाक यादों के बावजूद, शांति के लिए आशा तथा जुड़ाव पैदा करने के वास्ते अपने अनुभवों का उपयोग करने का विकल्प चुना है। हिदान्क्यो के अध्यक्ष तोमोयूकी मिमाकी यह खबर मिलते ही खुशी से झूम उठे और उनकी आंखें नम हो गईं।

# महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ गिरफ्तार

रायपुर, एजेंसी

- इंटरपोल के अधिकारियों ने दुबई से सट्टा किंग को पकड़ा



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार हो गया है। यह कार्रवाई इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अनुरोध पर जारी किया गया था।

इस मामले में ईडी, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई की है। सौरभ जो पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक साधारण जूस की दुकान चलाता था, वह अब महादेव एप के जरिए सट्टेबाजी का बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुका है। उसकी गिरफ्तारी ने इस बड़े घोटाले के प्रमुख कर्ताधर्ता को कानून के शिकंजे में ला दिया है। लगभग डेढ़ महीने पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया था। यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था और अब इस घोटाले के 'किंगपिन' सौरभ की गिरफ्तारी हुई है। महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल का नाम बाकायदा एफआईआर में भी दर्ज है।

## गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को होंगे बंद

- यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि आज तय होगी

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि 12 अक्टूबर (शनिवार) को तय हो जाएगी। गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर को अन्नकूट पर्व के अभिजीत मुहूर्त पर दोपहर 12. 14 बजे शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मां गंगा अपने मायके मुखबा में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगी। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर गंगोत्री रावल तीर्थ पुरोहितों ने गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि और मुहूर्त तय किया। गंगोत्री मंदिर के सचिव सुरेश सेमवाल का कहना है कि गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली मायके मुखबा मुखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं 3 नवंबर को भैया दूज के पावन पर्व पर मां गंगा अपने मायके मुखबा मुखीमठ पहुंचेंगी।



## मुख्यमंत्री योगी ने किया कन्या पूजन

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में नवरात्र की महानवमी पर शुक्रवार को देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना की। गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन भी किया। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, पूजन करके भोजन कराया और उनका आशीर्वाद भी लिया। संबंधित तस्वीर में एक कन्या का पांव पखारते योगी।

## मध्य प्रदेश के देवी मंदिर में शीश चढ़ाने की कोशिश

पन्ना (मप्र), एजेंसी

- युवक ने ब्लेड से काटी अपनी गर्दन, हालत गंभीर
- पन्ना जिले की घटना, अस्पताल में चल रहा इलाज

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में धरमपुर थाना क्षेत्र के केवटपुरा गांव के पास शुक्रवार को एक युवक के द्वारा देवी प्रतिमा के समक्ष अपनी गर्दन काटकर चढ़ाने के प्रयास का मामला सामने आया है। उसने ब्लेड से गर्दन काट ली जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के धरमपुर क्षेत्र का निवासी राजकुमार यादव (24) ने शुक्रवार की सुबह पूजन के उपरांत परिक्रमा के समय देवी मंदिर में प्रतिमा के सामने अपनी गर्दन में ब्लेड मार ली, जिससे चारों ओर खून फैल गया। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका उपचार शुरू किया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**परंपरा** — अद्भुत और विख्यात है खजुआ की रामलीला, दशहरे के दिन से शुरू लीला 19 को राम–रावण युद्ध और ब्रह्मभोज तक चलेगी

# यहां राम से पहले होती है रावण की पूजा, नहीं होता पुतला दहन

शैलेश अवस्थी, खजुआ (फतेहपुर)



**अमृत विचार :** दशहरे पर हर जगह राम की पूजा होती है लेकिन यहां पहले लंका नरेश रावण की पूजा की जाती है उसके बाद राम पूजे जाते हैं। दशहरे पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के तौर पर रावण का पुतला जलाया जाता है लेकिन यहां रावण के पुतले को जलाया भी नहीं जाता, बल्कि हज़ारों दीयों की रोशनी के बीच आरती उतारकर पूजा-अर्चना की जाती है।

हम बात कर रहे हैं फतेहपुर जिले के खजुआ कस्बे की जो अद्भुत रामलीला मंचन के लिए प्रसिद्ध है। जिला मुख्यालय से तकरीबन 18 किलोमीटर दूर खजुआ को शिवनगरी भी कहा जाता है। ग्राम प्रधान अरविंद सोनी ने बताया कि जब हर जगह दशहरे पर रावण दहन के बाद रामलीला का लगभग समापन हो जाता है, तब खजुआ की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन गणेश पूजन के बाद शुरू होता है । खास बात यह कि यहां राम से पहले रावण की पूजा की जाती है। इस बार लीला दशहरे से शुरू होकर 19 अक्टूबर राम-रावण युद्ध तक चलेगी। इसके पहले रावण के साथ मेघनाथ, कुम्भकरण के पुतले और रामजी की सवारी निकाली जाएगी। रावण का सिर तांबे का होगा, जिसका भ्रमण पूरे क्षेत्र में सम्मान सहित करवाया जाएगा। इस दौरान रावण की हज़ारा आरती होगी और जगमग रोशनी के बीच उसकी पूजा की जाएगी। कई जिलों के लोग इस अद्भुत परंपरा के साक्षी बनने आते हैं। खजुआ में 118 बड़े-छोटे शिवालय हैं, जो कई साल प्राचीन हैं। यह भी एक कारण है कि यहां के लोग शिवभक्त रावण का पुतला दहन नहीं करते। यह भी कहा जाता है कि एक समय खजुआ ब्राह्मण बहुल था, इस नाते भी पुतला नहीं जलाते। यहां मेघनाथ और कुम्भकरण के पुतले स्थानीय कारीगर ही मिट्टी, कास और पुआल से तैयार कर उनका रंगरोगन करते हैं। लीला मंचन भी कुछ स्थानीय लोग ही करते हैं। राम-रावण युद्ध के बाद रावण वध की लीला होगी, लेकिन दशानन का पुतला नहीं जलाया जाएगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर रावण की तेरहवीं और ब्रह्मभोज होगा, तब लीला का समापन होगा।

### ब्रह्मपुराण में भी है इस स्थान का जिक्र.....

ब्राह्मपुराण में खजुआ का जिक्र है, जो पांच हज़ार साल पुराना है। यहां 118 शिवमंदिर हैं, जिनमें कुछ का जीर्णोद्धार हुआ है। मुग़लकाल में मंदिरों पर आक्रमण हुए, कुछ खंडित हुए, पर कई को किसी तरह सुरक्षित रखा गया। कस्बे में कई तालाब हैं, जिनमें कुछ अभी भी लबालब हैं। एक सर्वे के मुताबिक मंदिर परिसरों की कोई दो हज़ार बीघा ज़मीन पर कब्जे हैं, जिन्हें मुक्त कराने की कोशिश जारी है।

### औरंगजेब ने भाई को मार बनवाई थी सराय

औरंगजेब की बनवाई सराएं भी खजुआ का ऐतिहासिक महत्व बयान करती है। बताते हैं कि औरंगजेब ने अपने भाई शहशुजा को यहीं मारा था और फिर एक बड़ी सराय का निर्माण करवाया था, जिसे बादशाही बाग़ कहते हैं। इसमें जल एकत्र करने को हाऊद और जल निकासी के मुकम्मल इंतज़ाम हैं। चारों ओर बड़े गुम्मदनुमा टावर हैं। इस सराय को भारत सरकार ने राष्ट्रीय महत्व का घोषित कर रखा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### महामाई पूजन व भंडारा आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्री अध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज पर व्रत समापन के अवसर पर शनिवार को प्रात: 7 से 9 बजे तक महामाई का पूजन अर्चन अभिषेक होगा। 10 से 12 बजे तक सामूहिक हवन आरती, पुष्पांजलि व 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है। पीठ के मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में साधक और श्रद्धालु प्रतिभाग करेंगे।

### अभियान के तहत 71 वाहनों का किया गया चालान

**अयोध्या।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के 10वें दिन परिवहन विभाग ने विभिन्न जगहों पर कार्रवाई करते हुए 41 ओवरलोड, नो पार्किंग के 12, बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट के 6, बिना रिफ्लेक्टर टेप लगे 4 और रांग साइड ड्राइविंग के 8 वाहनों सहित 71 वाहनों का चालान किया। एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रवीण कुमार सिंह ने बताया वाहन में निर्धारित क्षमता से ज्यादा भार/सवारिया बैठा कर वाहन का संचालन कदापि नही करना चाहिए। ओवरलोड वाहन का संचालन करने से ईंधन की खपत में काफी वृद्धि होती है तथा वाहन के टायर अधिक घिसने की संभावना अधिक हो जाती है।

# हैरिंग्टनगंज में भेड़िया दिखने का हल्ला, बीकापुर में बच्चे पर हमला

**हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के 12 गांवों की 80 हजार की आबादी की नहीं खत्म हुई दहशत**

## 25 किमी की परिधि बना हुआ है जंगली जानवर का इलाका

मिल्कीपुर, अयोध्या



जानवर के हमले में घायल बच्चा शनी।



धंजो चौराहे के पास निगरानी करती वन विभाग की टीम।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में जंगली जानवर का आतंक और दहशत दोनों अभी बरकरार है। करीब 25 किलोमीटर परिधि को अपनी टेरेटरी बना कर घूम रहे जंगली जानवर को दबोचने में वन विभाग अभी तक सफल नहीं हो पाया है, जिसके कारण इलाके के करीब 12 गांव की 80 हजार की आबादी छह दिन से खौफ के साए में जी रही है। शुक्रवार को शाहगंज बाजार के पास परुवा गांव में भेड़िया होने की गुहार मच गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो सियार मरा पड़ा पाया गया।

गनेशपुर में जंगली जानवर पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में अभी तक कोई हिंसक जानवर नहीं फंसा है। वनकर्मियों की टीम क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही है। फिर भी छह दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग खाली हाथ है। इसके पहले गनेशपुर गांव में एक नीलगाय के बच्चे को किसी जंगली जानवर ने खा लिया था। इस घटना के दूसरे दिन सिंधौरा गांव में हिंसक जानवर चहलकदमी करते हुए देखा गया। बगल के तुलापुर गांव में एक बछिया को हिंसक जानवर ने अपना निवाला बना लिया। फिर डड़वा में जंगली जानवर होने कि बात कही गई, अब जंगली जानवर की लोकेशन परुआ गांव में बतायी जा रही है। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं। यदि आवश्यक कार्य है, तभी रात में बाहर निकल रहे हैं।

### बच्चा जख्मी, जिला अस्पताल रेफर

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली के ग्राम असकरनपुर पूरे नंदा तिवारी गांव में हिंसक जानवर के हमले में एक सात साल का बच्चा घायल हो गया है। शुक्रवार को दोपहर में हिंसक जानवर ने गांव के अन्दर घुस कर एक सात वर्षीय बालक पर हमला कर दिया, जिससे उसके मुंह पर चोंटें आई हैं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है। बताया कि सात साल का बालक शनि पुत्र बंसीलाल घर के पास चकरोड के किनारे खेल रहा था। वहीं बगल के गन्ने के खेत से अचानक हिंसक जानवर ने हमला कर दिया। बच्चे के चिल्लाने पर आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने दौड़कर उसकी जान बचाई। लोगों को आता देखकर जानवर भाग गया। ग्राम प्रधान आशा देवी ने बताया कि बगल में हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र आता है। जहां तीन दिन पहले हिंसक जानवर के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं।

### इन गांवों में पसरा है खौफ

आदिलपुर, उरुवा वैश्य, स्वर्णवर्षा, महोलिया, खड़भड़ेपुर, जमोलिया, भिच्छु का पुरवा एवं लाला का पुरवा में हिंसक जानवर के हमले में करीब 15 लोग घायल हो चुके हैं। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के गनेशपुर चिलबिली से लेकर परसपुर सथरा, पलिया लोहानी, सिंधौरा, बसवार कला, डीह पूरे बीरबल, हरीरामपुर, घुरेहटा, परवरपारा, सोहवल सलोनी, सराय मजरा, नियामतपुर और चौधरीपुर सहित दर्जन भर गांवों के लोगों में अभी भी हिंसक जानवर का खौफ बना हुआ है। गनेशपुर के मनीराम व रवि ने बताया कि पिंजड़े में अभी तक जंगली जानवर नहीं फंसा है।

> जंगली जानवर की खोजबीन के लिए प्रभावित क्षेत्र में टीमों की गश्त बढ़ा दी गई है। टीम के सदस्यों से उन क्षेत्रों की विशेष निगरानी करने को कहा गया है, जहां के लोग ज्यादा खौफजदा हैं। – **प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी, कुमारगंज रेंज**

# प्राथमिक विद्यालयों में गठित होगी बाल सुरक्षा एवं संरक्षा समिति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** माध्यमिक और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए बाल सुरक्षा एवं संरक्षा समिति का गठन होगा। इस कमेटी में प्रत्येक कक्षा के एक छात्र व एक छात्रा को शामिल किया जाएगा। एक महिला शिक्षक व एक पुरुष शिक्षक को भी इसमें शामिल किया जाएगा। हर महीने इसकी बैठक होगी और छात्रों को आसपास हो रही आपराधिक घटनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें सतर्क किया जाएगा। इसे लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से इसके गठन के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थी आपराधिक घटनाओं का शिकार न बनें इसके लिए उन्हें क्या क्या सतर्कता बरतनी चाहिए, इस पर हर महीने विद्यालय में बाल सुरक्षा एवं संरक्षा समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी। कमेटी के सदस्य अपनी-अपनी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को बताएंगे कि कैसे शरारती विद्यार्थियों पर भी नकेल कसी जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर से आदेश पर क्रियान्वयन शुरू कर दिया जायेगा। छात्रों, अभिभावकों और जनसमुदाय को शिकायतों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर शुरू किए गए टोल फ्री नंबर 1800-889-3277 के विषय में जानकारी दी जाएगी। विद्यालयों के प्रवेश द्वार और नोटिस बोर्ड पर इसे चस्पा किया जाएगा।





हवन कुंड पर पूर्णाहुति देते श्रद्धालु एवं बड़ी देवकाली मंदिर में कन्या पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# मंदिरों में भक्तों का तांता, कन्याओं का हुआ पूजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नवरात्र के अंतिम दिन देवी मंदिरों में माता के दर्शन को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह के समय बड़ी व छोटी देवकाली, जालपा देवी सहित माता के अन्य मंदिरों में हवन-पूजन किया गया।

सप्तमी और अष्टमी एक ही दिन 10 अक्टूबर को थी। शास्त्रों के अनुसार, नवरात्र में जब सप्तमी-अष्टमी एक ही दिन हो तो दुर्गाष्टमी का व्रत उस दिन नहीं करना चाहिए। इसे निषेध माना गया है। इसलिए इस साल 11 अक्टूबर को ही अष्टमी और नवमी दोनों मनाई गई है। शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर माता दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई। महाअष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन करते हुए मां की विदाई की गई। विदाई की परंपरा में कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोये गए और कन्याओं के साथ एक लंगूर के रूप में बच्चे को भी बुलाया गया। पैर धोने के बाद कन्याओं को आसन पर बैठाकर उनके हाथों में कलावा बांधा गया। माथे पर कुमकुम सुशोभित किया गया और माता रानी के पसंद के पकवान कन्याओं के समक्ष परोसे गए।

छोटी देवकाली मंदिर के पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने विधि विधान से दर्शन के बाद व्रत अनुष्ठान को संपन्न किया। बड़ी संख्या में नौ कन्याओं का पूजन कर भोजन प्रसाद भी कराया गया।

# संत कबीर नगर के विचाराधीन बंदी की अयोध्या में हुई मौत

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **गाजियाबाद से पेशी से लौटते समय बिगड़ी तबीयत, जिला अस्पताल में था भर्ती**

**अमृत विचार :** संतकबीरनगर जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदी की गाजियाबाद पेशी से लौटते समय अयोध्या में मौत हो गई।

गाजियाबाद के थाना भोजपुर/पिलखुआ के रहने वाले अंकुश उर्फ़ अंकुर (31) पुत्र धर्मेंद्र को प्रदेश शासन और कारागार निदेशालय के आदेश पर 18 अगस्त 2022 को प्रशासनिक आधार पर जिला कारागार गाजियाबाद से जिला कारागार संत कबीरनगर स्थानांतरित किया गया था। जिले के साहिबाबाद थाने में वर्ष 2018 में दर्ज हत्या और साजिश के एक मामले में वह आरोपी था। संतकबीरनगर के उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, आरक्षी मनीष कुमार शर्मा के साथ एडीजे तीन एनडीपीएस एक्ट गाजियाबाद की अदालत पर तारीख पेशी के लिए गुरुवार की सुबह लेकर गए थे। लौटते समय बाराबंकी से आगे अंकुश को सीने में तेज दर्द और सांस रुकने की शिकायत हुई तो दारोगा ने उसको सीएचसी सोहावल पर दिखाया। प्राथमिक उपचार के बाद रात 2.20 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान सुबह 6.50 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक विचाराधीन बंदी अंकुश के खिलाफ गाजियाबाद, बुलंदशहर व हापुड़ जिले में कई मामले दर्ज है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार ने बताया कि परिजनों के आने के बाद मजिस्ट्रेट ने पंचनामा भरवाया है। जिला मजिस्ट्रेट से पोस्टमार्टम के लिए आदेश हासिल करने के लिए प्रार्थना पत्र भेजवाया गया है। पीएम के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

## सार-संक्षेप



सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### जयंती पर याद किये गए जयप्रकाश नारायण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी कार्यालय लोहिया भवन पर शुक्रवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम व श्रीचंद यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने आजादी की लड़ाई में गांधी जी के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 1976के आंदोलन में उन्होंने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। हामिद जाफर मीसम ने कहा कि उन्हें लोकतंत्र की लड़ाई के लिए लोकतंत्र का जनक भी माना जाता है। प्रदेश सचिव रामअचल यादव, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, डॉ घनश्याम यादव,अवनीश प्रताप सिंह, पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, अक्षत श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, सुरेंद्र यादव, सुनील तिवारी, सूर्यभान यादव, जितेंद्र यादव, अरुण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### सेठ जयपुरिया स्कूल में चेयरमैन ने किया कन्या पूजन



नवमी पर सेठ जयपुरिया स्कूल में कन्या पूजन करते चेयरमैन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व निदेशक विशाल गुप्ता।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में दुर्गा नवमी के अवसर पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता,निदेशक विशाल गुप्ता ने सपत्नीक 60 से कन्याओं का पैर प्रच्छालन कर पूजन किया और उपहार देकर सम्मानित किया। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और स्कूल के निदेशक विशाल गुप्ता ने कहा कि चैत्र नवरात्र हो या शारदीय दोनों में ही कन्या पूजन का विशेष महत्व है। देवी दुर्गा की पूजा के साथ–साथ नारी जाति का भी पूजन करना यह दर्शाता है कि स्त्री शक्ति ही जीवन की सृजनकर्ता और पालनकर्ता है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक विशाल गुप्ता की माता नर्वदा गुप्ता,पत्नी पारुल गुप्ता, समन्वयक डॉ प्रगति श्रीवास्तव, प्रदीप यादव,फजलुर्रहमान और अजय जायसवाल सहित स्कूल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एचसीजे अकादमी में हर्षोल्लास से मनाया गया दशहरा



एचसीजे अकादमी में दशहरा पर्व मनाते छात्र–छात्राएं।

**अयोध्या, अमृत विचार :** एचसीजे अकादमी के शिक्षकों व छात्र–छात्राओं ने धूमधाम से दशहरा मनाया। चेयरपर्सन मंजुला जैन, प्रबंधक निदेशक डॉ. शिक्षा जैन, अधिशासी अधिकारी उमेश जैन ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कक्षा तीन से आठ तक की छात्राओं ने माता के नौ स्वरूपों का व्याख्यान कर नारी शक्ति से सभी को अवगत कराया। छात्रों ने रामलीला के संपूर्ण संवाद के साथ रावण दहन प्रस्तुत किया। राम की भूमिका में छात्र अविराम, लक्ष्मण अभिराज, माता सीता माही यादव, हनुमान सूर्यांश तथा मन्नत ने रावण की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार गुप्त व प्रशासनिक अधिकारी अशोक तिवारी ने सहसंयोजक शिप्रा मल्होत्रा, संचालक आकाशी, सुप्रिया, संगीता, भूमिका, कुशल, शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र–छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

### बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



काली मां के स्वरूप में बच्ची।

**भेलसर अयोध्या। अमृत विचार :** नव दुर्गा पूजा समिति पूरे काजी रुदौली के पंडाल में छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में अनन्या मिश्रा, प्रियम गुप्ता, शुभी मिश्रा, अनु यादव, नित्य जायसवाल, प्रिंस यादव, माही यादव, वाणी सिंह, अमन गुप्ता, प्रसिद्ध यादव, अजय गुप्ता, शिवानी चौहान कुल 38 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### पूजा पंडाल में पहुंच प्रदेश कबड्डी संघ अध्यक्ष ने नवाया शीश



पूराबाजार के पूजा पंडाल में पूजन करते कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने गुरुवार देर रात तक क्षेत्र के मां दुर्गा पंडालों में पहुंच कर पूजा आराधना करके आशीर्वाद लिया। विकासखंड पूरा बाजार के हनुमत नगर, नरायनपुर, कछौली, खनुवावां, कोडरी बाजार, गगौली, सौनैसा, अंजना, भवानीपुर, शान्तीपुर, अलावलपुर, बहोरनपुर, मोहतशिमपुर, अंकवारा व नारा में कबड्डी संघ प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने पहुंच कर पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के समक्ष पहुंचकर पूजा आराधना की। इस मौके पर रमापति पांडेय, प्रवेश पांडेय, सभापति पांडेय, हर्षित पांडेय, राकेश पांडेय, आनंद सिंह पिंटू, राकेश प्रताप सिंह, शोभाराम वर्मा, अनूप कुमार वर्मा, डॉ रमेश वर्मा मौजूद रहे।

# पांच-पांच हजार रुपये से स्कूलों में विकसित होंगे किचन गार्डन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में किचन गार्डन को और विकसित करने के लिए प्रत्येक स्कूल को पांच-पांच हजार रुपये मिलेंगे। स्कूलों में सब्जियां, फूल और फल उगाए जाएंगे। विद्यार्थियों को इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जाएगा। शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी बागवानी सीखेंगे।

इन किचन गार्डन में लौकी, तरोई, करेला और भिंडी जैसी मौसमी सब्जियां उगाई जाएंगी। फलों में केला, पपीता, अनार और अमरूद के पौधे लगाए जाएंगे। वाटिका के रखरखाव के लिए हर कक्षा के विद्यार्थियों की जिम्मेदारी तय होगी। छात्रों की मदद से ही इसे संवारा जाएगा। उन्हें बागवानी के गुर सिखाए जाएंगे। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया कि शासन स्तर से बजट जारी किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। प्रधानाध्यापक के साथ स्कूलों में स्थल चयन कर लें।

### स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण कर होगा सत्यापन

बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरुआत से ही जिम्मेदारी का भाव पैदा हो, इसके लिए यह पहल की जा रही है। न्याय पंचायत व ब्लॉक स्तर पर अच्छी वाटिकाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा। शिक्षक व छात्र इसके माध्यम से किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं, इसकी जानकारी दूसरे विद्यालयों को भी दी जाएगी। स्कूलों को दिए गए बजट से वाटिकाएं तैयार की गई हैं या नहीं, इसके लिए स्कूली शिक्षा निदेशालय जिलों से जानकारी भी लेगा, फिर स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण कर इनका सत्यापन किया जाएगा।

# रामलीला : जामवंत के प्रहार से मूर्छित हुआ रावण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में चल रही पारंपरिक रामलीला के साथ-साथ फिल्म जगत से जुड़े लोगों के द्वारा की जा रही रामलीला इस बार सोशल मीडिया के माध्यम से 45 करोड़ लोगों के देखे जाने का अनुमान लगाया जा रहा है।

रामलीला में शुक्रवार को राम-रावण युद्ध की लीला हुई। युद्ध के मैदान में जामवंत के प्रहार से जब रावण मूर्छित हो गया तो सारथी उसे लेकर लंका लौट आता है। अशोक वाटिका में बैठी हुई माता सीता त्रिजटा से युद्ध का समाचार पूछती हैं। त्रिजटा बताती है कि रावण बेहोश पड़ा है। राक्षस उसे घेरे हुए हैं। सीता पूछती हैं कि माता आप बताइए रावण कैसे मरेगा। त्रिजटा ने कहा कि जब रावण की नाभि में तीर लगेगा तभी वह मरेगा। दर्शक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और लक्ष्मण के साथ ही हनुमान,जामवंत आदि बंदर भालू के पराक्रम की प्रशंसा में करतल ध्वनि से जय श्री राम के नारे लगाने लगते हैं। शनिवार को रामलीला का अंतिम दिन है,जिसमें रावण वध का मंचन किया जाएगा।



रामलीला में राम से संवाद करते विभीषण की भूमिका में रजा मुराद। अमृत विचार

### 12 वर्ष में निभा चुका हूं विभिन्न किरदार : रजा मुराद

रामलीला में विभीषण का पात्र निभा रहे बॉलीवुड स्टार राजा मुराद ने कहा कि पिछले 12 वर्ष से यह कार्य कर रहा हूं। कभी राजा दशरथ बन जाता हूं तो कभी राजा जनक कभी विभीषण की भूमिका अदा करता हूं तो कभी अहिरावण बन जाता हूं। कुंभकर्ण की भूमिका भी अदा कर चुका हूं। इसी प्रकार से अलग–अलग चरित्र को मैं निभा चुका हूं। इस बार सबसे शरीफ आदमी बना हूं।

### 40 फीट के स्क्रीन पर होगा डिजिटल रावण दहन

फिल्मी सितारों की रामलीला में 40 फिट के स्क्रीन पर डिजिटल रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि आयोजन में 10 दिन कैसे बीत गए समय का पता भी नहीं चला। दशहरा के मौके पर अंतिम दिन डिजिटल रावण दहन की तैयारी है। समिति का मानना है कि इस आयोजन से किसी भी प्रकार से प्रदूषण नहीं होता।

# 300 करोड़ रुपये से जगमगायेगा अयोध्या बाईपास और एयरपोर्ट मार्ग

**यूपीनेडा द्वारा प्रक्रिया को पूरा करने पर किया जा रहा है फोकस**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** दीपोत्सव के लिए सज-संवर रही अयोध्या नगरी का श्रृंगार सोलर स्मार्ट लाइट के जरिये भी हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद से अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। यहां सौर ऊर्जा से संबंधित कई कार्यक्रम पहले से संचालित हैं और अब इसी क्रम में, लगभग 300 करोड़ की लागत से अयोध्या के प्रमुख स्थलों पर स्मार्ट सोलर लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके पूरा होते ही अयोध्या बाईपास और एयरपोर्ट मार्ग जगमगा उठेंगे। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण ( यूपीनेडा) द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने पर सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है।



अयोध्या बाईपास पर लगी स्मार्ट सोलर लाइट। अमृत विचार

भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद से अयोध्या में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि अयोध्या को इस कदर सजाया और संवारा जाए , जिससे यहां आने वाला श्रद्धालु बार-बार आने की इच्छा जाहिर करे। यही नहीं, उन्होंने अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के लिए सोलर रूफटॉप प्रोग्राम समेत विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को गति दी जा रही है। यहां के तमाम पार्क और सड़कों के किनारे सोलर लाइटों से जगमग हैं, लेकिन अब यूपीनेडा विभाग ने अयोध्या को स्मार्ट बनाने की दिशा में स्मार्ट सोलर लाइट लगवाने का काम किया है। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से लग रही लाइट अयोध्या की सुंदरता में चार-चांद लगा देंगी।

### एयरपोर्ट के आस-पास लग रहीं 60 स्मार्ट सोलर लाइट

अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के बाद से देश के कोने–कोने से पर्यटक व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गंजा स्थित एयरपोर्ट के निकट 60 स्मार्ट सोलर लाइट लगाई जा रही हैं। यूपीनेडा की तरफ से 58 सोलर स्मार्ट लाइट अयोध्या बाई पास के दोनों तरफ लगाई जा रही है। इसके अलावा मंडलायुक्त आवास के पास 16, धर्मपथ के निकट एक पार्क में 10 व मुक्ति धाम पर भी 6 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है।

> प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। दीपावली तक चिह्नित स्थलों पर स्मार्ट लाइट लग जायेगी। – **प्रवीन कुमार पांडेय, परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा**

# प्रशिक्षण : नवमी पर शुरू हुआ कोड योगी प्रोग्राम

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **इंटर के छात्रों को नि:शुल्क सिखाई जायेगी कोडिंग, पहले चरण में सौ छात्रों को प्रशिक्षण**

**अमृत विचार :** नवरात्र की नवमी पर शुक्रवार को इंटर के छात्र - छात्राओं के लिए कोड योगी प्रोग्राम की अनौपचारिक शुरुआत की गई है। कोड योगी प्रोग्राम के तहत माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभी कालेजों के छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए नई दिल्ली की एक आईआईटी कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। पहले चरण में करीब सौ छात्रों को नि:शुल्क प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रोग्राम के जरिए छात्र कम्पयूटर कोडिंग में दक्ष बनाए जायेगें। इसके प्रारम्भिक चरण में आईआईटी कंपनी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

कोड योगी प्रोग्राम के तहत शुक्रवार अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे से एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इसमें आईआईटी दिल्ली के भूतपूर्व छात्र राकेश सहगल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी समेत लगभग 65 इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न इंटर कॉलेज में अध्यनरत छात्रों को नि:शुल्क रूप से कोडिंग सिखाई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि कोड योगी कार्यक्रम जनपद में औपचारिक रूप से आरंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी 461 कालेजों के छात्र - छात्राओं को इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि कोड योगी प्रोग्राम छात्रों को कम्प्यूटर कोडिंग में दक्ष बनाने के लिए शासन के निर्देश पर लागू किया जा रहा है। बताया जाता कि शीघ्र ही सभी कालेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

नवरात्रि के पावन महोत्सव की एम.के. बंधानी हींग परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


शारदीय नवरात्र पर गणेश नगर मकबरा पर सजा मां का दरबार। अमृत विचार


महाजनी टोला माता रानी की आरती करतीं महिलाएं। अमृत विचार


सिविल लाइन लाजपत नगर में सजा मां शेरावाली का दरबार।

### आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 21.5° न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम

- पूराबाजार के सरायराशी गांव में दशहरे पर दंगल अपराह्न 12 :00 बजे से।
- रुदौली की ऐतिहासिक रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंचन सायं 07 :00 बजे से।
- इमामबाड़ा जवाहर अली खां में कर्बला के महत्व को लेकर कार्यक्रम सायं 07 :00 बजे से।

### डेंगू के चार मरीज मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को डेंगू के चार मरीज मिले हैं। हेल्थ



बुलेटिन के मुताबिक बीकापुर में दो व नगर क्षेत्र और सोहावल में एक-एक मरीज मिले हैं। अब तक 205 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 178 ठीक हो चुके हैं, जबकि 27 का इलाज चल रहा है।

# दुर्गा पूजा देखने को उमड़े श्रद्धालु, विसर्जन आज

## देर रात तक पूजा पंडालों के बाहर लगी रही भीड़, पुलिस के छूटे पसीने ▸ आज प्रतिबंधित रहेंगे सार्वजनिक वाहन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नवरात्र के आखिरी दिन शुक्रवार की शाम को दुर्गा पूजा महोत्सव देखने के लिए जुड़वा शहरों में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। चौक से नाका तक सड़क दर्शनार्थियों से खचाखच भरी हुई थी। देर रात तक शहर की सड़कों पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी। दूधिया रोशनी के बीच माता की प्रतिमा के पंडालों के बाहर सेल्फी लेने की होड़ सी दिखी। भीड़ को देखते हुए शहर में आने-जाने वाले मार्गों पर दोपहिया वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। रामपथ पर गुदड़ी बाजार, रीडगंज चौराहा, नाका चौराहा व अन्य चौराहों पर भीड़ को कंट्रोल करने में पुलिस के पसीने छूट गए। शनिवार को प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

शुक्रवार की रात दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन के क्रम में रात 12 बजे से राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) के मैदान में प्रतिमाएं एकत्र होना प्रारंभ हो गईं। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि शनिवार की सुबह जीआईसी से विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। सुबह 11 बजे जीआईसी से मां भगवती की भव्य शोभायात्रा महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ अमित सिंह चौहान, अभय सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व शहर के प्रमुख समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों के अगुवाई में निकलेगी, जो फतेहगंज चौराहा, चौक, रिकाबगंज, सहादतगंज, हनुमानगढ़ी होते हुए निर्मलीकुंड जाएगी। शोभायात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार के सार्वजनिक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। विसर्जन व्यवस्था के लिए केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति की तैयारी भी अंतिम चरण में पहुंच गई है। केंद्रीय समिति के कार्यालय शुभम हाट पर संपन्न हुई बैठक में केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी की ड्यूटी 11 अक्टूबर की रात्रि में जीआईसी की नंबरिंग व्यवस्था और उसके बाद 12 अक्टूबर को शोभा यात्रा, घाट पर विसर्जन व्यवस्था तथा विसर्जन घाट पर भंडारे में सुनिश्चित कर दी गई है।


शारदीय नवरात्र पर गणेश नगर मकबरा और नाका रोड पर उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन

दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया था। भीड़ इतनी थी बड़ी-बड़ी कड़ाही में निकल रहीं पूड़ियां एक बार में ही खत्म हो जा रही थी। छोला और कढ़ी चावल के अलावा बूंदी और खीर भी भंडारे के भोज में शामिल रही।

### चौक घंटाघर में होगी प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने जीआईसी, दुर्गा पूजा प्रतिमा पर पुष्प वर्षा किये जाने वाले स्थान चौक घंटाघर और निर्मली कुंड का निरीक्षण किया। पुष्प वर्षा किये जाने वाले स्थल चौक घंटाघर में समस्त व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने व मंच आदि की व्यवस्था के लिए संबंधित को निर्देशित किया। निर्मली कुंड के निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत प्रशासनिक कैम्प लगाने, साफ-सफाई सुनिश्चित कराने को निर्देशित किया। नगर आयुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं को भी विसर्जन यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो इस हेतु भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

### पैदल वालों ने खूब घूमा

दुर्गा पूजा महोत्सव देखने के लिए जिले के कोने-कोने से लोग पहुंचे। शहर के प्रवेश मार्गों पर ही बाइक व अन्य वाहन रोक दिए गए। पैदल मेला घूमने पहुंचे लोगों ने महोत्सव का जमकर लुत्फ उठाया।

## बॉक्स एन ब्रेकेट तरीके से होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**अयोध्या, अमृत विचार।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने खाका तैयार कर लिया है। शासन और आला अधिकारियों के निर्देश पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बॉक्स एन ब्रेकेट तरीके से कराया जाएगा। जिसको लेकर ड्यूटी आवंटित कर दी गई है। पर्व-त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए शासन और आला अधिकारियों की बैठक में तैयारियों का जायजा लेने के बाद आवश्यक हिदायत जारी की गई थी। मुख्यालय से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए बॉक्स एन ब्रेकेट योजना का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिया गया है, जिसको लेकर अधिकारियों व मातहतों को आवश्यक हिदायत दी गई है। योजना के तहत शोभायात्रा के प्रारंभ स्थल से लेकर विसर्जन स्थल तक प्रमुख चौक-चौराहों और मिश्रित आबादी के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस के साथ पीएसी की पिकेट लगा ब्रेकेट निर्माण का खाका तैयार किया गया है। जबकि शोभायात्रा में शामिल विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों को बॉक्स में आगे बढ़ाने तथा विसर्जन स्थल निर्मलीकुण्ड तक पहुंचाने को कहा गया है। जिसके तहत प्रत्येक समिति की प्रतिमा के आगे-पीछे और दाएं-बाएं उपनिरीक्षक के नेतृत्व में जवान मुस्तैद रहेंगे। निगरानी के लिए सादी वर्दी में महिला और पुरुष जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए कार्ययोजना बना ली गई है। अधिकारियों की ओर से जारी दिशा निर्देश का अनुपालन कराते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया जाएगा। साथ ही समितियों के पदाधिकारियों से समन्वय बनाया गया है।

### क्या है बॉक्स एंड ब्रेकेट

बॉक्स योजना के तहत शोभायात्रा के मार्ग पर दो प्रमुख स्थलों अथवा चौक-चौराहों पर पुलिस के साथ पैरामिलिट्री की तैनाती की जाती है, जिससे आपात स्थिति के बीच के क्षेत्र को आइसोलेटेड किया जा सके। वहीं ब्रेकेट योजना में प्रत्येक शोभायात्रा को सुरक्षाबलों के घेरे में आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे कोई दूसरे को ओवरटेक न कर सके तथा प्रतिमा और जुलूस के साथ चल रहे लोग पुलिस के घेरे में रहे।

# रेछघाट पर आज 156 दुर्गा प्रतिमाओं का होगा विसर्जन

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** केंद्रीय दुर्गा पूजा श्री राम लीला समन्वय समिति के महामंत्री दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया की मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन परंपरागत घाट और दशहरा परंपरागत स्थानों पर किया जाएगा। तहसील के रेछघाट, मां कामख्याधाम घाट, कैथी घाट, अमौनी घाट पर परंपरागत 156 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

पटरंगा और मवई क्षेत्र की प्रतिमा का विसर्जन कल्याणी नदी के रामसनेही घाट बाराबंकी जनपद में किया जाएगा। हाईवे पर विसर्जन के मार्गों को वनवे किए जाने के लिए की वार्ता हो चुकी है। एसडीएम प्रवीण यादव ने बताया सभी घाटों और रावण मैदान पर राजस्व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। रेछ घाट पर अमेठी से आने वाली प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### भदरसा में ड्रोन कैमरे से हो रही है विसर्जन की निगरानी

मसौधा, अयोध्या। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर संवेदनशील कस्बा भदरसा में पुलिस चौकसी कड़ी कर दी गई है। पीएसी बल के साथ स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार शाम नगर में फ्लैग मार्च किया। नगर क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से कड़ी निगरानी की जा रही है। बीते सालों में दशहरा पर्व के समापन के दिन दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस के दौरान सांप्रदायिक दंगा भड़क गया था। थाना प्रभारी पूरा कलंदर देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीएसी जवानों के साथ स्थानीय पुलिस नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नगर बनाए हुए हैं। शनिवार को भरतकुंड पर होने वाले दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी है।


रामलला का भव्य श्रृंगार

नवमी पर राम मंदिर में रामलला का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों का जमावड़ा लगा रहा। बालक रूप में राम की मूरत देख हर कोई राममय हो गया।

# शिखर की गुणवत्ता की जांच करेंगे आईआईटी के इंजीनियर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** श्रीराम जन्मभूमि निर्माण की गुणवत्ता की जांच के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आईआईटी रुड़की के एक्सपर्ट इंजीनियरों की मदद ले रहा है। मंदिर निर्माण में शिखर के पहले लेयर की जांच कर आईआईटी रुड़की के एक्सपर्ट इंजीनियरों की मजबूती व गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट के बाद ही अगली लेयर लगाए जाने का काम होगा।

ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर के शिखर निर्माण में पहली लेयर का कार्य पूरा हो चुका है। ट्रस्ट के अनुसार लगाए गए पहले लेयर की अपने सही दिशा व गुणवत्ता की रिपोर्ट सही पाए जाने के बाद आगे की लेयर को लगाए जाने का कार्य होगा। शिखर निर्माण पूरा करने के लिए चार माह का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी कुछ तस्वीर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा जारी की गई है। शारदीय नवरात्र के अभिजीत मुहूर्त में राम मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद शुरू कर दिया गया था। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचाई तक का शिखर निर्माण के लिए आर्किटेक्ट सोनपुरा के इंजीनियर, एलएन्डटी, टीसीई, आईआईटी रुड़की के एक्सपर्ट समेत अन्य निर्माण एजेंसियों के अधिकारी इस कार्य में लगे हुए हैं। इसके लिए गुजरात और राजस्थान के पत्थरों पर कार्य करने वाले लगभग तीन दर्जन से अधिक कारीगरों को लगाया गया है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण संतोषजनक है और मंदिर के परकोटा में बनाए जा रहे छह पंचायती मंदिरों के निर्माण का कार्य चल रहा है।


राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। अमृत विचार

▸▸ राम मंदिर के शिखर की पहली लेयर तैयार, रिपोर्ट के बाद आगे शुरू होगा काम

# पीड़ित की पिटाई, महिलाओं ने घेरा थाना

तारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार :** तारुन थाने में एक मामले में पीड़ित की ही पिटाई को लेकर महिलाओं ने थाना घेर लिया। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने मां के सामने ही पीड़ित युवक की पिटाई का आदेश दिया तो मां बेहोश हो गई। इसके बाद पिता ने एसएसपी को सूचित किया तो मारपीट में थाने लाए गए दोनों पक्षों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया।

बताया जाता है कि हुसैनपुर में घर पर पूजा कर रहे सूरज निषाद से पड़ोसी आकर गाली-गलौज करने के बाद पीटने लगे। परिवार वालों ने पुलिस 112 डायल कर मदद मांगी। पुलिस दोनों पक्षों को थाना तारून ले आई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि थानाध्यक्ष ने अपने सामने ही पीड़ित को कमरे में बंद करके सिपाही को पट्टे से पीटने का आदेश दे दिया। मां अपने पुत्र की पिटाई देखकर चिल्लाने लगी और रोते-रोते बेहोश हो गई। गांव से काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ थाने में एकत्रित हो गई। पीड़ित के पिता राम भवन ने बताया कि फोन द्वारा एसएसपी को घटनाक्रम की जानकारी दी तो उन्होंने मदद का भरोसा दिया। थानाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव ने पीड़ित को छोड़ते हुए दोनों पक्षों को बिना कोई कार्रवाई के घर भेज दिया। थानाध्यक्ष ने पीड़ित की पिटाई के आरोप से इनकार किया है।


तारुन थाने का घेराव करतीं महिलाएं। अमृत विचार

## प्रबंध कमेटी सदस्य पद के नामांकन पत्रों की हुई जांच

**अयोध्या।** सहकारी गन्ना विकास समितियों के प्रबंध कमेटी सदस्य पद के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गई। मसौधा समिति के तीन प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। फैजाबाद समिति में किसी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। जिले की तीन सहकारी गन्ना विकास समितियों मसौधा, गनौली और फैजाबाद में प्रबंध समिति पद के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। फैजाबाद समिति के सचिव अशोक ने बताया कि 11 पदों के लिए दाखिल 11 नामांकन पत्रों में सभी वैध पाए गए। मसौधा के सचिव तुलसीराम ने बताया कि 11 पदों के लिए 19 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। गनौली के सचिव अनिल ने बताया कि 11 पदों के लिए 21 लोगों ने नामांकन दाखिल किया।

# मानसून की विदाई, अगले हफ्ते से मौसम रहेगा सामान्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तीन महीने से ज्यादा समय तक सक्रिय रहने के बाद मानसून की विदाई हो गई। उतार-चढ़ाव अब भी है। दिन में गर्मी और रात सर्दी से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, लेकिन अगले सप्ताह से मौसम सामान्य होने की संभावना है। किसान अब अपने मड़ाई के साथ अगले फसल की तैयारी शुरू कर सकते हैं।

जिले में मानसून की आमद 22 जून को माना जाता है लेकिन इस बार मानसून देर से पहुंचा। मौसम की पहली मानसूनी बारिश 28 जून से शुरू हुई। यह तीन चार दिन चली। जुलाई और अगस्त में फसलों में नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन बारिश भी ढंग की नहीं हुई। कई बार किसानों को पंपिंग सेट चलाना पड़ा। लोगों को भीषण उमस और गर्मी झेलनी पड़ी।

सितंबर के अंतिम सप्ताह में एक बार फिर मानसून ढंग से सक्रिय हुआ तो चार पांच दिन में लगभग 200 एमएम बारिश हुई। इससे फसलों में पांच फीसदी नुकसान का आंकड़ा रहा। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्विवद्यालय के मौसम विज्ञानी अमरनाथ मिश्र ने बताया कि मानसून की विदाई हो गई है। अगले सप्ताह से मौसम सामान्य रहने के आसार हैं।

## सार-संक्षेप

### नवमी पर कुलपति ने छात्राओं के साथ किया डांडिया


अवध विवि के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में डांडिया में शामिल कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में डांडिया की धूम रही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के संग डांडिया नृत्य किया। शुरुआत देवी स्तुति एवं गणेश वंदना की। इसके उपरांत छात्रा अंजली सिंह ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति रही। वहीं बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा अस्मिता ने राम धुन पर शास्त्रीय राम भजन की मनोहारी प्रस्तुति दी। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि भारत लोक परंपराओं का देश है। इन दिनों नवरात्रि का पवित्र त्यौहार चल रहा है। गरबा एवं डांडिया नृत्य भी इसी उपासना परंपरा का एक अभिन्न अंग हैं। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र, अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो नीलम पाठक, वार्डन डॉ गीतिका श्रीवास्तव एवं डॉ स्वाति सिंह ने भी छात्राओं को शुभकामनाएँ दी। प्रबंधन छात्रा तन्या सिंह द्वारा किया गया। संचालन श्रद्धा सिंह और ऋतिका सिंह ने किया। इस अवसर पर महिला कर्मियों में रंजना चैधरी, इंद्रावती, गीता और छात्राओं श्रेया सिंह, अनुभवी सिंह पायल, खुशी, तनु शर्मा, सृष्टि सिंह, हेमलता मिश्रा, सत्यम पटेल, कुमुद, आशु शुक्ला ने डांडिया में सहभागिता दी।

### सोहावल क्रय केंद्र स्थानांतरित, बहाली को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** दशक भर से सोहावल के नाम से चल रहे मार्केटिंग विभाग के क्रय केंद्र को स्थानांतरित कर दिया गया। किसानों को इसकी जानकारी हुई तो उन लोगों ने उपजिलाधिकारी सोहावल को मांग पत्र देकर खरीद केंद्र को बहाल करने की मांग की है। कहा कि यदि बहाल न किया गया तो किसान आगे बढ़ेंगे। सोहावल के कटरौली में विभाग का गोदाम था। पिछले कई साल से यहीं पर धान और गेंहू की खरीद के लिए क्रय केंद्र बनाया जाता था। बड़ी संख्या में किसान यहां अपना धान-गेंहू बेंचते थे, लेकिन अचानक प्रशासन ने सोहावल के नाम से स्थापित क्रय केद्र को स्थानंतरित करके नवीन मंडी कर दिया। क्षेत्रके किसान ओम प्रकाश सिंह, घनश्याम सहित दर्जन भर किसानों ने एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी को पहले से चल रहे क्रय केंद्र को बहाल किए जाने के लिए मांग पत्र सौंपा है।

### 101 कन्याओं के पूजन के बाद भंडारा आयोजित

**रुदौली अयोध्या।** नवमी पर्व पर मां कामाख्या धाम, देवकाली मंदिर रुदौली, परी माता मंदिर, मां काली मंदिर लाल कुआं पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कामाख्या धाम के पुजारी बृज किशोर मिश्रा ने बताया की नवमी तिथि पर हवन के उपरांत जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया, वहीं दूसरी ओर मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या पूजन के उपरांत भंडारा संपन्न हुआ। मंदिर में पूजन और कन्या भोज में विधायक रामचंद्र यादव, मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल शामिल हुए। मां काली मंदिर लाल कुआं के ट्रस्टी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया की मंदिर में 101 कन्याओं के भोजन पूजा के बाद भंडारा संपन्न हुआ।

**तैयारी** | खरीदा जा रहा अत्याधुनिक बॉडी वार्न कैमरा, सीरियल कचहरी धमाकों के बाद लागू हुई थी विशेष सुरक्षा

# बॉडी वार्न कैमरे से लैस होंगे अदालत सुरक्षा में तैनात जवान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद न्यायालय की सुरक्षा में तैनात जवानों को बॉडी वार्न कैमरे से लैस किया जाएगा। इसको लेकर पुलिस सुरक्षा मुख्यालय के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृति दे दी है। साथ ही बॉडी वार्न कैमरे की खरीद के लिए बजट भी अवमुक्त किया गया है। 50-50 हजार रूपये कीमत से अत्याधुनिक बॉडी वार्न कैमरा खरीदा जाएगा। योजना को स्वीकृति और बजट आवंटन के बाद पुलिस महकमें ने योजना पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

वर्ष 2007 में 23 नवंबर को जनपद समेत वाराणसी और लखनऊ कचहरी में हुए सीरियल धमाकों में अधिवक्तओं समेत अन्य की मौत हुई थी तथा कई लोग घायल हुए थे। एक ही दिन प्रदेश के तीन कचहरियों में हुई इस घटना के बाद पुलिस-प्रशासन के अलावा उच्च न्यायालय ने भी अदालतों की सुरक्षा का संज्ञान लिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर धर्मिक स्थलों काशी, मथुरा और अयोध्या की तरह जनपद न्यायालयों की सुरक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई थी। जिसके तहत राजपत्रित अधिकारी को अदालत सुरक्षा का नोडल बनाया गया है और अदालत सुरक्षा के लिए अलग से अग्निशमन, बीडीडीएस, इस चेक टीम, सीसीटीवी निगरानी एवं कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जनपद न्यायालय आने और जाने वालों की सभी द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर के साथ हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर और मैनुअल जाँच व तलाशी कराई जा रही है। न्यायिक अधिकारियों के लिए अलग मार्ग तय किया गया है और पूरी गतिविधि की सीसीटीवी से निगरानी कराई जा रही है। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए अब सुरक्षा और वयवस्था में लगे जवानों को बॉडी वार्न कैमरे से लैस किया जाएगा, जिससे गतिविधियों का डिजिटल रिकार्ड भी हासिल हो सके।

अदालत सुरक्षा के नोडल अधिकारी सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि समय-समय पर सुरक्षा की समीक्षा की जाती है तथा सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए निर्णय लिया जाता है। सुरक्षा को लेकर संवेदनशील की श्रेणी में शामिल अदालत की सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए बॉडी वार्न कैमरे की खरीद को अनुमति मिली है। जल्द ही जवानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।



### पूर्व में बदले गए हैं सीसीटीवी

अदालत परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए जाने के लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की ओर से कुछ दिन पूर्व सीसीटीवी कैमरों तथा इससे जुड़े उपकरणों के वार्षिक रखरखाव के लिए फर्म का चयन किय्या गया है। वहीं काफी पुराने हो चुके सीसीटीवी कैमरों की जगह आधुनिक कैमरे स्थापित कराए गए हैं। साथ ही आपात विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था का भी नवीनीकरण किया गया है।

## तुलसीदास की छावनी का होगा सौंदर्यीकरण

**अयोध्या।** संत तुलसीदास की छावनी का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार की तैयारी है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने छावनी की निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के एपीएम राजेश सिंह ने बताया कि छावनी में भंडार गृह और जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण आदि के कार्य कराए जाएंगे। छावनी के सर्वराहकार जनार्दन दास ने बताया कि वैष्णवों के 36 द्वार हैं, जिसमें से एक यह भी हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी शर्मा ने एपीएम को निर्देश दिया कि नियमों के तहत वाशरूम, टॉयलेट और ड्रिंकिंग वाटर की व्यवस्था भी कराई जाए।

## सार-संक्षेप

### हसनामऊ मंदिर में नवमी पर उमड़े श्रद्धालु


शाहगंज के हसनामऊ में नवमी पूजन करते श्रद्धालु।

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंदिर हसनामऊ श्रद्धा से सराबोर रहा। सुबह से ही देवी मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे के आयोजन किए गए। कोटरा काली मंदिर में नवमी का पर्व मनाया गया। पंडित अशोक मिश्रा ने यज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डलवाईं। पुजारी रामप्रताप विश्वकर्मा ने पूजन कराया।

### हलकारा का पुरवा में डांडिया ने किया मंत्रमुग्ध


डांडिया करतीं महिलाएं।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मां दुर्गाकाली शक्तिपीठ, हलकारा का पुरवा में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाया गया। यहां मां का भव्य श्रृंगार, आरती, पूजन, भजन कीर्तन के साथ किया गया। गरबा और डांडिया ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों ने बताया कि यह एक बहुत ही सिद्धपीठ है। मां का दर्शन करने देश के कोने-कोने से लोग आते रहते हैं।

### महिला ने लगाया फसल चुराने का आरोप

**फतेहपुर, बाराबंकी। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असोहना में खेत में पड़ी धान की फसल कुछ लोग उठा ले गये। पीड़ित महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर फसल चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। असोहना निवासी माया देवी का आरोप है कि खेत में लगी फसल काटने के बाद उसे सुखाने के लिए वहीं फैला दिया गया था। बीते बुधवार को गांव के ही मथुरा प्रसाद, राजकुमार आदि फसल उठा ले गये।

### दबंगों ने उखाड़ दिए मेड़बंदी के पिलर

**फतेहपुर, बाराबंकी। अमृत विचार :** ग्राम बन्नी रोशनपुर में मेड़बंदी कर लगवाए गए पिलर दबंगों ने उखाड़ डाले। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांसी सरांय निवासी मनोज कुमार की भूमि बन्नी रोशनपुर गांव में है। उक्त भूमि की मेड़बंदी पैमाइश के लिए एसडीएम न्यायालय पर वाद दायर किया गया। आदेश के क्रम में आठ अक्टूबर को राजस्व व पुलिस टीम ने मेड़बंदी कराकर पिलर लगवा दिये थे। आरोप है कि अनिल कुमार व सुमन देवी ने पिलर उखाड़ डाले और नष्ट कर दिये। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि पैमाइश के बाद पिलर तोड़ने की सूचना मिली थी। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### थाने के पीछे से सिपाही की बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चोर जीआरपी थाने के पीछे खड़ी एक सिपाही की बाइक उड़ा ले गए। सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राजकीय रेलवे पुलिस में तैनात सिपाही कमलेश कुमार ने बताया वह नौ अक्टूबर को ड्यूटी पर गया था। वह अपनी बाइक जिसका असल मालिक कोई और है, जीआरपी थाने के पीछे हनुमान मंदिर के सामने दोपहर दो बजे खड़ी कर चला गया। उसी दिन रात में आठ बजे जब वह ड्यूटी से वापस लौटा तो बाइक अपनी जगह नहीं थी। काफी खोजबीन करने पर भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित सिपाही की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

### सात साल बाद भी प्लॉट दिया न ही14 लाख रुपये

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** तुम्हें जो रुपये वापस करने हैं, उसी में से कुछ पुलिस को देकर फर्जी मामले में फंसवा दिया जाएगा। यह जवाब अब तक धोखाधड़ी के छह मामलों में नामजद कथित प्रापर्टी डीलर के हैं। जिसने सात साल पहले एक खरीदार को जमीन दिखवाकर 14 लाख ले लिए पर न प्लॉट दिया और न बाकी रुपया। नया मामला कुछ यूं है कि जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा मुर्तजा निवासी मोहम्मद हामिद ने जरूरत पड़ने पर फर्म अब्बी सजल इण्टर प्राइजेज के संचालक विभोर श्रीवास्तव उर्फ सोनी निवासी ककरहिया नगर थाना कोतवाली से मुलाकात की तो विभोर व उसके पुत्र अब्बी सजल ने उनको 28 सौ वर्ग फिट का एक प्लाट दिखाया, जिसकी कुल कीमत सोलह लाख अस्सी हजार रुपये बताई। इसके बाद हामिद ने बतौर एडवांस दोनों चौदह लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से अब्बी सजल के खाते में भेज दिया। बाकी 2 लाख 80 हजार रुपये बैनामा के समय देना तय हुआ। फर्म ने जो प्लाट दिखाया, उसके बारे में पता चला कि वह बेचा जा चुका है। इस बारे में विभोर और अब्बी सजल से पूछा गया तो बताया कि आपको दूसरा प्लाट दे दिया जायेगा। काफी दिन बीत जाने पर प्लाट या अपना दिया गया रुपया वापस मांगा गया पर आज कल करते लगभग 7 वर्ष का समय बीता दिए। रुपया नहीं मिला उल्टे जान से मारने की धमकी मिल गई। शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रापर्टी डीलर की तलाश जारी है।

# शाही के समक्ष रखा 26.88 अरब की कार्ययोजनाओं का प्रस्ताव

## बोले- विधायकों के प्रस्ताव को शामिल कर तैयार करें पूर्ण कार्ययोजना ▶ प्रभारी मंत्री ने की विधानसभा वार योजनाओं के कार्यों की समीक्षा

अयोध्या कार्यालय


समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के प्रभारी व प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विधानसभा वार योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिले की 26.88 अरब की 803 परियोजनाओं का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावों का परीक्षण कर विधायकों के प्रस्ताव शामिल करते हुए एक पूर्ण कार्ययोजना तैयार की जाए।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में आयोजित बैठक में प्रस्तावों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि अयोध्या जिले की 268881.32 लाख रुपये की कुल 803 कार्य योजनाओं का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस पर कृषि मंत्री ने सभी कार्यों की वरीयता का परीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही विधायकों से अनुमोदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में शहरों में बाईपास/ रिंग रोड/फ्लाई ओवर के निर्माण, धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण विकास, औद्योगिक/लॉजिस्टिक पार्क के लिए मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/ निर्माण कार्य, अंतरराज्यीय/ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण मार्गों का नवनिर्माण (पं. दीनदयाल उपाध्याय/नाबार्ड योजना), पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत तहसील और ब्लाक मुख्यालय को दो लेन मार्ग से जोड़ने, राज्य योजना के तहत राजमार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण, चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं के लिए मार्गों के नव निर्माण/पुनः निर्माण, ब्लैक स्पाट/रोड शेफ्टी, प्रमुख जिला मार्ग / अन्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण/सुदृढीकरण कार्य (राज्य योजना/नाबार्ड), राज्य सड़क निधि, राज्य सड़क निधि (नव निर्माण, पुनर्निर्माण), मार्गो का अनुरक्षण (नवीनीकरण), मार्गों का अनुरक्षण (विशेष मरम्मत), लघु एवं दीर्घ सेतु और रेल उपरिगामी सेतु कार्य योजना के बिंदुओ पर समीक्षा की गई।

बैठक में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रुदौली राम चन्द्र यादव, विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल थे।

# फूड प्वाइजनिंग से 18 लोगों की बिगड़ी हालत

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ग्राम सलेमपुर में मुंडन संस्कार में शामिल करीब डेढ़ दर्जन लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। देर रात लोगों को पेट दर्द और दस्त शुरू होने से हड़कंप मच गया। कुछ को निजी चिकित्सक तो करीब आठ को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

सलेमपुर निवासी कृष्ण पाल सिंह की पुत्री अंशी सिंह का मुंडन संस्कार था। इसमें रिश्तेदारों के अलावा ग्रामीण भी पहुंचे थे। रात के कार्यक्रम में उड़द की दाल, चावल, रोटी, दही बड़ा और सूखी सब्जी आदि बनी थी। रात करीब एक बजे लोगों का जी घबराने लगा तथा उन्हें उलटी-दस्त होने लगे। लव सिंह 13, काव्य सिंह 7, वैशाली 26, अजय वीर सिंह 38, संदीप सिंह 25 और शिवराज सिंह 64 को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

गंभीर रूप से पीड़ित समरेंद्र 36, अमरराज सिंह 40, बबली 38, शिवानी सिंह 32, संदीप सिंह 27, मीना 45, प्रिंस 8 और प्रायांशी सिंह 15 को सीतापुर की सीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों प्राथमिक उपचार के बाद संदीप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाकी मरीजों का इलाज जारी है।

# रामलीला में रावण-अंगद संवाद ने छोड़ी छाप

भेलसर, अयोध्या


रुदौली की रामलीला में रावण के दरबार में पैर जमा खड़े हुए अंगद।

**अमृत विचार :** श्री रामलीला सीमित रुदौली द्वारा आयोजित नगर की ऐतिहासिक रामलीला में गुरुवार रात विभिन्न प्रसंगों के साथ रावण-अंगद संवाद का मंचन किया गया।

मंचन के प्रथम दृश्य में विभीषण अपने भाई रावण को समझाते हैं कि वह श्रीराम से संधि कर उनकी शरण में जाएं और सीता को लौटा दें। यह सुन रावण क्रोधित होकर उन्हें ठोकर मारकर दरबार से बाहर कर देता है। रावण अपने दो जासूस शुक और सारन को विभीषण के पीछे उसकी मंशा जानने के लिए भेजता है। इसके बाद विभीषण श्रीराम के पास जाकर शरण ले लेते हैं। तुषार गर्ग के विभीषण के अभिनय को बहुत ही सराहना मिली। शुक और

**▶▶ विभीषण ने श्रीराम से संधि की बात कही तो रावण ने दरबार से दिया निकाल**

सारन के अभिनय में शैलेंद्र शर्मा और रमेश गुप्ता ने लोगों को हँसा हँसा कर लोटपोट कर दिया। श्रीराम का अभिनय अभिषेक मिश्रा और लक्ष्मण के अभिनय में सारांश शर्मा ने छाप छोड़ी। श्रीराम और वानर सेना लंका में पहुंच जाती हैं। युद्ध प्रारंभ करने से पूर्व अंगद को दूत के तौर पर रावण के दरबार में भेजा जाता है। अंगद रावण से कहता है कि ऐसा कृत्य न करें, पर रावण नहीं मानता। तभी अंगद रावण से कहता है कि मैं तेरे दरबार में अपना पैर जमाता हूं, जिसे कोई हिलाकर दिखाए लेकिन रावण का कोई भी योद्धा अंगद का पैर नहीं हिला पाता, तभी रावण उसका पैर उठाने के लिए खड़ा होता है तो अंगद कहता है कि यदि पैर पकड़ना है तो प्रभु राम के पकड़, मेरे पैर पकड़ने से तेरा उद्धार नहीं होगा। रावण बने अनुराग अग्रवाल और अंगद का अभिनय कर रहे श्याम गुप्ता के अभिनय का दर्शकों ने जमकर आनन्द लिया।

**विधायक ने देखा अंगद-रावण संवाद**

श्री रामलीला समिति रुदौली ख्वाजा हाल में हो रही रामलीला के आठवें दिन विधायक रुदौली रामचंद्र यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अंगद रावण संवाद का मंचन देखा। समिति की ओर से उन्हें उत्तरी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। रुदौली नगर पालिका के अध्यक्ष जब्बार अली का भी सम्मान किया गया।

# कबीर का साम्प्रदायिक सौहार्द आज की आवश्यकता : विचार साहेब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में जियनपुर महोबरा बाजार स्थित कबीर मठ के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब व उदार साहेब की पुण्य स्मृति पर आयोजित तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि संत कबीर समाधि स्थली मगहर पीठाधीश्वर आचार्य प्रवर विचार साहेब ने कहा कि कबीर के इस सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर ही हमें भी चलना चाहिए। वह आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द मानवता का गुण है। यह भाव आपसी बैर, शत्रुता, दुर्व्यवहार, दुर्भाव आदि को दूर और मानव में होने वाले श्रेष्ठ गुणों का विकास करता है। विशिष्ट अतिथि साकेत महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष सुनील तिवारी शास्त्री ने कहा कि सरलता, साधु स्वभाव व संत प्रवृत्ति के कारण आज विदेशों में भी कबीर का समादर हो रहा है। किछौछा दरगाह अंबेडकरनगर के किछौछवी हजरत सैय्यद इरफान मियां ने कहा कि कबीर साहेब सिर्फ मानव धर्म में विश्वास रखते थे। मुख्य वक्ता साकेत महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामचंदर वर्मा ने कहा कबीर साहेब ने पूरी दुनिया के मानव को एक करने के लिए संघर्ष किया। श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर कबीर मठ के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास ने कहा कि कबीर मठ में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला शुरू हो चुका है। समापन 13 अक्टूबर को होगा। गोष्ठी में कबीर आश्रम मूड़घाट बस्ती के महंत रामलखन दास उर्फ लाल साहेब, बाबा कमल दास, सिंचाई विभाग के सचिव डॉ. हीरालाल चौधरी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर के कार्यवाहक मंत्री संत विवेक ब्रह्मचारी ने किया।


**▶▶ जियनपुर महोबरा में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला शुरू**

# बुखार से पीड़ित युवक की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** तेज बुखार से पीड़ित युवक की लखनऊ के लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना से व्यथित परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और गोमती नदी के औसानेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा के लिल्हौरा वार्ड निवासी पवन कुमार रावत 35 पुत्र मोहन को एक सप्ताह पहले बुखार आना शुरू हुआ था। इसके बाद परिजनों उसे उपचार के लिए बीएचईएल ले गये। यहां सुधार न होने पर परिजनों ने आठ दिन पूर्व लोहिया अस्पताल लखनऊ में युवक को भर्ती कराया था। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

# पत्नी से विवाद होने पर युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच मोबाइल पर कहासुनी हो गई, इसके बाद पति ने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना घुंघटेर थाना क्षेत्र के अमावां गांव की है। इस गांव के रहने वाले संदीप कुमार कनौजिया पुत्र जसकरन 38 वर्ष का शव शुक्रवार सुबह उसके कमरे में लटकता मिला। जानकारी मिलते ही तमाम ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में घुंघटेर थानाध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि मृतक शराब के नशे का आदी था। एक सप्ताह पहले पत्नी मायके चली गई थी। गुरुवार रात फोन पर दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी भी हुई थी।



# झील में नाव पलटने से महिला की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी


महिलाओं को समझाते तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार को नाव का संतुलन बिगड़ने से महिला की भगहर झील में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद सीएचसी पहुंची महिलाओं ने झील पर पुल बनने के बाद शव का पीएम कराने की बात कहते हुए हंगामा कर दिया। प्रशासनिक अफसरों के आश्वासन के बाद महिलाएं मानीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। महिला पति को खाना देकर खुद नाव चलाते हुए घर जा रही थी।

चैनपुरवा गांव की लक्ष्मी निषाद पति धर्मेंद्र के लिए खाना लेकर खुद नाव चलाते हुए झील पार करने लगी। पानी के बीच धार पहुंचने पर नाव पलट गई। जलकुंभी व गहरे पानी में फंस जाने से लक्ष्मी डूबने लगी। घटना देख चैनपुरवा व भगहर पार्क के मजदूर भी दौड़े। पानी में डूबी लक्ष्मी को बाहर निकाला गया और उसे सीएचसी सूरतगंज ले जाया गया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि यदि झील पर पुल होता तो दो साल पहले पुत्तीलाल, तीन साल पहले चिंताराम और नौ साल पूर्व गणेश कुमार उर्फ कल्लू का परिवार घटना का शिकार न होता। मौके पर पहुंचे रामनगर इंस्पेक्टर रत्नेश पाण्डेय, व मोहम्मदपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। बाद में तहसीलदार व अन्य अफसरों के लिखित आश्वासन पर महिलाएं मानीं।

# देश के नामचीन ऑर्थो सर्जन का होगा जमावड़ा

अयोध्या कार्यालय



पत्रकारों को संबोधित करते अयोध्या ऑर्थोपैडिक क्लब के संयुक्त सचिव डॉ. आशीष।

**अमृत विचार:** देश के नामचीन ऑर्थो सर्जन का रविवार को रामनगरी में जमावड़ा लगेगा। वे यहां 10वें यूपीओए ट्रॉमा कोर्स में शामिल होकर ऑर्थोपैडिक चिकित्सकों को जटिल से जटिल फ्रैक्चर को ठीक करने का तरीका बताएंगे।


यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन और अयोध्या ऑर्थोपैडिक क्लब की ओर से 13 अक्टूबर को 10वें यूपीओए ट्रॉमा कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या ऑर्थोपैडिक क्लब के संयुक्त सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम आघात और आकस्मिक दुर्घटनाओं की देखभाल में शामिल चिकित्सकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। इस कोर्स के माध्यम से हम जागरुकता बढ़ाना चाहते हैं। पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विशेषज्ञ चिकित्सकों प्रो. रमेश सेन चंडीगढ़, डॉ. राम चड्ढा मुंबई, डॉ. डीडी तन्ना मुंबई और डॉ. विवेक त्रिखा दिल्ली के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से भी विशेषज्ञ भाग लेंगे। पाठ्यक्रम में आघात देखभाल में नवीनतम प्रगति, बुनियादी आघात प्रबंधन तकनीकें, और केस-आधारित चर्चाएं शामिल होंगी। डॉ. एसएम द्विवेदी ने बताया कि कार्यकम वरिष्ठ चिकित्सक क्लब के चेयरमैन डॉ. अतुल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होगा, जिसमें डॉ. अब्दुस सलाम व प्रदेश से लगभग 150 ऑर्थो सर्जन शामिल होंगे।

**▶▶ 10वां यूपीओए ट्रॉमा कोर्स कल, चिकित्सक सीखेंगे जटिल फ्रैक्चर ठीक करने का तरीका**

**धरोहर** — शनि मंदिर पर विजयदशमी के दिन होती है विशेष पूजा, पांडवों ने छिपाए थे अस्त्र-शस्त्र

# महाभारतकालीन है फतेहपुर का शमी वृक्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


पांच हजार वर्ष पुराना शमी का पेड़।

**अमृत विचार:** महाभारत काल के समय की कई पौराणिक चीजें जिले में मौजूद हैं। फतेहपुर कस्बे में स्थित शमी के वृक्ष का अपना एक अलग आध्यात्मिक इतिहास है। कहा जाता है यह वृक्ष पौराणिक महाभारत कालीन का है। पांडवों ने इसे लगाया था जो आज भी महाभारत की याद दिलाता है।

जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर तहसील फतेहपुर में श्री शक्ति धाम महादेव मंदिर में लगा यह पेड़ पांच हजार वर्ष पुराना माना जाता है। कहा जाता है पांडवों ने अज्ञातवास में अपने अस्त्र-शस्त्र इसी वृक्ष में छिपाए थे। वृक्ष की पूजा हर शनिवार को होती है। विजयदशमी के दिन जिला ही नहीं अन्य जिलों से लोग यहां आकर हवन के साथ अस्त्र-शस्त्र की पूजा करते हैं। पूरे साल विजयदशमी के दिन इस पौराणिक पेड़ के साथ पास में स्थित शनि की पूजा विशेष रूप से होती है। बड़ी संख्या में यहां भक्तों का जमावड़ा भी होता है। यहां का पूजन कार्यक्रम पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री की देखरेख में कई पंडितों द्वारा कराया जाता है।

**पांडवों से जुड़ी हैं मान्यताएं**

मान्यता है कि पांच हजार वर्ष पूर्व जब पांडवों अज्ञातवास के दौरान नैमिष से होते हुए भगौली तीर्थ जा रहे थे। उसी दौरान महादेव तालाब के पास इसी पेड़ पर पांडवों ने अपने अस्त्र-शस्त्र छुपाए थे। इस पेड़ की देखरेख मंदिर प्रशासन करता है। शमी पेड़ के साथ यहां पर शनिदेव और भगवान भोलेनाथ का भी मंदिर है। लोग स्नान करके शमी पेड़ के साथ शनिदेव और भगवान भोलेनाथ की भी पूजा अर्चना करते हैं।

**क्या कहते हैं ज्योतिषाचार्य**

ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि भगवान शनि को न्याय का देवता कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जिनकी कुंडली में साढ़े साती, ढैय्या या शनि दोष का प्रभाव होता है, उन्हें शनिवार के दिन भगवान शनि की विधि पूर्वक पूजा करनी चाहिए। साथ ही इसके कष्ट को दूर करने के लिए शनि देव की स्तुति का पाठ करना चाहिए। रही बात इस शमी के पौराणिक वृक्ष की तो यह वृक्ष अपनी एक अहमियत रखता है। जो महाभारत कालीन से जुड़ा हुआ है।

# छह लाख के कपड़े मंगाए रुपये मांगने पर दी धमकी

बाराबंकी, संवाददाता

**अमृत विचार:** ट्रेडिंग कंपनी का मालिक बताकर महिला ने एक व्यापारी से छह लाख के कपड़े मंगवा लिए। बात जब भुगतान की आई तो हाथ खड़े कर लिए। अब व्यापारी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पल्हरी के नवरंग सिंह श्रवण कुमार व मनोज सिंह के साथ कपड़े का व्यापार करते हैं। उनकी कंपनी मां शारदा ट्रेडिंग जैदपुर रोड पर है। उनका कहना है कि अप्रैल में आरके ट्रेडिंग कंपनी का मालिक बताकर रीता सिंह यादव उर्फ ममता निवासी गाजीपुर हथिया सीतापुर उनसे मिलीं। महिला ने कंपनी का जीएसटी नंबर बताया और कहा उनकी छह कंपनियों से पार्टनरशिप है। अपने मैनेजर प्रवीण मल्होत्रा के माध्यम से छह लाख का कपड़ा मंगवाया और कहा आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान होगा। इसके बाद पैसे मिले न ही आरटीजीएस किया गया। भुगतान के लिए दो माह तक ऐसे ही टरकाती रहीं।

**रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधू काजल दोनों को चाल चलन सही न होने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति व घर से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र व पुत्रवधू के द्वारा किये गये सरकारी गैर कानूनी व अन्य किसी वाद विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं होगा। **कैलाश पुत्र श्री रामस्वरूप व गीता पत्नी कैलाश निवासीगण ग्राम तेजपुर परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र फरदीन आयु करीब 19 वर्ष को गलत चाल- चलन के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। आज से उनके द्वारा की गई किसी भी अप्रिय घटना या पुलिसिया कार्यवाही से मेरा तथा मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **कमाल खान पुत्र स्वर्गीय कुदरत जामा निवासी ग्राम बैदवलिया महुआ इब्राहिम बरगदही जिला -बलरामपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चार पांच माह पूर्व कुछ लोगों के बरगलाने पर आवेश में आकर मैंने अपनी पत्नी माधुरी और पुत्र शैलेंद्र गौतम को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। साथ ही कुछ लोगों ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति भी जारी करवा दी थी। जब इस सत्यता की जानकारी हुई तो अपनी पत्नी माधुरी और पुत्र शैलेंद्र गौतम के खिलाफ जारी बेदखली को वापस लेता हूं। साथ ही अपने सभी रिश्तों को भी बहाल करता हूं। **राम दास पुत्र स्व. कीढ़ा, ग्राम - फरीदीनगर, पिकनिक स्पॉट रोड, इंदिरानगर, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं मनबोध पुत्र राम दयाल निवासी ग्राम पूरे दलगंजन मजरे धनपालपुर परगना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरा वास्तविक नाम मनबोध है, लेकिन आधार कार्ड में प्रमोद नाम अंकित हैं, जबकि वोटर आईडी और बचत किसान पत्र में वास्तविक सही नाम मनबोध अंकित है। मनबोध व प्रमोद एक ही व्यक्ति के नाम हैं। ये दोनों नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **महन्थ गिरीश दास चेला स्व0 महान्थ लक्ष्मण दास, निवासी-डाडिया मंदिर मोहल्ला जानकी घाट, थाना- कोतवाली अयोध्या, जिला-अयोध्या।** मेरे पूर्व का नाम गिरीश कुमार द्विवेदी पुत्र श्री चन्द्रभान द्विवेदी, अस्थाई पता ग्राम-जाल्हे खोर, पोस्ट डड़वा घाट, जिला-सिद्धार्थ नगर, साधू जीवन में प्रवेश करने के उपरान्त मेरे गुरु स्व0 महन्थ लक्ष्मण दास जी ने मेरा नाम गिरीश दास रखा था। अब मुझे गिरीश दास चेला स्व0 महन्थ लक्ष्मण दास के नाम से जाना जाता है तथा गिरीश कुमार द्विवेदी पुत्र चन्द्रभान द्विवेदी तथा गिरीश दास चेला स्वा महन्थ लक्ष्मण दास दोनों एक ही व्यक्ति है।

**सूचना**

मैं अपने पुत्र बिहारी लाल तथा बहू कृष्णा देवी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। पूरे जीवन में मेरा तथा मेरे परिवार का इन लोगों से किसी प्रकार का संबंध नहीं रहेगा। **राम छबीले पुत्र स्व. मंगल, निवासी- ग्राम बदलपुर चौखड़िया, तहसील उतरौला जिला बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम देवी प्रसाद था। जिसे बदल कर मैने अपना नाम देवी प्रसाद यादव रख लिया है। अब मुझे देवी प्रसाद यादव के नाम से जाना व पहचाना जाय। देवी प्रसाद यादव पुत्र रघुराज यादव, निवासी- ग्राम खारापूरे बकिया तिवारी, पो0- पीपरगांव, सुल्तानपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सजीवन लाल पुत्र स्व0 राम जियावन निवासी ग्राम-रघुनाथ खेड़ा थाना व पर0-निगोंहा तह0 मोहनलालगंज जिला लखनऊ का हूं। मेरे परिवार में मेरी पत्नी आशा व चार पुत्र क्रमशः अजीत सिंह, रंजीत सिंह, अभिषेक यादव व अभिजीत सिंह हैं। जिनमें से मेरे बड़े पुत्र अजीत सिंह व पुत्रवधू रितिका आए दिन आपस में वाद-विवाद करते रहते हैं तथा मुझसे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लड़ाई झगड़ा मारपीट व गाली गलौज करते रहते हैं। इन दोनों का चाल चलन ठीक नहीं है इसलिए मैं अपने बड़े पुत्र अजीत सिंह को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा अपने बड़े पुत्र अजीत सिंह से कोई लेना -देना नहीं रहेगा और उसके द्वारा यदि कोई भविष्य में कृत्य किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

# प्रतियोगिता से निखरेंगी ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खेल समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला ने यूपी ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता की विस्तृत रूप रेखा तैयार की।

युवा कल्याण और खेल कूद विभाग द्वारा आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रतियोगिता अच्छी तरह से कराई जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाएं निखर सके। जिला युवा कल्याण अधिकारी सुभाषिनी ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेलों के अंतर्गत विकासखंड और जनपद स्तर पर ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के आयोजन कराए जाने के दृष्टिगत समिति के समक्ष सम्पूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में जूनियर, सब जूनियर और सीनियर वर्ग तथा बालक-बालिका श्रेणी में आठ खेल विधाओं एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, फुटबॉल, बैडमिंटन और जूडो को सम्मिलित करते हुए विकास खंड स्तर प्रखंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता और जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी और खेल संघों के समन्वय व सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। जिसमे जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह और बेसिक शिक्षा विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस खेल कार्यक्रम का विकास खंड और जनपद स्तर पर स्थान, समय सहित खेल कैलेंडर तैयार कर लिया जाए, जिसमे विकासखंड मे प्रतियोगिता अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ कर नवंबर माह तक समाप्त कर लिया जाए।


बैठक में खेल प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देतीं जिला युवा कल्याण अधिकारी सुभाषिनी।

### प्रतियोगिता का कराया जाए प्रचार-प्रसार

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विकास खंडों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में युवक और महिला मंगल दलों और अन्य माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जाए। यह खेल प्रतियोगिता जिला खेल अधिकारी और खेल संघों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य, जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह, फुटबाल संघ के सचिव गिरजाशंकर सिंह, कुस्ती सचिव सैफ अहमद वेग, अतुल कुमार सिंह समस्त बीओ और जिला खेल कार्यालय के समस्त कोच और प्रधान लिपिक मौजूद रहे। बैठक के अंत में जिला युवा कल्याण अधिकारी सुभाषिनी ने सबका आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने जन चौपाल में सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में तहसील भीटी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीठापुर आशाजीतपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया और प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कुछ ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल मौके पर ही निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंच के स्थित के बारे में भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में जो भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित हैं उन लाभार्थियों को चिन्हित कर अनिवार्य रूप से नियमानुसार योजना का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री के प्रेरणा से मिशन शक्ति पांच के तहत जिला प्रशासन द्वारा आवास के लिए भूमि आवंटन प्रमाण पत्र श्यामा देवी पत्नी घनश्याम, सरोजा देवी पत्नी ओमप्रकाश, वीना पत्नी राधेश्याम, पुष्पा पत्नी अजय प्रकाश, प्रेमा पत्नी केशवराम, उर्मिला पत्नी सुनील, चुनमुन पत्नी रंगीले, मैरून पत्नी जिल्लू, सुनीता पत्नी विंदू, रियासन पत्नी महेंद्र कुमार, संजू पत्नी अर्जुन, भारती पत्नी गोविंद और राधिका पत्नी राधेश्याम समस्त निवासी पीठापुर आशाजीतपुर को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।


ग्रामीणों को भूमि आवंटन का प्रमाण पत्र देते डीएम अविनाश सिंह व बाबा आनंद सिंह।

# तालाब में डूबकर दो युवकों की मौत

## किशुन दासपुर गांव की घटना, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम को भेजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** तालाब में कोइनी निकालने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के गांव किशुन दासपुर का है।

बता दें कि किशुन दासपुर गांव के दो युवक अमरीश मिश्रा 35 और मोनू शर्मा 21 शुक्रवार सुबह गांव के बगल स्थित आजमगढ़ जनपद के सकरकोला के तालाब में कोइन निकलने के लिए गए हुए थे। जहां अचानक तालाब में दोनों युवक डूब गए साथ में तीसरा लडक़ा जो तालाब के बाहर खड़ा था, उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों को फोन पर दी। सूचना पर ग्रामीण और मौके पहुंची पुलिस ने काफी खोजबीन के बाद तालाब से दोनों युवकों को बाहर निकाला और निजी चिकित्सालय ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। आजमगढ़ जनपद के अहिरौला पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। वहीं इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि अहरौला पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। यह घटना आजमगढ़ जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र में घटित हुई है।


मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंची जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहिर।

### लापता बालक का तालाब में मिला शव

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थानाक्षेत्र के कजपुरा गांव के मोहम्मद फरीद का आठ वर्षीय बालक मोहम्मद मोनिस अपने घर के पास गुरुवार की सुबह करीब छह बजे पिता के साथ खेत में धान की बाल बीनने गया था। पिता मो. फरीद जब घर पहुंचा तब तक उसका बालक घर नहीं मिला, इससे परिजन परेशान हो गए और खोजने लगे। शुक्रवार सुबह खेत के पास स्थित तालाब के नजदीक जब पिता पहुंचा तो तालाब में बालक का शव उतराता मिला। जिसे देख कर वह बेसुध हो गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तालाब में मिले बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा।

# चेयरमैन प्रतिनिधि ने ईओ से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

▶▶ **पुलिस दो नामजद और चार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दे रही है दबिश**

**अमृत विचार।** नगर पंचायत जहांगीरगंज में तैनात अधिशासी अधिकारी के साथ चेयरमैन प्रतिनिधि और उनके साथियों के द्वारा किए गए मार-पीट के मामले में जहांगीरगंज पुलिस ने कई संगेय धाराओं मे चेयरमैन प्रतिनिधि सुनील कुमार मौर्य और उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी नगर पंचायत जहांगीरगंज में तैनात हैं। आरोप है कि जहांगीरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार मौर्य निवासी जगदीशपुर व सनी सिंह पुत्र अज्ञात निवासी सिंहपुर और 3-4 अन्य अज्ञात लोगों ने अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी को कार्यालय उपस्थिति रजिस्टर को लेकर गाली-गलौज देने लगे। अधिशासी अधिकारी विनय द्विवेदी के मना करने पर उपरोक्त लोगों ने अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी को मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं आरोप यह भी है कि उपरोक्त आरोपियों ने उपस्थिति रजिस्टर और अन्य सरकारी दस्तावेज को भी फाड़ दिया है। इस मामले में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने जहांगीरगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद जहांगीरगंज पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जहांगीरगंज थानाध्क्ष अक्षय कुमार ने बताया कि दो नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने समूह की दीदी को दी आर्थिक सहायता

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह विकासखंड भीटी के ग्राम पंचायत सुनावां में वन राजा परिवार की महिला सरिता देवी के घर पहुंचे। उनके साथ तहसील भीटी के उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज, तहसीलदार भीटी, खंड विकास अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सरिता देवी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सखी के पद पर कार्यरत हैं। वह काफी मेहनती दीदी हैं, लेकिन उनके पति जो मुंबई में रहकर कमाते थे चार दिन पूर्व एक दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। समूह सखी के चार छोटे बच्चे भी हैं और उनकी आर्थिक स्थिति को देखकर तत्काल जिलाधिकारी ने एक लाख रुपए की आर्थिक मदद भी किया। साथ ही 50 किग्रा राशन और अन्य खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी भीटी को कम से कम दो बीघा खेती की जमीन आवंटन के लिए निर्देशित किया। खंड विकास अधिकारी भीटी को उनके पेंशन, आवास की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उनके बच्चों के शिक्षा की उचित व्यवस्था करने, परिवार को नियमानुसार किसान दुर्घटना बीमा सहित अन्य योजनाओं का भी लाभ दिलाने के निर्देश दिए है। वहां पर उपस्थित अन्य समूह की दीदी और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया है।

### महिलाओं को उनके हक के बारे में किया जागरूक

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि पर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थानों की एंटीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को गांवों में चौपाल लगाकर और दुर्गा पूजा पंडाल में जाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन औरी नारी सम्मान के लिए उनके अधिकारों के बारे में उन्हें जागरूक किया गया। शक्रवार को अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों के पुलिसर्मियों ने चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके हक के बारे में जागरूक किया। थाना अहिरौली से एसआई अजय सरोज, कांस्टेबल विशाल त्रिपाठी, महिला कांस्टेबल सोनम ने ग्राम बाला पकोली में लोगों को जागरूक किया। थाना सम्मनपुर से अनुज यादव, कांस्टेबल अजीत कुमार, महिला कांस्टेबल रीना चौहान, महिला कांस्टेबल सत्या शुक्ला ने गावों में लगे दुर्गा पूजा पंडालों में महिलाओं को शराबी, नशेड़ी और अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही के बिषय लोगों को जागरूक किया।

# सर्वे कराकर पात्रों को दें आवास योजना का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत प्रतावीपुर के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चौपाल में जिलाधिकारी के समक्ष आवास और शौचालय से से संबंधित अधिक समस्याएं प्राप्त हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने विकासखंड अधिकारी कटेहरी और परियोजना निदेशक डीआरडीओ को ग्राम का सर्वे कराकर समस्त पात्र लाभार्थियों को सूचीबद्ध करने और उन्हें प्राथमिकता पर आवास व शौचालय से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुछ ग्रामीणों द्वारा पेंशन से संबंधित समस्याएं भी बताई। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को नियमित ग्राम में रहकर और घर-घर जाकर सर्वे, सत्यापन कर आवास, शौचालय के साथ-साथ पेंशन और सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्रता श्रेणी में आने वाले ग्रामीणों को योजना वार सूचीबद्ध करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध करने और सभी अधिकारियों को प्राथमिकता पर अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।


ग्रामीणों की समस्याएं सुनते डीएम अविनाश सिंह व साथ में डीएसटीओ अनुपम सिंह।

### पट्टा धारकों की समस्याओं को दूर करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने ग्राम में पुराने भूमि पट्टा धारकों की समस्याओं का भी नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया। प्रतापीपुर मुख्य मार्ग से दलित बस्ती को जोड़ने वाले जर्जर मार्ग को अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन सामान्य को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज, उप जिलाधिकारी जलालपुर पवन कुमार जायसवाल सहित संबंधित, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से किशोरी घायल

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से कोचिंग पढक़र लौट रही 13 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं मामले में घायल किशोरी की मां के प्रार्थना पत्र पर बसखारी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। घायल किशोरी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

दुर्घटना बीते गुरुवार की उस समय हुई जब चांदनी पुत्री सुरेश कुमार निवासी रुस्तमपुर कोचिंग पढक़र घर लौट रही थी। कि इसी बीच पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अडंग़ा ले जाया गया। जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा एंबुलेंस से महामाया मेडिकल कॉलेज व वहां से रेफर होने के बाद लाइफ लाइन हॉस्पिटल में घायल किशोरी का इलाज चल रहा है। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस मामले में घायल किशोरी की मां गुडिया देवी ने ट्रैक्टर चालक इंद्रजीत पुत्र रामदुलार यादव निवासी शाह पुर महमूदपुर थाना बसखारी के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर उसकी पुत्री को घायल किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीडि़ता के प्रार्थना पत्र पर बसखारी पुलिस ने मामले से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की भी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

# साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

**अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय और महिला हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय और महिला हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के कुल एक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी किया गया।

**किया जागरूक** — अपर जिला जज ने कारागार का किया निरीक्षण, साफ-सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के दिए निर्देश

# बंदियों को रिहाई के बारे में दी जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला जज राम सुलीन सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला कारागार में बन्दियों को विभिन्न कानूनों, धाराओं के तहत रिहाई के बारे में जागरूक किया गया।

अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर में उपस्थित बन्दियों को उनके कानूनी अधिकारों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कारागार में निरूद्ध बन्दियों के हितार्थ चलायी जाने वाली योजनाओं और नए कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। 16 अक्टूबर से विचाराधीन बन्दियों की रिहाई के लिए चलाए जाने वाले अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी अभियान के बारे में भी बताया गया। अपर जिला जज ने कहा कि अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी अभियान के तहत कारागार में निरूद्ध पात्र बन्दियों की पैरवी कर उन्हे रिहा कराया जाएगा। विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर के दौरान अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। कारागार निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ने जेल अधीक्षक को कारागार परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बन्दियों को आवश्यकतानुसार चिकित्सीय उपचार भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


जिला कारागार में बंदियों को जागरूक करते अपर जिजा जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता।

### बंदियों की सुनीं समस्याएं

अपर जिला जज ने बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि यदि किसी भी बन्दी को नि:शुल्क विधिक सहायता या अधिवक्ता की आवश्यकता है तो उसका प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजे। उन्होंने कहा कि यदि कोई बंदी जमानत के बाद भी रिहा नहीं हो पा रहा है तो उसकी भी सूचना कार्यालय भेजे।











## एक नजर

### ट्रक में फंसे कछुए को सिपाही ने बचाया



**करनैलगंज** : गोंडा-लखनऊ मार्ग पर सेन्ट्रल बैंक के समीप शुक्रवार दोपहर एक तीस किलो से अधिक वजन का कछुआ हाईवे पर कहीं से विचरण करते आ गया। जो ट्रक के नीचे आकर उसमें फ़ंस गया। इतने में वहीं ड्यूटी कर रहे सिपाही अमित कुमार की नजर पड़ गई। उन्होंने अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। इसके बाद उसे कटरा घाट सरयू नदी में ले जाकर प्रवाहित कर दिया।

### मां-बेटे की पिटाई, मुकदमा

**नवाबगंज** : रेहली गांव के भाई लाल पुरवा निवासी विवेक चमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की सुबह करीब आठ बजे भूमि रंजिश को लेकर मुरली चमार, विनोद, राधेश्याम तथा कन्हैया आए और उसे गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे। शोर सुनकर उसकी मां मनुऊ देवी तथा भाई पंकज बीच-बचाव करने आए तो उन्हें भी मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बच्ची लापता, जांच में जुटी पुलिस

**करनैलगंज** : सकरौरा लोहिया पुल के पास छप्पर आदि रखकर रोशन अली का परिवार रहता है। रोशन अली ठेलिया आदि चलाकर परिवार का पालन करते है। बृहस्पतिवार को 11 बजे दिन में रोशन अली की 7 वर्षीय बेटी शहनुमा अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर कुछ सामान लेने गई हुई थी। लेकिन काफी समय बाद वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची नहीं मिली तो रात में परिजन कोतवाली जाकर घटना की तहरीर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया। लेकिन 30 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस बच्ची को तलाशने में नाकाम दिखाई दे रही है। तो वहीं कोतवाल श्रीधर पाठक का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### शिविर में बांटी साड़ियां

**रुपईडीह।** श्री रग्घू बाबा सेवा संस्थान के तत्वावधान में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत साड़ी वितरण शिविर मंदिर पर आयोजित किया गया। इस शिविर में पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मनोज शुक्ल, जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक डॉ रेखा शर्मा व राकेश कुमार पाण्डेय ने 201 महिलाओं को साड़ी वितरित किया। कार्यक्रम के आयोजक गोली दुबे, दिलीप कुमार शुक्ल, उदय प्रताप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सुचिता सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

**परसपुर, गोंडा** : नगर पंचायत स्थित महाकवि तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वीना सिंह की पुत्री सुचिता सिंह ने पीएचडी की डिग्री हासिल कर परिवार सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। डॉ वीना सिंह नबाबगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत तुरकौली की निवासी है।


# बड़े काश्तकार डकार रहे गरीबों का मुफ्त राशन

## पांच एकड़ से अधिक भूमि के मालिक हैं काश्तकार, इनके खिलाफ कार्रवाई होना तय

गोंडा, शिव अंकम ओझा

**7582**

राशन कार्डधारक जिले में ऐसे हैं जिन्होंने सरकारी केंद्र पर मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठाया है




**अमृत विचारः** जिले में 7582 ऐसे राशन कार्डधारक हैं, जिन्होंने सरकारी केंद्र पर मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठाते हुए अपने गेहूं, धान के उपज को बेचा है इसके बाद ये लोग राशनकार्ड बनवाकर प्रत्येक माह गेहूं चावल ले रहे हैं। शासन ने ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए अपात्रों की संभावित सूची भेजी है, जिनका सत्यापन शुरू हो गया है। जानकारी सही पाए जाने पर इन लोगों का राशन कार्ड सूची से नाम हटाया जाएगा। कुछ लोगों का राशन कार्ड डिलीट भी किया गया है जिससे हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में करीब 6 लाख से अधिक पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय राशन कार्ड प्रचलित हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत इनको प्रत्येक महीने निशुल्क खाद्यान्न सरकार उपलब्ध करा रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र लोगों को हर हाल में खाद्यान्न दिए जाने का प्रावधान है। सरकार की ओर से गरीबों का राशन कार्ड भी बनाया गया है लेकिन जिले में अभी भी हजारों की संख्या में ऐसे लोग घूम रहे हैं, जो पात्र होते हुए भी राशन कार्ड का लाभ नहीं पा रहे हैं। यह लोग दौड़ लगा रहे हैं लेकिन राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों को राशन कार्ड बनाये के उद्देश्य से अपात्रों का चिन्हित किया जा रहा है। पहले सरकार की ओर से इनकम टैक्स तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों की सूची बनाकर भेजी गई। यह लोग अपात्र की श्रेणी में आते हैं, लेकिन राशन कार्ड बनवा कर खाद्यान्न भी ले रहे थे। इनका जांच पड़ताल किया ही जा रहा था कि शासन ने हजारों की संख्या में ऐसे लोगों को भी चिन्हित किया जिन्होंने विगत वर्षों में अपनी जमीन 5 एकड़ से अधिक दर्शाते हुए न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ लेते हुए सरकारी क्रय केंद्रो पर गेहूं धान को बेचा है। यह वे लोग हैं जिन्होंने गेहूं धान को बेचा भी और सरकारी खाद्यान्न भी ले रहे थे।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जो राशन कार्ड जारी किए जाने के मानक तय किए गए हैं उसे हिसाब से यह लोग अपात्रों की श्रेणी में आते हैं। अब उनकी सूची जनपद स्तर पर आ चुकी है जिनका सत्यापन पूर्ति विभाग की ओर से कराया जा रहा है। कुछ लोगों का सत्यापन के बाद राशन कार्ड की सूची से नाम हटाया भी गया है, इसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है। लोग जिला पूर्ति कार्यालय का चक्कर भी काट रहे हैं। अभी संभावित सूची के काफी संख्या में अपात्रों का सत्यापन होना शेष है, यदि सही तरीके से सत्यापन हो जाएगा तो काफी संख्या में राशन कार्ड हटाए जाएंगे। इसके बाद गरीबों का राशन कार्ड जारी हो सकेगा। शासन की ओर से जो गेहूं धान बेचने वाले संभावित राशन कार्ड धारकों की सूची आई है उसको लेकर पूरे जिले में हलचल देखी जा रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठाते हुए कई लोगों ने अपनी उपज को सरकारी केंद्र पर बेचा है। उनकी संभावित सूची मिली है ऐसे लोगों की संख्या पूरे जिले में 7582 है यह संभावित राशन कार्ड धारक अपात्र भी हैं। सत्यापन कराया जा रहा है सही पाए जाने पर इनका नाम राशन कार्ड सूची से हटाया जाएगा।

### सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं धान बेचने वाले राशन कार्डधारकों की संख्या

न्यूनतम मूल समर्थन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के रहने वालों ने तो योजना का लाभ उठाते हुए सरकारी केंद्र पर अपनी उपज को बेचा ही है। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो नगर पंचायत तथा नगर पालिका क्षेत्र में भी रहते हुए केंद्र पर गेहूं धान बेचा हैं। नगरीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा नगर पालिका क्षेत्र गोंडा में 119 ऐसे लोग हैं, जिन्होंने सरकारी केंद्र पर अपनी उपज को बेचा है। कटरा बाजार में एक, कर्नलगंज में 15, खरगूपुर में दो, नवाबगंज में 10 तथा नगर पंचायत मनकापुर के दो लोग ऐसे हैं। नगरीय क्षेत्र में कुल 149 लोगों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ लिया है। इसी तरीके से ग्रामीण क्षेत्र में कटरा बाजार ब्लॉक में 297, कर्नलगंज में 306, नवाबगंज में 357, मनकापुर में 77, इटियाथोक में 447, छपिया में 31, झंझरी विकासखंड में 455, तरबगंज में 485, शहर से सटे पंडरी कृपाल में 686, परसपुर में 1283, बभनजोत में पांच, बेलसर में 570, मुजेहना में 77, रुपईडीह में 1330, वजीरगंज में 329 तथा हलधरमऊ में 715 ऐसे लोग हैं जिन्होंने गेहूं, धान सरकारी केंद्र पर बेचा है, साथ ही इन लोगों का राशन कार्ड भी जारी है। 16 विकासखंड में 7433 लोग हैं, जबकि पूरे जिले में यह संख्या 7582 है।

### सबसे ज्यादा ब्लॉक रुपईडीह तो सबसे कम बभनजोत के हैं लोग

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ तथा राशन कार्ड बनवाकर राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न लेने वालों के आपात्रों की संभावित सूची मे सबसे अधिक विकासखंड रूपईडीह की है यहां के 1330 लोग हैं जो लाभ ले रहे थे इसके बाद विकासखंड परसपुर की है यहां के 1283 लोग दोनों योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सबसे कम की बात करें तो विकासखंड बभनजोत आता है यहां के मात्र पांच लोग ही ऐसे हैं जो सरकारी केंद्र पर अपनी उपज बेचने के बाद खाद्यान्न भी ले रहे हैं। नगर पंचायत व नगर पालिका की बात करें तो सबसे अधिक गोंडा नगर पालिका के क्षेत्र के लोग हैं इनकी संख्या 119 है तथा सबसे कम नगर पंचायत कटरा बाजार की है यहां से मात्र एक लोग ऐसे हैं जो दोनों योजना का लाभ उठा रहे हैं। फिलहाल सत्यापन का कार्य हो रहा है राशन कार्ड सूची से नाम हटने से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### विज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत



पुरस्कार के साथ बच्चे व विज्ञान शिक्षक। अमृत विचार

**रुपईडीह** : राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक रुपईडीह के पूर्व माध्यमिक व कम्पोजिट विद्यालयों से जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को डायट प्रवक्ता संदीप जायसवाल व खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने ब्लाक संसाधन केंद्र पर प्रमाणपत्र व विशिष्ट चिह्न देकर पुरस्कृत किया। ब्लॉक के एआरपी अनुज तिवारी ने बताया कि ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों व कम्पोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा छह, सात व आठ को मिलाकर 137 छात्र छात्राओं की खंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करायी गई। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी व विज्ञान प्रतियोगिता के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा के अमन व अभिषेक, तेलियानी पाठक के हिमांशु पाठक, शिवगढ़ गोपालपुर के बाबादीन तथा कम्पोजिट विद्यालय तिर्रेमनोरमा के रवि, बभनी सराय के विपुल बाबू, पुरैनिया के बैजनाथ तिवारी, रुकमंगदपुर के गोविंद, कमरावां के श्रीकांत व सरहरा की पप्पी को चुना गया। एआरपी आशुतोष द्विवेदी, चंद्रशेखर तिवारी व घनश्याम शुक्ल, केआरपी बालमुकुंद आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाना जी देशमुख व जेपी की जयंती पर हुए विविध आयोजन



प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

**खरगूपुर** : शुक्रवार को भारत रत्न प्रखर विचारक नानाजी देशमुख और लोक नायक जयप्रकाश नारायण का जन्म दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। दीनदयाल शोध संस्थान जयप्रभाग्राम में दीनदयाल शोध संस्थान के संस्थापक नानाजी देशमुख और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर विधायक विनय कुमार द्विवेदी राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रांत प्रचारक कौशल, विभाग प्रचारक प्रवीण, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव रामकृष्ण तिवारी ने माल्यार्पण किया। प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि नानाजी देशमुख पिछड़े और उपेक्षित लोगों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहे। आज उन्हीं के प्रयासों से गोंडा बलरामपुर और चित्रकूट में विभिन्न प्रकार के प्रकल्पों के माध्यम से लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आकर युवक की मौत

**मनकापुर, अमृत विचारः** दुकान के लिए सामान लेने बाइक से बाजार जाते समय 18 वर्षीय युवक की मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से मौत हो गयी।

ग्राम करौंदी निवासी मुकेश प्रजापति पुत्र स्व राम सजन प्रजापति (18) पड़ोसी की बाइक मांग कर गांव से बाजार घर में संचालित दुकान के लिए सामान लेने जा रहा था। मंशाराम पुरवा गांव के पास मिट्टी लाद का जा रही ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिससे युवक ट्रॉली के नीचे आ गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में युवक को सीएचसी मनकापुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता का देहांत 5 माह पहले हुआ था। मृतक तीन भाइयों में मझिला था। बड़ा भाई मानसिक रोगी है व छोटा अभी 11 साल का है। इसलिए घर की सारी जिम्मेदारी मुकेश पर थी। मुकेश के मौत की सूचना पर मां सुनीता का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### अपहृत बालिका बरामद भेजा वनस्टाप सेंटर

**परसपुर, गोंडा।** एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को एक युवक ने गुमराह कर अपहृत कर लिया गया था। परिजनों एवं पुलिस ने तलाश कर गुरुवार को नगर पंचायत के रगड़गंज रोड से बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण एवं बयान के लिए वन स्टाप सेन्टर भेजा गया है।

# सड़क हादसे में घायल गौरीसा की भी हुई मौत



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** तीन दिन पहले आर्यनगर-बलरामपुर मार्ग पर खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोपाल बाग कस्बे में अनियंत्रित कार की टक्कर से हुई व्यापारी अंगद व रुपईडीह गांव निवासी पुनीत श्रीवास्तव की दस वर्षीय बिटिया शगुन की मौत के बाद उसकी बड़ी बहन गौरीसा उर्फ परी (14) की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।

खरगूपुर के प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि बीते मंगलवार सुबह डिप्टी रेंजर की अनियंत्रित कार ने दो बालिकाओं सहित चार लोगों को कुचल दिया था। घटना में व्यापारी अंगद व शगुन की मौत हो गई थी। कमरावां के लवकुश के पुत्र रौनक उपचाराधीन है। गौरीसा को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां पर उपचार के दौरान गुरुवार की रात उसकी भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृत पुत्रियों के दादा सुधीर कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

**छोटी बहन व एक व्यक्ति की घटना के दिन ही हो गई थी मौत**

सड़क हादसे में शगुन की मौत के बाद बड़ी बिटिया गौरीसा की भी मौत हो जाने के पर घर वालों का रो-रो कर हाल बेहाल हैं। गांव के लोग भी गमगीन हैं। हर कोई दोनों बिटिया की याद कर फफक पड़ता है।

# लखनऊ में प्लाट बेचने के नाम पर 60 लाख की ठगी

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचारः** राजधानी लखनऊ में प्लाट बेचने के नाम पर कथित ओएसडी द्वारा 60 लाख हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित के शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक गोंडा के निर्देश पर कथित ओएसडी अल्पसंख्यक विभाग लखनऊ निवासी सैयद हसन अहमद के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

उमरी बेगमगंज के माधव पुरवा सिधौटी निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह ने बताया कि उन्होंने लखनऊ बाराबंकी मार्ग पर जमीन की तलाश थी और इसी बीच लखनऊ निवासी सैयद हसन अहमद से मुलाकात हुई। उन्होंने जमीन दिखाई जो पसंद आई और सौदा तय हो गया। इसके बाद सैयद हसन अहमद ने यस बैंक में स्थित अपना अकाउंट नंबर 0018511 000 12642 में 50 लाख रुपये डालने को कहा। वीरेंद्र सिंह ने 28 जुलाई 2021 को 15 लाख, 3 अप्रैल 2021 को 10 लाख, 24 मार्च 2021 को 10 लाख और 24 फरवरी 2021 को 5 लाख तथा 23 मार्च 2021 को 10 लाख रुपये ट्रांसफर किया। और 10 लाख रुपये नगद दिया लेकिन पैसा लेने के बाद वह जमीन देने में आनाकानी करने लगे और काफी दबाव के बाद उन्होंने पहले चेक से 10 लाख रुपये तथा दूसरा चेक 5 लाख का तथा तीसरा चेक 25 लाख का दिया, लेकिन जब चेक विड्रॉल के लिए लगाया तो चेक बाउंस हो गया। इसके बाद फोन पर वार्ता हुई और दबाव बनाया गया तो उन्होंने 36 लाख रुपये मेरे खाते में ट्रांसफर किया और 24 लाख रुपये को लेकर आश्वासन देते रहे लेकिन अब धौंस जमाते हुए धमकी दी और कहा कि अब तुम्हें एक फूटी कौड़ी नहीं दूंगा और तुम मुझे जानते नहीं हो मैं ओएसडी अल्पसंख्यक विभाग में हूं।

**एसपी के आदेश पर कथित ओएसडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उमरी पुलिस ने कथित ओएसडी सैयद हसन अहमद के खिलाफ जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-219

**बाएं से दाएं**

1. 1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल, प्रफुल्ल, आनंदमय।
5. 1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।
6. पानी रखने का छोटा घड़ा, छोटा गगरा, मटका।
7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है, बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हांड़ी, लबनी।
2. 1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।
3. नमस्कार, सलाम।
4. 1. जागते रहने की अवस्था या भाव, नींद न आना, जागना 2. किसी उत्सव
5. मगरिब या पश्चिम का, पाश्चात्य, पश्चिमी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| | ■ | 3 | ■ | 4 | ■ |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली-218 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घा | 2 ति | नी | ■ | ■ | 3 टो |
| ■ | रं | ■ | 4 भू | ■ | ड़ी |
| 5 अं | गा | रि | त | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | वा | ■ | 6 धो |
| 7 ह | ठ | वा | दी | ■ | खे |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | बा |
| ■ | 8 धाँ | ध | ले | बा | ज़ |

## सुडोकू-132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | | 6 | | | | | |
| 4 | | 8 | | 2 | | | | 5 |
| 7 | | 3 | 4 | | 1 | | | |
| 1 | | | | 8 | | | 6 | 9 |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | 1 | | | | 7 |
| | | | 7 | | 3 | 9 | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 6 | | 3 |
| | | | | | 5 | | 1 | 2 |

### सुडोकू - 131 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 | 7 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 10.58 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 13 अक्टूबर 04.27 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** : आज ससुराल पक्ष के साथ तनाव कम हो सकता है। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। भाई-बहनों की उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होगी। मन का तनाव दूर होगा। व्यर्थ के कार्यों से स्वयं को दूर रखें। व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा।

**वृष** : आज आप लोगों की सहायता करने को तत्पर रहेंगे। खेल और कलाक्षेत्र से जुड़े करियर में उत्तम सफलता मिल सकती है। आप रचनात्मक विचारों के कारण प्रशंसा का पात्र बनेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

**मिथुन** : आज धैर्य और संयम के कारण आपको सफलता मिलेगी। बिजनेस को लेकर बड़ी डील हो सकती है। विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि कोई आपके विचारों से सहमत नहीं है तो उस पर विचार थोपने से बचें।

**कर्क** : आज विरोधियों के ऊपर वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे। सत्कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। दूसरों के मामलों में आपको हस्तक्षेप न करें। नई तकनीक के अध्ययन के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**सिंह** : आज मन में थोड़ी अशांति हो सकती है। यदि मंहगी वस्तुओं को खरीद रहे हैं तो पहले उसकी थोड़ी जांच-परख कर लें। रिश्तेदारों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। अपने व्यवहार में अभिमान न आने दें।

**कन्या** : आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक समस्याओं का समाधान करें। किसी दोस्त से अपने मन की बात कर सकते हैं। राजनैतिक गतिविधियों में आपका मन लगेगा।

**तुला** : आज इसके कारण आत्मविश्वास में कमी आएगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको मौके पर लोगों की मदद नहीं मिल पाएगी। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है।

**वृश्चिक** : आज करियर को लेकर शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। जॉब में उच्च पद मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है।

**धनु** : आज तनाव के कारणों को पहचानें और उससे बचें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। जमीन और संपत्ति के मामलों को लेकर परेशानी होगी। अपनी प्रतिभा का उचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। वरिष्ठ व्यक्तियों की अवहेलना न करें।

**मकर** : आज कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। समय अनुसार आपके सभी काम बनते जाएंगे। बच्चों के साथ आपका समय अच्छे से बीतेगा। सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। गुस्से में आकर कड़वे वचन बोलने से बचें।

**कुंभ** : आज दूसरों की सहायता करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी। मन में बेचैनी का भाव रहेगा। पूर्व में बनी हुई योजनाओं पर ही काम करेंगे। नए काम की शुरुआत में अति शीघ्रता उचित नहीं है। बड़ों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** : आज बेरोजगार लोगों की नौकरी की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। अपने आचरण को संयमित रखें। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
कोहराम — सुबह : 09.00
थैंक गॉड — शाम : 06.00

&pictures
गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 10.52
स्पाइडर — रात : 08.00

Sony Pix
वंडर वूमैन 1983 — दोपहर : 12.00
पेसिफिक रिम — रात : 09.07

Zee Cinema
हीरो — सुबह : 09.00
जोड़ी नं. 1 — दोपहर : 03.00

Zee Action
डी ब्लॉक — सुबह : 11.30
जान — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

## एक नजर

### सीता हरण का मंचन देख विकल हुए दर्शक

**गोंडा** : रामलीला का आयोजन रानी बाजार में हो रहा है। रामलीला का मंचन मिथिलांचल अवध आदर्श रामलीला फाउंडेशन के कलाकारों कर रहे है। रामलीला में सीता हरण, राम सुग्रीव मिलन, बालि का वध आदि का मंचन किया गया। जंगल में कुटी बनाकर राम लक्ष्मण रह रहे हैं तभी वहां रावण की बहन शूर्पणखा आती है। राम लक्ष्मण से संवाद करने लगती है। उसकी बातों को सुनकर लक्ष्मण को क्रोध आ जाता है और उसके नाक को काट लेते हैं। वह रावण के दरबार में पहुंचती है। पूरी बात बताती है, फिर रावण साधु का भेष बनाकर सीता मैया का हरण करता है। राम लक्ष्मण सीता मैया का खोज रहे हैं। इसी समय शबरी के आश्रम में जाकर उसका उद्धार करते हैं। इसके बाद हनुमान जी राम लक्ष्मण को सुग्रीव से मिलवाकर मित्रता करवाते हैं। इस दौरान सभासद वैभव नारायण, लाल जी तिवारी पूरन चंद गुप्ता, राज नारायण राजू, गौरी शंकर, मंटू, अरविंद मिश्रा, ध्रुव कमलापुरी, विशाल, चंद्रप्रकाश, बबलू साहू, भोला मोदनवाल, संतोष मोदनवाल समेत कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक शीतलू बाबा की 22वीं पुण्यतिथि मनी


**बेलसर** : महाराजा देवी बख़्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के संस्थापक प्रबंधक एवं पूर्व क्षेत्रीय विधायक स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह उर्फ शितलू बाबा की 22 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों और छात्र छात्राओं के साथ हवन पूजन एवं शांति पाठ किया। पूर्व प्रधानाचार्य देवकली प्रसाद पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर शिक्षा की जो नींव वर्षों पहले बाबा ने रखी थी उसका लाभ आज आम जनमानस को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि पूर्व विधायक बाबा सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। पूर्व प्रधानाचार्य लियाकत अली ने बाबा के जीवन से जुड़ी बातों को लोगों से साझा किया।

### गोआश्रय केंद्र का भ्रमण

**रुपईडीह**। ब्लॉक के गो आश्रय केंद्र कोचवा का पशु चिकित्साधिकारी डॉ वीर आर निगम ने भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने संरक्षित जानवरों के स्वास्थ्य, चारा व पेयजल व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल किया।



रानी बाजार में सजी माता रानी की प्रतिमा।



सोनार गली में स्थापित देवी की प्रतिमा।



ददुआ बाजार में स्थापित मां की प्रतिमा। अमृत विचार

# कन्या पूजन व पूर्णाहुति के साथ नवरात्र संपन्न

## देवी प्रतिमाओं का आज करनैलगंज की प्रतिमाओं का रविवार को किया जाएगा विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** कन्या पूजन व पूर्णाहुति के साथ शारदीय नवरात्र का समापन हो गया। जिले भर में स्थापित करीब 2200 देवी प्रतिमाओं का विसर्जन दो दिनों तक चलेगा। शनिवार को जिले की तीन तहसील क्षेत्र की करीब 1700 देवी प्रतिमाओं व विग्रहों का विसर्जन पूरे भक्तिमय माहौल में अयोध्या और करनैलगंज स्थित सरयू में होग। करनैलगंज तहसील क्षेत्र की करीब 500 देवी प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को एकादशी के दिन किया जाएगा।

शारदीय नवरात्र हिंदुओं के आस्था व श्रद्धा से जुड़ा है। हर साल जिले में करीब 2200 प्रतिमाएं विभिन्न पंडालों में स्थापित की जाती हैं। नवरात्र के प्रतिपदा से लेकर सप्तमी तिथि तक स्थापन व प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चलता है। देवी मंदिरों में भक्तों का संगम लगता है। नव दिनों तक व्रत धारण करने वालों ने अपने घरों पर कन्या पूजन कर पूर्णाहुति डाली और माता से क्षमा याचना की। कुछ लोग देवी मंदिरों में पहुंच कर कन्या पूजन किए और वहीं पर सामूहिक हवन किए। पुरोहितों ने यजमानों की आहुतियां डलवाईं और उनके परिजनों के लिए देवी मां से आशीर्वाद मांगा। नगर के काली भवानी मंदिर पर सामूहिक हवन किए। इसी तरह खैरा भवानी मंदिर में पहुंच लोगों ने मां के दर्शन किए, कन्याओं की पूजा की और उन्हें भोज कराया। जिले की चार तहसील क्षेत्रों में स्थापित देवी प्रतिमाओं के पूजन किए गए। शनिवार को विभिन्न पंडालों में हवन पूजन के साथ देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की यात्रा प्रारंभ होगी। ढोल नगाड़े व शंख ध्वनि के साथ अबीर व रंग उड़ाते हुए श्रद्धालु मां की प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकालेंगे।

नगर के विभिन्न चौराहों पर व घरों में देवी की आरती उतारी जाएगी और पूजन होगा। इसके साथ प्रतिमाओं को अयोध्या सरयू व करनैलगंज सरयू में विसर्जन को ले जाया जाएगा।

गोंडा सदर तहसील व तरबगंज तहसील क्षेत्र की प्रतिमाएं सरयू में विसर्जित होंगी तो मनकापुर तहसील की प्रतिमाएं मनोरमा व बिसुही नदी में विसर्जित की जाएंगी। दूसरे दिन रविवार को करनैलगंज तहसील क्षेत्र के परसपुर, हलधरमऊ, कटरा बाजार, करनैलगंज ब्लाक सहित रुपईडीह ब्लाक क्षेत्र की कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन करनैलगंज सरयू में किया जाएगा।



खैरा भवानी मंदिर में सामूहिक हवन करते लोग। अमृत विचार

### उमरी में विसर्जन को लेकर फूट रहे विरोध के स्वर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली बखरिया में स्थापित दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर दो प्रधान प्रत्याशियों के बीच में रार छिड़ गई है। प्रतिमा विसर्जन जुलूस को लेकर प्रशासन की तरफ से अनुमति दिए जाने के बाद भी एक पक्ष उसका विरोध जता रहा है जबकि दुर्गा पूजा समिति के लोग निर्धारित मार्ग से ही प्रतिमा विसर्जन की बात कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को परखते हुए प्रशासन पुरानी परमिशन को निरस्त कर दिया है। ग्राम पंचायत बरौली में अब तक दो समुदायों के बीच धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर विवाद हो जाया करता था, लेकिन अब एक ही समुदाय के दो धड़े आमने-सामने आ गए हैं दुर्गा पूजा समिति के प्रार्थना पत्र पर एसडीम तरबगंज में बखरिया से सेमरा, बरौली बाजार, बरौली डीहा होते हुए गैस एजेंसी से होकर पवार पुरवा के रास्ते बनुवा पसका में विसर्जन का परमिशन दिया था सूत्रों की माने तो बखरिया के ही एक व्यक्ति ने इस पर आपत्ति जताई थी जिसके बाद प्रशासन ने इस परमिशन को रद्द कर दिया और पुराने पारंपरिक रास्ते से विसर्जन जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है इस बाबत एसडीम तरबगंज विशाल कुमार ने बताया कि पारंपरिक रास्ते से होकर प्रतिमा का विसर्जन होगा पुरानी परमिशन को निरस्त कर दिया गया है।

### बंद रहेंगी दुकानें, तेज डीजे बजाने पर रहेगी नजर

प्रशासन ने सभी से आग्रह किया है कि विसर्जन जुलूस के दौरान कोई तेज डीजे न बजाएं। पहले से चिह्नित मार्ग पर विसर्जन जुलूस निकालें और दुकानें बंद रख रखें। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व डीएम नेहा शर्मा ने सभी पुलिस कर्मियों को सतत दृष्टि रखने के निर्देश दिए हैं। विसर्जन को निपटाने के लिए कई मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।



कन्या पूजन व हवन करते लोग। अमृत विचार

### पंडाल से लेकर घाट तक रहेगी पुख्ता सुरक्षा

देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन एलर्ट है। पिछले कई सालों में रास्ता विवाद के कारण प्रशासन को समस्याएं झेलनी पड़ी थीं। जिले में कुछ ऐसे स्थान हैं जहां पर विशेष सतर्कता रखी जा रही है। खास कर करनैलगंज क्षेत्र में। नगर के चौक बाजार में भी प्रशासन ने शुक्रवार से ही गस्ती बढ़ा दी है। सभी पंडालों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान वर्दी व सादे ड्रेस में तैनात किए गए हैं। नगर के गुरुनानक चौराहे से लेकर चौक बाजार, फैजाबाद रोड पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हर चौराहे पर पुलिस पिकेट तैनात कर दिए गए हैं। प्रतिमा शोभायात्रा मार्ग पर सभी सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस के साथ पीएसी के जवान भारी मात्रा में लगाए गए हैं। हर प्रतिमा के साथ दो तीन जवान तैनात रहेंगे। अन्य धर्मानुयायियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे विसर्जन के दिन बाहर न निकलें यदि कोई जरूरी कार्य न हों।

### आज होगा रावण का विध्वंस, विजयी होंगे राम

शनिवार को दुर्गा पतिमाओं के विसर्जन के साथ ही जिले भर में रावण का दंभ भी चूर होगा। जिले में करीब तीन दर्जन स्थानों पर चल रही राम लीला का मंचन चल रहा है। रामलीला मैदानों को राम रावण युद्ध के लिए तैयार किया गया है। अहंकार के प्रतीक राणव का अंत होगा और मर्यादा के राम व उनके अनुयायियों की जीत होगी। इसके लिए भी सभी रामलीला स्थलों पर बैरिकेडिंग की गई है। दर्शकों के लिए खड़े होने के स्थान तय किए गए हैं।



करनैलगंज में रावण का पुतला।

# पिंक कलर के 1000 ई-रिक्शा को किया रवाना

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत शक्ति सारथी कार्यक्रम का आयोजन
- 108 कन्याओं का किया पूजन, 9 महिलाओं का हुआ सम्मान

**गोंडा, अमृत विचारः** शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले ने ऐतिहासिक पहल की है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप नवरात्रि से शुरू हुए मिशन शक्ति 5.0 के तहत प्रदेश में पहली बार गोंडा में "शक्ति सारथी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत 1000 पिंक कलर के ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ई-रिक्शा को "शक्ति सारथी" नाम दिया गया है, जिनका उपयोग 90 प्रतिशत से अधिक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षा के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 108 कन्याओं का कन्या पूजन और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

**बिना डर के यात्रा कर सकेंगी महिलाएं :** उन्होंने बताया कि शक्ति वंदन 2.0 के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। 'शक्ति सारथी' पहल के अंतर्गत ऑटो चालकों को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि महिलाएं बिना किसी डर के यात्रा कर सकें। यह कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**बेटियों ने प्रस्तुत किए देवी कथा पर नाटिका :** नव अंशिका फाउंडेशन की नीशू त्यागी के संयोजन में महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति का नृत्य निर्देशन गुरु सुरभी सिंह द्वारा रुद्राष्टकम इसमें शिव जी के आठ श्लोक के ऊपर कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जिसके बोल है नमामि शमीशान निर्वाण रूपम, जिसमें तांडव एवं लास्य अंग का स्वरुप दिखाई दिया। कलाकारों में ईशा रतन, मीशा रतन, अंशिका त्यागी आकांक्षा पांडेय, संगीता कश्यप द्वारा मनमोहक नृत्य किया गया।

**डीएम एसपी ने सुरक्षा का लिया जायजा :** जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दुर्गापूजा त्योहार को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर मे स्थापित दुर्गा पूजा प्रतिमा, पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम एसपी ने नगर क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गस्त कर आम जन-मानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया गया। सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार निगरानी की जा रही है।



कन्या पूजन करतीं डीएम, सीडीओ व विधायक तथा जिला पंचायत अध्यक्ष।

### इन महिलाओं को मिला सम्मान

कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 9 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। संगीत क्षेत्र में किरण सिंह अधीक्षक डाकघर गोंडा मंडल, प्रशासनिक क्षेत्र में रजिया बानो, शिक्षा क्षेत्र में डा रेखा शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, पुलिस विभाग की सुश्री रिया सिंह, स्वास्थ्य विभाग से अनुराधा जायसवाल, ग्राम प्रधान रंजना सिंह, उद्यमी सीमा सोनी, खेलकूद में जिया सिंह राष्ट्रीय खिलाड़ी ताइक्वांडो, सफाई मित्र रमा को मेडल, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र देकर डीएम नेहा शर्मा, विधायक बावन सिंह, प्रभात वर्मा, विधायक प्रेम नरायन पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र व सीडीओ ने सम्मानित किया।

# अयोध्या दीपोत्सव की तर्ज पर दशहरा की तैयारी



करनैलगंज का सजा रामलीला मैदान। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज की रामलीला में दशहरा के दिन श्रीराम और रावण का विमान पूरे मैदान में दौड़कर युद्ध करता है और अग्निबाणों की बरसात होती है।

विशेष तौर पर 40 फीट ऊंचे रावण का विमान पूरे मैदान में चलकर भगवान राम से युद्ध करता है और भगवान राम के अग्निबाण से ही रावण के पुतले में आग लगती है। इस वर्ष श्री रामलीला कमेटी ने अभूतपूर्व व्यवस्था की है। जहां अयोध्या दीपोत्सव की तर्ज पर पूरे रामलीला मैदान और आसपास किसी सड़कों को भी भगवा मय कर दिया गया है। पूरे मैदान में भगवा झालर, झंडा और मुख्य द्वार, सीता द्वार के साथ लंका द्वार को भव्य रूप से सजाया गया है। जिन रास्तों से भगवान श्री राम का विमान निकल कर रामलीला मैदान और रामलीला समापन के पश्चात मैदान से निकलकर रामलीला भवन तक पहुंचने के रास्तों पर बड़े बेहतर ढंग से सजावट की गई है।

**दशहरा का मुख्य आकर्षण केंद्र :** श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय ने बताया कि इस बार दशहरा पर अयोध्या दीपोत्सव की तर्ज पर अभूतपूर्व तैयारी की गई है।

## सार-संक्षेप

### विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करता है राष्ट्रीय आविष्कार अभियान


**मनकापुर** : ब्लॉक संसाधन केंद्र मनकापुर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत विज्ञान प्रश्नोत्तरी, परीक्षा खण्ड शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार सिंह और एआरपी जय प्रकाश, ओम प्रकाश, जितेंद्र वर्मा, सूर्यभान और अरुण प्रकाश के निर्देशन में सम्पन्न हुई। परीक्षा के प्रथम चरण में 25 अंकों की लिखित परीक्षा हुई, जिसमें से शीर्ष 25 बच्चों की 5 समूह बनाकर प्रश्नोतरी परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रश्नोतरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय दतौली से राज वर्मा, गुनौरा से रुचि पाण्डेय, उच्च प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर से देवेंद्र प्रताप, कम्पोजिट विद्यालय सोनवरसा से मनीष मौर्य की टीम को विजेता घोषित किया गया। विजेता टीम को शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया और श्रेष्ठ 10 बच्चों को प्रोजेक्ट फ़ाइल और विज्ञान किट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि बच्चों के लिए विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी को रोचक बनाने के लिए इसका आयोजन कराया जा रहा है। राज्य स्तरीय संदर्भदाता देव प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अवलोकन, प्रयोग, आविष्कार ड्राइंग, मॉडल निर्माण को विकसित करना करना है। ए आर पी जय प्रकाश शुक्ल ने बताया कि विजेता टीम कर बच्चों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनीष वर्मा, भोला प्रसाद यादव, बलजीत सिंह कनौजिया जूनियर शिक्षक के मंत्री अमरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद, अनिल द्विवेदी, राम गोपाल, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश, प्रेम चंद्र तिवारी, राजेश सिंह, विजय वर्मा, रूपेश पाण्डेय, सुरजीत मौर्या, अवधेश पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, शशिबाला द्विवेदी, अमला, आरती चौधरी, अनामिका शर्मा समेत तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### मेला बरिया डीह के स्मारिका का हुआ प्रकाशन

**तरबगंज** : घांचा बीकापुर ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाला मेला बरियाडीह बहुत ही मशहूर मेला है, जो हर वर्ष दशहरा के दो दिन बाद शुरू होता है और पांच दिनों तक चलता है जिसमें लखनऊ के मशहूर कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता है। राम वन गमन से शुरू होकर मेघनाद वध, रावण वध के बाद राजगद्दी पर समाप्त होता है। यहां रावण वध के दिन काफी भीड़ होती है और रावण के पुतले का दहन किया जाता है। यहां पर महाराज परमहंस की तपोस्थली है जहां पर मंगलवार व शनिवार को मेला लगता है। उनकी समाधि पर चद्दर व प्रसाद चढ़ाए जाते हैं। मान्यता है कि जो भक्त सच्चे दिल से महाराज परमहंस से प्रार्थना करता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। मेला बरिया डीह महाराज परमहंस जी ने शुरू कराया था जो अनवरत चला आ रहा है। मेला बरियाडीह के संरक्षक विधायक प्रेम नरायन पाण्डेय हैं जो मेला में हर वर्ष कुछ नयापन लाते रहते हैं। यहां पर लखनऊ से भी दुकानें आती हैं। भीड़ इतनी ज्यादा होती है कि सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ पीएसी बल लगाया जाता है। जहां रामलीला के बाद मशहूर पार्टी का प्रोग्राम होता है।

**मंचन** ऐतिहासिक रामलीला के प्रसंग को देखने जुटी हजारों की भीड़

# जब हत्यारे डाकू को सरेशाम दे दी गई फांसी की सजा...



रामलीला में अपराधी को फांसी के फंदे पर लटकाया गया। अमृत विचार

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : शुक्रवार की सायंकाल में श्री रामलीला महोत्सव में अहिरावण एवं नारांतक वध के साथ ही एक हत्यारे डाकू को सरेशाम फांसी पर लटका दिया गया। जी हां, चौंकिए नहीं, युवक को प्रतीकात्मक फांसी रामलीला कमेटी के जज द्वारा दिए गए आदेश पर होती है।

ऐतिहासिक रामलीला मंचन में कलाकारों द्वारा यह जीवंत चित्रण किया गया। रामलीला की तरफ से पुलिस व अदालत की भी व्यवस्था की गई। रामलीला की अदालत के तरफ से पारित आदेश के अनुपालन में एक अपराधी व्यक्ति को फांसी के फंदे पर झुलाने की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन सहित हजारों की संख्या में लोगों का तांता लगा रहा। फांसी की लीला के मंचन में दिखाया गया कि काबुल का एक व्यापारी अपना व्यापार करने आया था। उसके साथ उसका बेटा भी था, जो व्यापार कार्य मे हाथ बंटा रहा था।

रामलीला मंचन के दौरान एक अपराधिक व्यक्ति उसका सामान व नकदी लूटने लगा। व्यापारी के लड़के के विरोध करने पर वह उसकी हत्या करके फरार हो गया। व्यापारी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने अपराधी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां न्यायालय ने उसे मौत की सजा सुना दी। जिस पर पुलिस व प्रशासन के सामने रामलीला मैदान में अपराधी को फांसी के फंदे में लटका दिया गया। इसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग जुटे रहे। इस मौके पर कोतवाल श्रीधर पाठक, नगर चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, कमेटी अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, महामंत्री कामता नाथ वर्मा, कन्हैया लाल वर्मा, बरसाती लाल कसेरा, राजेंद्र वर्मा, विश्वनाथ शाह, सोनू पुरवार, अनोखेलाल मोदनवाल, किसनू सिंह, अंकित जायसवाल, बाबूलाल रस्तोगी, कैलाश सोनी, शिव पूजन गोस्वामी, सहित कमेटी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे।

### इन कलाकारों ने निभाया रामलीला में किरदार

रामलीला में फांसी नाटक के लीला में व्यापारी का किरदार कमल वर्मा, डाकू का अनुज जायसवाल, दरोगा का अतुल पटवा, सिपाही का आजाद कसेरा, वक़ील का अभिषेक पुरवार, प्रिंस पुरवार, डॉक्टर का अंकित जायसवाल व जज का किरदार अरमान पुरवार, पेशकार का गौरव वैश्य, चपरासी का आभाष सोनी ने निभाया।




## एक नजर

### करंट लगने से झुलसा

**महसी, बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटिया का मजरा लमरी टेपरा निवासी गणेश पुत्र शिवनाथ उम्र करीब 18 वर्ष को शुक्रवार को दोपहर मे नव दुर्गा पूजा पंडाल राजी चौराहा पर खेलते समय पास से गुजरी 11000 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट मे आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन मे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी पहुंचाया जहां पर डाक्टरो ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रिफर कर दिया मेडिकल कॉलेज बहराइच मे इलाज चल रहा है।

### ई रिक्शा चालक पर चाकू मारने वाला गिरफ्तार

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला हमजापुरा निवासी अब्बास अली पुत्र हासिम ई रिक्शा चालक है। वह गुरुवार को ई रिक्शा पर सब्जी मंडी से आलू लादकर घंटाघर की तरफ जा रहा था। सीओ सिटी कार्यालय से 50 मीटर की दूरी पर रज्जी पुत्र मल्लू निवासी चांदपुरा ने ई रिक्शा में बैठने से लिए कहा। अब्बास ने बैठाने से इंकार दिया। जिस पर रज्जी ने चाकू से हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**बहराइच।** फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिराहीमडीहा गांव निवासी अंजना (16) पुत्री प्रदीप कुमार ने पारिवारिक कहासुनी के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार के लोग उसे सीएचसी लेकर आए। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में गुरुवार रात को मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ग्रामीणों के सहयोग से गरीब बेटी का हुआ विवाह

**फखरपुर, बहराइच।** फखरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत दयालपुरवा मंझारा तौकली के निवासियों ने एक गरीब और असहाय बेटी के विवाह में सहयोग देकर समाज में एक अनूठी मिसाल पेश की। अत्यंत गरीब ममता पुत्री दयाराम का विवाह मोनू पुत्र पूरणमल के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आलोक यादव बीडीसी की अगुवाई में हुआ। जिसमें गांववासियों और स्थानीय नेताओं ने भरपूर सहयोग दिया।

### दुर्गा मंदिरों में हवन और पूजा का हुआ आयोजन

**पयागपुर, बहराइच।** शारदीय नवरात्र के समापन से पूर्व होने वाले हवन पूजन कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को क्षेत्र के दुर्गा पूजा पण्डालो सहित विभिन्न देवी मंदिरों पर आयोजित हवन अनुष्ठान में हजारों की तादात में लोग शामिल हुये पुनीत कार्य में बीडीसी आलोक यादव के नेतृत्व में सुमन निषाद, रामकरण, हृदयराम, बैजनाथ, और बीरबली का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब समाज में सहयोग और एकजुटता होती है, तो किसी भी प्रकार की कठिनाई को पार किया जा सकता है। इस अवसर पर ध्वनि विस्तार यंत्रों से अंकित रहे मंत्रोच्चार से समूचा क्षेत्र भक्ति मय रहा।

### हवन पूजन के साथ नवरात्र का समापन

**नवाबगंज, बहराइच,** नवाबगंज कस्बे के हनुमान मंदिर, शिव शंकर धर्म शाला, चौगड्डा, बीजे गांव, बेलवा भारी डगर, महादेवा आदि स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल मे नौ दिन से चल रही दुर्गा माता की पूजा अर्चना आरती आज नवमी के दीन हवन आरती एवम कन्याओं को भोजन कराने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। पैतौरा चौराहा स्थित सम्मय माता मंदिर, माता फूलमती मन्दिर, मां दुर्गा मंदिर बस स्टॉप, सहित अनेकों पूजा पण्डालों में पुरोहितों द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कार्य सम्पन्न कराया गया, जिसमे लोगों ने बढ़चढ़ भाग लिया।

# जिले भर में आरती के साथ हुआ प्रसाद वितरण



बहराइच के उर्रा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार



फखरपुर के नंदवल में पूजा करते पूर्व कैबिनेट मंत्री। अमृत विचार

**शारदीय नवरात्र**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार को मां दुर्गा के नवें स्वरूप की पूजा अर्चना हुई। आरती के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम जिले भर में हुआ। श्रद्धालुओं की भीड़ कतार में लगी दिखी।

शारदीय नवरात्र का शुक्रवार को नवां दिन रहा। सुबह से लोग घरों के साथ दुर्गा पूजा और पूजा पंडाल में कन्याओं को भोज कराया। इसके बाद माता के नवें स्वरूप की पूजा अर्चना हुई। शहर के पानी टंकी, जेल रोड, लोहिया चौराहा, मेडिकल कॉलेज, पीपल तिराहा, काजी कटरा में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति की पूजा अर्चना हुई। इसके अलावा सुजौली, मिहीपुरवा, नानपारा, मटेरा, शिवपुर, खैरीघाट, उर्रा बाजार में माता की पूजा हुई। कन्या पूजन के लिए मंदिरों में काफी भीड़ दिखी। उधर फखरपुर के नंदवल में पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने पूजा अर्चना की। उर्रा में पूजा अर्चना के दौरान कमेटी अध्यक्ष शैलेन्द्र साहनी, प्रबंधक डॉक्टर योगेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सोनी, संजय जायसवाल, सच्चिदानंद शर्मा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कन्या की रक्षा व सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राव व जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शुक्रवार को अर्न्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य , मिशन शक्ति फेज5 अभियान के तहत विशेष कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कन्या पूजन एवं प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ मुकेश चंद्र रहे। मुख्य अतिथि ने उपस्थित कन्याओं को चन्दन और अक्षत का टीका कर , चुनरी व माल्यार्पण कर पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात प्रत्येक कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर उपहार दिया गया। सभी कन्याओं के चरण छू कर उनका आशीर्वाद लिया गया साथ में कन्याओं को उपहार में चॉकलेट पेंसिल बॉक्स भी दिया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कन्याओं को प्रेरित करते हुए उनके द्वारा कहा कि आप सब अपने जीवन में सतत् आगे बड़े तथा बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बच्चियों उपहार गिफ्ट देते हुए कहा कि सभी पढ़ाई करें। वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रशासिका रचना कटियार द्वारा भी बच्चों के चरण वंदन करते हुए आशीर्वाद लिया गया। मौके पर समस्त प्रोबेशन स्टाफ व आई सीडीएस स्टॉफ उपस्थित रहे।



आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य विकास अधिकारी।

# साइकिल से जा रहे युवक को हाथी ने पटका, मौत

## शव पोस्टमार्टम को भेजा, युवक की मौत से परिवार में कोहराम

संवाददाता, बिछिया, बहराइच

**अमृत विचार।** जंगल से सटे भवानीपुर गांव निवासी एक युवक शुक्रवार सुबह आठ बजे साइकिल से जा रहा था। लाफिंग ट्री के पास हाथी ने युवक को साइकिल समेत उठाकर फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी मुबारक (29) पुत्र लाल मोहम्मद साइकिल से सुबह आठ बजे जा रहा था। कतर्नियाघाट जाते समय लाफिंग ट्री के पास मौजूद हाथी ने हमला कर साइकिल समेत दूर उठाकर फेंक दिया। जिसके चलते हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे नाविक ने इसकी जानकारी वन विभाग के साथ परिवार के लोगों को दी। घायल को सभी एंबुलेंस से लेकर सीएचसी पहुंचे। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल लाते समय रिसिया मोड़ के पास युवक की मौत हो गई। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं हमले वाले मार्ग पर आवागमन रोक दिया गया है।



भवानीपुर गांव निवासी युवक की मौत के बाद जमा भीड़। अमृत विचार

**मिलेगी आर्थिक सहायता**

इस मामले में डीएफओ बी शिव शंकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हाथी के हमले में मौत हुई है। तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि वन विभाग की ओर से परिवार को दिया गया है। पांच लाख रुपये डीएम के माध्यम से अलग से दी जाएगी।

# सड़क हादसों में अज्ञात समेत दो की मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के कोतवाली देहात और राम गांव थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक अज्ञात युवक शामिल है। जबकि डीसीएम की टक्कर से युवक घायल हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा खान गांव विजय (22) पुत्र राम मनोरथ उर्फ राधे श्याम मुंबई में रहकर काम करता था। वह दो दिन पूर्व दुर्गा पूजा के लिए घर आया था। वह ननिहाल रामगांव थाना क्षेत्र के तमाचपुर गांव में मुंबई से सीधे चला गया था। भाई अजय के साथ बाइक से शुक्रवार को वह ननिहाल से घर जा रहा था। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरवा के पास बाइक में डीसीएम ने ठोकर मार दी। हादसे में मौके पर ही विजय की मौत हो गई। जबकि भाई अजय घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी। उधर देहात कोतवाली के बहराइच-बलरामपुर हाईवे पर धरसवां गांव के पास सडक़ पार कर रहे 38 वर्षीय अज्ञात युवक को कार ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने वाला चालक वाहन घटनास्थल पर ही छोडक़र भाग गया। स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना पांच से छह बजे के बीच हुई है, आरोप है लगभग दो घंटे बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास स्थानीय लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी। देहात इंस्पेक्टर परमानन्द तिवारी ने बताया युवक की जेब से एक एटीएम कार्ड मिला है जिसके आधार पर शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मौके पर एक क्षतिग्रस्त वाहन भी खड़ा मिला है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन सजग है।उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ने विसर्जन स्थल ताल बघेल घाट का निरीक्षण कर नगर प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिये। उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने शुक्रवार को तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार के साथ विसर्जन स्थल ताल बघेल घाट का निरीक्षण कर तालाब की साफ सफाई सहित परिसर में उचित प्रकाश व्यवस्था का प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने बताया कि शनिवार को क्षेत्र में स्थापित दर्जनों दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होना है,विसर्जन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये नगर प्रशासन को पूरी तरह सजग रहना है।अधिशासी अधिकारी प्रतिमा सिंह ने बताया कि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर ताल बघेल की साफ सफाई सहित प्रकाश व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा रहा है।नगर के कर्मियों द्वारा विसर्जन स्थल की साफ सफाई का कार्य चल रहा है। इस दौरान थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय, सी0 एम0फेलो आशीष सिंह,संदीप कुमार, लिपिक सतपाल यादव, कौशल त्रिपाठी,सदानंद शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, मयंकर शुक्ला, धर्मेश कुमार,संतोष कुमार, हरीश कुमार, शोभित पांडे, नरेंद्र कुमार, विजय शंकर ,प्रभात कुमार, ,अंकित कुमार, सिमरजीत योगेश कुमार,बाल जी आदि मौजूद रहे।

### एम्बुलेंस कर्मचारियों ने पूजा और हवन किया

**बहराइच,अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस द्वारा विजयदशमी और नवरात्रि के उपलक्ष्य में सभी कर्मचारियों को मिठाई आदि बांटकर खुशी मनाई। जिला प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि दशहरा और मूर्ति विसर्जन को ध्यान में रखते हुए सभी एम्बुलेंस को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी दुर्घटना के दौरान जरूरतमंदों को तुरंत सहायता मिल सके। झिन्हा घाट, पयागपुर, बदागांव, घाघराघाट, गायघाट, रिसिया, गोलवाघाट, कतर्निया घाट जैसी जगहों को हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है और वहां एम्बुलेंस को तैनात किया गया है। इस अवसर पर हेल्पडेस्क की ललिता देवी, सुमन, एम्बुलेंस स्टाफ के अमित, सौरभ, अशोक, आलोक, दीपक, विजय, रवि के साथ-साथ जिला प्रभारी अनुपम, अभिनव, जितेंद्र और जिला प्रोग्राम मैनेजर सुधीर मणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### एक हजार मुस्लिमों पर गंभीर धाराओं में केस

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा नगर में सात अक्टूबर को धार्मिक टिप्पणी को लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने जमकर उत्पात मचाया था। उस मामले में पुलिस ने एक हजार अज्ञात मुस्लिमों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली नानपारा के केशवापुर गांव निवासी जय रस्तोगी पुत्र रविन्द्र कुमार उर्फ महेंद्र रस्तोगी ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें मोहल्ला पटहरन निवासी हैदर पुत्र जीशान द्वारा जय रस्तोगी के मोबाइल पर अभद्र पोस्ट किया गया। इसके विरोध में जय ने मैसेज करते हुए दूसरे दिन स्कूल में आने की बात कही। इसको मुद्दा बनाकर मुस्लिम समाज एक हजार से अधिक लोग गांधी पार्क के पास एकत्रित हुए। सभी ने सर तन से जुदा समेत अन्य गंभीर नारे लगाए। लगभग तीन घंटे तक सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो गया। आपत्तिजनक नारे लगाने का वीडियो भी बनाया गया। जिस पर कोतवाली पुलिस ने एक हजार अज्ञात मुस्लिमों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। जिसमें सेवन क्रिमिनल एवंडमेंट एक्ट भी लगाया है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि फोटोग्राफी से पहचान कर जांच के बाद इनकी गिरफ्तारी की जायेगी।

### आनलाइन उपस्थित के विरोध में एएनएम ने किया प्रदर्शन



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के बाहर प्रदर्शन करतीं एएनएम।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में शुक्रवार को एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए सीएचसी पर अन्य मांगों के समर्थन में धरना दिया। इसके बाद सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कैसरगंज सीएचसी के सामने शुक्रवार को सभी एएनएम एकत्रित हुईं। सभी ने सरकार के ऑनलाइन हाजिरी पर विरोध प्रगट कर रही है। उन्होने मांग किया कि एएनएम सेंटरों पर पोर्टल के जरिये सुबह-शाम फोटो अपलोड करने के आदेश को निरस्त किया जाए। एएनएम का कहना है कि दूरस्थ तैनात महिला कर्मचारी फील्ड में कार्य करती हैं।उसके बाद अन्य कार्यों की भी जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में दो बार पोर्टल पर फोटो अपलोड करना संभव नहीं है। एएनएम रेनू शुक्ला, विनीता, राजकुमारी, सर्वेश,सुमन, विन्दु, नेहा, दीक्षा, सीमा, नीति, रीना, संगीता ने कहा कि यदि मांगे पूरी नही होती है तो 14 अक्टूबर दिन सोमवार को होने वाले ठीकाकरण में सभी एएनएम द्वारा ऑनलाइन फीडिंग न करके विरोध प्रकट किया जायेगा तथा आगामी किसी भी दिवस में सभी एएसएम द्वारा न ही टीकाकरण किया जायेगा और न ही ऑनलाइन कोई कार्य किया जायेगा। साथ-साथ अनिश्चित काल के लिये धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें होने वाली समस्त समस्याओं की जिम्मेदारी अधीक्षक व जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर मिथिलेश, स्वाती, शालिनी, सुषमा, अनुराधा, पूजा, पुष्पा, आदि एएनएम मौजूद रही।

# इस बार 55 फुट के रावण का पुतला होगा दहन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** असत्य पर सत्य के विजय के प्रतीक दशहरा पर्व के दिन रामलीला मैदान में इस बार 55 फुट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसको लेकर पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रावण के पुतले के साथ ही मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले को भी बीते वर्ष अपेक्षा बड़ा बनाया जा रहा है।

शहर के रामलीला मैदान में प्रतिवर्ष के साथ दशहरे का आयोजन होता है। दशहरा में रावण और उसके साथियों के पुतले का दहन किया जाता है। कमेटी के सदस्य अजय कुमार अग्रवाल उर्फ अज्जू के यहां रावण का पुतला बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले की ऊंचाई बढ़ा दी गई है। पुतला दहन होने के साथ ही अट्टहास भी करेगा। अजय कुमार अग्रवाल ने बताया इस बार रावण का पुतला 55 फुट, मेघनाथ का 21 फुट और कुंभकरण का पुतला 18 फीट का जलाया जाएगा। जबकि बीते वर्ष रावण का पुतला 45 फुट, मेघनाथ का 17 और कुंभकर्ण का पुतला 16 फीट का ही था। इस पर सभी के पुतले को बड़ा बनाया गया है।

**कपड़े से बन रहा पुतला**

पुतला निर्माण करने वाले कारीगर प्रह्लादी ने बताया कि प्रतिवर्ष कागज से पुतले का निर्माण किया जाता था। लेकिन इस बार यह निर्माण कपड़े से किया जा रहा है। जिससे जल्दी जलने के साथ अन्य सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

## पांच लोगों को पहनाया हेलमेट

**मटेरा, बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शुक्रवार को मटेरा थाने की पुलिस ने वाहनों की जांच शुरू की। मटेरा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाइक जांच के दौरान पांच लोग बिना हेलमेट लगाकर गंतव्य तक जाते दिखे। जिस पर पुलिस ने हेलमेट खरीदकर बाइक सवारों को पहनाया। साथ ही हेलमेट की सुरक्षा के बारे में अवगत कराया। इस दौरान अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्रतिमा विसर्जन स्थलों की व्यवस्थाएं ठीक कराएं : डीएम



कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को संबोधित करतीं डीएम। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति विशेष अभियान, प्रतिमा विसर्जन के लिए की गई तैयारी, पीएम सूर्य घर, लम्बित राजस्व वादों के निस्तारण, विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता, श्रमिकों के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, चरागाहों की भूमि को अतिक्रमण से मुक्ति, आपदा के लम्बित प्रस्तावों की समीक्षा देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि चरागाह की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर राजस्व परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। समस्त एसडीएम पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ विसर्जन स्थलों एवं जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा दें। रिसोर्स रिकवरी सेन्टर निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये तथा जो परियोजनाएं अभी अराम्भ है, उन्हें तत्काल प्रारम्भ करा दिया जाय। मिशन शक्ति फेज-5 से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये अभियान अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के पश्चात उसको पोर्टल पर अपलोड भी कराया जाय। प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के दौरान एसडीएम को निर्देश दिये गये कि प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर तीन दिवस के अन्दर जनपद स्तरीय समिति को उपलब्ध करा दें।

# हंगामा होने पर लौटीं केले की फसल कटाने पहुंचीं अधिकारी

**बहराइच, अमृत विचार।** केले फसल कटाने उद्यान विभाग की एक महिला अधिकारी पहुंचीं। किसान ने मना कर दिया और लोगों के साथ हंगामा शुरू कर दिया तो वह लौट गयीं। जरवलरोड थाना क्षेत्र के बसाहिया जगत में सचिन ने लीज पर जमीन लेकर जुलाई 23 में 7 बीघा केले की फसल उद्यान विभाग की अधिकारी रश्मि शर्मा की देखरेख में लगाई थी। विभाग ने किसान को 32 हजार के 2100 केले के पौधे दिये थे। किसान की मदद के लिए अधिकारी ने 20 हजार रुपये भी दिए थे। किसान ने 52 हजार रुपए अधिकारी को लौटा दिये थे। किसान का आरोप है कि उद्यान अधिकारी ने उससे कहा कि केला बेचकर पैसा हमारे खाते में भेज दीजिए,हम मजदूरी दे देंगे।उसने अधिकारी से कहा कि साहब हमने लीज पर जमीन लेकर केला लगाया है। खेत वालों को पैसा देना है,और अपनी पूंजी भी निकालनी है। इतना सुनकर अब गोण्डा में तैनात महिला अधिकारी रश्मि शर्मा भड़क गयीं फसल कटाने बुधवार को व्यापारी और मजदूर लेकर खेत पहुंचीं। हंगामा होता देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सुलह करा दी। इसके चलते अधिकारी वापस लौट गईं।

**रामलीला** — श्री रामलीला समिति जरवल रोड की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हुआ राम-सुग्रीव मित्रता का मंचन, इंटहा में बाल कलाकार कर रहे अभिनय

# जटायु ने प्रभु श्रीराम को बताया सीता को हर ले गया रावण

संवाददाता, जरवलरोड/मटेरा

**अमृत विचार।** श्री रामलीला समिति जरवल रोड की ओर से राम सुग्रीव मित्रता का मंचन हुआ। सीता का हरण होने के बाद राम लक्ष्मण कुटिया पर आये तो सीता के न मिलने पर जंगल में आगे बढ़े तो से जटायु ने बताया कि रावण सीता का हरण करके दक्षिण दिशा में ले गया है। आगे जाने पर शबरी मिली उसके जूठे बेर खाने के बाद उसे नवधा भक्ति का महत्व बताया।

रामलीला मंचन के दौरान शबरी ने प्रभु श्रीराम को बताया कि ऋष्यमूक पर्वत पर वानरों का राजा सुग्रीव रहता है। वह आप की सहायता कर सकता है। आगे जाने पर हनुमान मिले, उन्होने प्रभु श्रीराम की मित्रता सुग्रीव से करायी। सुग्रीव ने मां सीता की खोज के लिए वानरों को चारों दिशाओं मे भेज दिया। इस अवसर पर राम लीला अध्यक्ष चंदन गुप्ता, महामंत्री प्रदीप जायसवाल ,कोषाध्यक्ष मुकेश यज्ञसैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव, राहुल सिंह, सुमित गुप्ता ,शरद पोरवाल , गुंजन पोरवाल,विकास सिंह ,राम लौटन जायसवाल, सुनिधि देव मिश्र, मोनू श्री चंद जैन पप्पू कनौजिया,मिश्रा, नंदन श्रीवास्तव, इंद्रजीत मौर्य, सोम प्रकाश गौड़, माधवराव शुक्ला मौजूद रहे। उधर नानपारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंटहा में लगभग 50 वर्षों से रामलीला का मंचन होता चला आ रहा है। इस बार भी 7 अक्टूबर को रामलीला की शुरुआत हुई मेघनाथ और रावण वध के साथ दशमी को रावण दहन कर समाप्ति की जाएगी। इस बार रामलीला मंचन में स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति की जा रही है। इनका अभिनय काबिले तारीफ है इनके अभिनय और संवाद अदायगी रामलीला के वरिष्ठ कलाकारों के पसीने छुड़ा रही है। यह बाल कलाकार रामलीला में ही नहीं बल्कि अन्य नाटकों आदि में भी अभिनय का परचम लहरा रहे हैं। इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा ही रामलीला का मंचन किया जाता है। राम लीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार रामलीला मंचन में बाल कलाकारों को मौका दिया गया है इनका अभिनय देखने योग्य है। आने वाले समय में और अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा।



इंटहा में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार



जरवल रोड में राम लीला के दौरान सजी झांकी। अमृत विचार

# मजदूरों के लिए नहीं आया मनरेगा का बजट, फीका रहेगा त्योहार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से मनरेगा के तहत हुए कार्य के लिए 45% राशि जारी कर दी है। यह राशि सामग्री मद के लिए जारी की गयी है। जबकि मजदूरों के लिए राशि जारी नहीं की गयी है। ऐसे में मजदूरों का दशहरा और दीवाली का पर्व फीका रह सकता है।

जिले में मनरेगा का 2757.47 करोड़ रुपये मनरेगा का बकाया है। इससे लाखों श्रमिकों की मजदूरी देने में परेशानी होती है। सरकार ने मनरेगा के लिए बजट जारी किया है। लेकिन यह बजट मजदूरों के लिए न देकर सामग्री खरीद के लिए भेजा है। ऐसे में जिन ठेकदार या एजेंसी की ओर से सामग्री की खरीद करवाई गई है उन्हें भुगतान हो जाएगा। जबकि श्रमिकों को इंतजार करना पड़ेगा। सरकार की ओर से खरीद मद में बकाया का 45% राशि भेज दिया गया है। जबकि शेष राशि के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा।

**श्रमिकों का आता रहता है भुगतान**

सरकार की ओर से बकाया 45% राशि भेजी गयी है। यह राशि 15 अक्टूबर तक आ जाएगी। लेकिन श्रमिकों के बकाया के लिए कोई दिक्कत नहीं है। इनका बीच-बीच में भुगतान होता रहता है।

-सतीश कुमार पांडेय, मनरेगा उपायुक्त

# कारोबार-रोजगार के खुले द्वार, 11 शहरों में पाएं औद्योगिक भूखंड

## यूपीसीडा ने शुरू की 43 औद्योगिक व व्यावसायिक भूखंडों की ई-नीलामी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत सरकार ने एक नई पहल की है। यूपीसीडा ने 43 औद्योगिक व व्यावसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इससे बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यावसायिक भूखंड पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। इन व्यावसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन भी किए जाएंगे।

- **बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद, उन्नाव में काफी अवसर**
- **वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप और हॉस्पिटल खुलेगा**



मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी भूखंड का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों रुपये की बोली लगा सकेंगे।

कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है, जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकार रोजगार, विकास, कृषि व उद्योगों को लेकर काफी सक्रिय है और अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### इन स्थानों पर भूखंडों का हो सकेगा इस्तेमाल

**बरेली :** 16,800 स्क्वायर मीटर क्षेत्र के प्लॉट का वेयर हाउस डेवलप करने के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इस प्लॉट की रिजर्व प्राइस 4 .51 करोड़ है। वहीं, औद्योगिक भूखंड के तौर पर 18929 .12 स्क्वायर मीटर का प्लॉट निर्धारित है, जिसका रिजर्व प्राइस 9 .71 करोड़ है।

**जालौन :** उरई में होटल निर्माण के लिए 6,600 स्क्वायर मीटर क्षेत्र के भूखंड का होटल निर्माण में इस्तेमाल हो सकेगा। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस 3 .19 करोड़ रखी गई है।

**बाराबंकी :** ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत यहां दो भूखंडों की नीलामी होगी। पहला भूखंड जीएच1 इंडस्ट्रीयल एरिया कुर्सी रोड पर स्थित है। यह 2730 .33 वर्ग मीटर का प्लॉट है, जिसकी रिजर्व प्राइस 2 .28 करोड़ निर्धारित है। वहीं, दूसरा प्लॉट जीएच 2 इंडस्ट्रियल एरिया, कुर्सी रोड स्थित है। यह भी 2730 .33 वर्ग मीटर का प्लॉट है, जिसकी रिजर्व प्राइस 2 .28 करोड़ निर्धारित है।

**मुरादाबाद :** स्पेशल इकॉनमिक जोन (एसईजेड) में 6802 .42 स्क्वायर मीटर के प्लॉट की नीलामी पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए 7 .44 करोड़ की रिजर्व प्राइस पर हो सकेगी।

**अमेठी, बांदा, अमरोहा, हमीरपुर व मैनपुरी :** अमेठी के कौहर इंडस्ट्रियल एरिया में इंडस्ट्रियल यूज के लिए 5 प्लॉट्स की नीलामी होगी जिनकी क्षेत्रफल 406 .27 से लेकर 419 .81 मीटर होगा और इनकी रिजर्व प्राइस 15 .23 लाख से लेकर 15 .74 लाख रखी गई है। इसी प्रकार, बांदा-हमीरपुर, मैनपुरी व अमरोहा में भी विभिन्न श्रेणी के इंडस्ट्रियल प्लॉट्स भी नीलामी के लिए उपलब्ध हैं।

**उन्नाव :** यहां व्यावसायिक और औद्योगिक दोनों ही प्रकार के कुल 10 प्लॉट्स नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। इसमें से सबसे ज्यादा प्लॉट्स ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में स्थित हैं। इनका इस्तेमाल स्कूल, शॉपिंग सेंटर, बीपीओ, क्लब, वुमेंस होस्टल, बैंक्वेट हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, कम्यूनिटी सेंटर, पेट्रोल व सीएनजी स्टेशन तथा हॉस्पिटल के लिए हो सकेगा। इसका क्षेत्रफल 2504 .82 मीटर से 19769 .48 मीटर के बीच स्थित है और रिजर्व प्राइस 11 .38 से 44 .91 करोड़ के बीच निर्धारित है।

# आईटी उद्योग को बढ़ावा देने को कम की गईं विद्युत दरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दावा किया है कि उप्र. में आईटी उद्योग को बढ़ावा देने को विद्युत दरें कम की गई हैं। इसका उद्देश्य स्टार्टअप लगाने व बाहर की कम्पनियों का निवेश बढ़ाने के लिए है। ऐसे में बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर करने वाला उप्र. पहला राज्य बन गया है। ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि, इसी प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन स्टेशनों के लागू वर्तमान टैरिफ को राज्य परिवाहन के लिए भी अनुमन्य कर दिया गया है। यह पहल राज्य की इलेट्रिक मोबिलिटी एजेंडा को बढ़ावा देने के लिए की गयी है। इससे सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग को सुलभ और सस्ता बनाया जा सकेगा तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इसी के साथ एके शर्मा ने आने वाले त्योहारों दशहरा, दीपावली व छठ पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए हैं।

## प्रयागराज में 25 से 27 तक होगा कुंभ कॉन्क्लेव

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ 2025 के आयोजन को देश -विदेश में पहुंचाने के लिए कुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। तीसरा कुंभ कॉनक्लेव 25-27 अक्टूबर तक प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जाएगा। एमएनएनआईटी के इनोवेशन व इनक्यूबेशन हब और इंडिया थिंक काउंसिल की ओर से यह आयोजन होगा। इसमें पर्यटन विभाग की भी सहभागिता होगी। इंडिया थिंक काउंसिल के निदेशक डॉक्टर सौरभ ने बताया कि तीन दिवसीय कुंभ कॉन्क्लेव में 10 से अधिक तकनीकी सत्र होंगे। उसमें देश और विदेश के विद्वान शामिल होंगे। सम्मेलन में सीएम योगी भी शामिल हो सकते हैं।

# बिहार नहीं, उप्र. देता है देश को सबसे ज्यादा आईएएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आमतौर पर लोग जानते हैं कि बिहार के लोग सबसे ज्यादा सिविल सर्विस परीक्षा पास करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। देश को सबसे अधिक आईएएस देने वाले राज्यों की सूची में उत्तर प्रदेश का नाम नंबर एक पर है। फरवरी 2024 में उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल 652 आईएएस अधिकारी दिए हैं, जिसमें से 548 कार्यरत हैं।

दरअसल, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा हर वर्ष सिविल सर्विस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह परीक्षा लगभग एक वर्ष चलती है। पहले प्री परीक्षा होती है, फिर मेंस और अंत में इंटरव्यू। मेंस और इंटरव्यू के आधार पर उम्मीदवारों को सफल घोषित किया जाता है। यूपीएससी की यह परीक्षा देश की ही नहीं, दुनिया की भी कठिनतम परीक्षाओं में से एक है।

इसके बावजूद देश के लाखों नौजवान हर वर्ष यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में बैठते हैं, क्योंकि उनका सपना आईएएस और आईपीएस बनकर देश की सेवा करना होता है।

- **फरवरी 2024 में उप्र. ने कुल 652 आईएएस अधिकारी दिए, जिसमें से 548 कार्यरत हैं**
- **दूसरे नंबर पर बिहार, तीसरे पर मध्य प्रदेश और चौथे पर महाराष्ट्र का नाम शामिल**
- **इसके अलावा सूची में राजस्थान तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के साथ नॉर्थ ईस्ट के राज्य भी शामिल**

चूंकि यूपीएससी की ओर से यह वैकेंसी हजार का आंकड़ा पास कर पाती है, इसलिए लाखों में से कुछ भाग्यशाली उम्मीदवारों के ही आईएएस और आईपीएस बनने का सपना पूरा हो पाता है। उप्र. में इस प्रशासनिक सेवा की तरफ लोगों का रुझान इस कदर है कि लोग बच्चों को कलेक्टर बनने का आशीर्वाद देते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि एक तो यहां लोगों में इस नौकरी को लेकर प्राथमिकता मजबूत है और दूसरा उप्र. के कई जिलों जैसे प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ आदि में कई प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान भी हैं, जो यूपीएससी की तैयारी के लिए जाने जाते हैं। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बाद आईएएस और आईपीएस देने की सूची में दूसरा स्थान बिहार राज्य का है। आईआईटी और नीट के साथ बिहार के काफी लोगों का सपना यूपीएससी परीक्षा क्रैक करने का होता है। बिहार की राजधानी पटना को यूपीएससी कोचिंग का गढ़ कहा जाता है। इसके बाद तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश और चौथे नंबर पर महाराष्ट्र का नाम है। इसके अलावा सूची में राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के साथ नॉर्थ ईस्ट के राज्य भी शामिल हैं।

# नपा अध्यक्ष ने सोलर वाटर पंप का किया उद्घाटन

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा शुक्रवार को आठ सोलर वाटर पम्प का उद्घाटन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरु' ने बताया कि नगर वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका द्वारा झारखंडी,अचलापुर,बड़ी इमली, सब्जी वार्ड,नहर बालागंज,पुरानी बाजार माली टोला,नई बस्ती, भगवतीगंज में सोलर वाटर पंप लगाया गया है। इससे यात्रियों व आम जनमानस को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सोलर वाटर पंप में सौर ऊर्जा की मोटर से चलने वाले पंप के माध्यम से हर समय पांच हजार लीटर पानी मौजूद रहेगा। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लालचंद मौर्य,अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस,सभासद राघवेंद्र कांत सिंह 'मंटू' संजय शर्मा,शुभेन्द्र मिश्रा गौरव,संजय शुक्ला,शिवम मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सोलर वाटर पंप का उद्घाटन करते नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरु'।

# महानवमी पर देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

## शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों में हवन-पूजन कर कन्या भोज कराया, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन भक्तों ने पूरे विधि विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। आखिरी दिन लोगों ने हवन कर कन्या पूजन किया। नवरात्र के नौवें दिन, जिसे नवमी कहा जाता है, लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में हवन और कन्या पूजन किया। यह दिन देवी दुर्गा की उपासना के लिए विशेष महत्व रखता है।

नवरात्र का नौवां दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित है। जिन्हें समस्त सिद्धियों की दाता माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पूर्ण श्रद्धा के साथ माता की आराधना और व्रत रखने से समस्त सिद्धियां प्राप्त होती हैं। सभी तरह की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है और घर में धन धान्य की कमी नहीं रहती है। नगर के देवी मंदिरों पर भोर से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए कतार में खड़े रहे। सुबह भक्तों ने अपने घर में भी माता को फूल, फल, मेवे, मिश्री, लौंग, कपूर आदि अर्पित कर पूजा किया।

सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा, जबकि अन्य भक्तों ने धन-संपदा और सौभाग्य का वरदान मांगा। मां दुर्गा, मां काली की आरती के साथ दुर्गा चालीसा और नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया गया। मंदिरों में माता को श्रृंगार की सामग्री, नारियल अर्पित करते हुए घी, लौंग अर्पित कर कपूर से आरती की गई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर व्रत का समापन किया। शक्तिपीठ देवीपाटन एवं बिजलेश्वरी देवी मंदिर बिजलीपुर में भी भक्तों ने दर्शन कर हवन किया। हवन के बाद लोगों ने कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया। जिले के सभी पूजा स्थलों एवं पंडालों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर पालिका परिषद द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस सुरक्षा बल तैनात किए गए थे।



भगवतीगंज में लगे मां अंबे के पूजा पंडाल में दर्शन करते भक्तगण। अमृत विचार



बिजली पुर स्थित बिजलेश्वरी मंदिर में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार



रामनवमी के उत्सव में डांडिया नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

# बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

**बलरामपुर, अमृत विचारः** शारदा पब्लिक स्कूल, बलरामपुर में महानवमी पर्व को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राम नवमी, प्रभु राम के जन्म का उत्सव है, जिन्हें विष्णु के 7वें अवतार के रूप में पूजा जाता है। हिंदू धर्म के प्रमुख पौराणिक ग्रंथों, विशेष रूप से रामायण और रामचरितमानस में, प्रभु राम को मर्यादा पुरुषोत्तम एवं आदर्श राजा के रूप में जाना जाता है। उनका जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ माना जाता है। इसी उपलक्ष्य में शारदा पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से महानवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रभु राम के जीवन से संबंधित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के पारंपरिक वेश में नजर आए। प्रधानाचार्य और अतिथियों ने बच्चों को प्रेरित किया और पर्व के महत्व पर चर्चा की।

- **शारदा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी का पर्व**

स्कूलों में महानवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शारदा पब्लिक स्कूल में चेयरमैन पराग बोस ने बच्चों को राम के आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया। डायरेक्टर मैडम सुदीपा बोस ने सभी बच्चों को भगवान राम के रुप में सराहना की। छात्र-छात्राओं को राम, सीता और हनुमान के रूप में देखकर आध्यात्मिक और नैतिक विकास की ओर प्रेरित किया गया। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों और उनके मर्यादा पालन की शिक्षा देते हुए बच्चों को जीवन में सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। ग्रेड नर्सरी से बारहवीं तक के छात्रों ने स्कूल के टीचर्स एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर भगवान राम के जन्म का उत्सव मनाने के लिए पूरे स्कूल को सजाया। छात्रों ने एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें भगवान राम के जन्म और उनके जीवन के आदर्शों का चित्रण किया गया। भगवान राम और उनके भक्तों को समर्पित एक भक्ति नृत्य भी किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

### सार-संक्षेप

#### गन्ना समिति के डायरेक्टर बने संतोष

**सादुल्लानगर, बलरामपुर, अमृत विचार।** गन्ना समिति के डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव में बैरिया सुरजनपुर से संतोष कुमार सिंह( पिंकू सिंह) निर्विरोध निर्वाचित हुए। समर्थकों में जीत के बाद भारी उत्साह देखा गया। समिति के सदस्य और स्थानीय नेता भी इस जीत को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। संतोष कुमार सिंह ने अपनी जीत का श्रेय किसानों और समिति के सभी सदस्यों को दिया और भरोसा दिलाया कि वे समिति के कार्यों में पारदर्शिता और विकास को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं है, बल्कि यह गन्ना किसानों और समिति के सभी सदस्यों की जीत है। मैं अपने कार्यकाल में किसानों के हितों को सर्वोपरि रखूंगा और समिति के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।इस अवसर पर पंकज सिंह चौहान ब्लॉक प्रमुख रेहरा बाजार राजकुमार गुप्ता, रमेश चौहान ,देवानंद तिवारी, दीपचंद जायसवाल ,बहरैची प्रसाद गुप्ता,रमेश चंद्र तिवारी,विष्णु गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता ,आशीष गुप्ता,सुधाकर सिंह आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।।

#### प्रतिमा विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**श्री दत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार।** दुर्गा पूजा के दौरान माँ दुर्गा जी की मूर्ति विसर्जन के लीएभक्तों को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत उनकी समस्या के निदान के लिए विकास खंड श्रीदत्तगंज के अंतर्गत गुमड़ी घाट पर मूर्ति विसर्जन घाट स्थल पहुँचकर साफ सफाई का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री दत्त गंज थानाध्यक्ष अनिल दीक्षित के ब्लॉक प्रमुख हेमंत जायसवाल और कई कार्यकर्ता के साथ में निरीक्षण किया।

#### नवरात्र उत्सव में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा




सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** गुरुवार को पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ एमपी तिवारी ने माता जी की पूजा-अर्चना की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद के अभिशेक सिंह व रीतेश सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय में समूह नृत्य, एकल नृत्य और कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के बीच हाउस बोर्ड प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता भी हुई। गांधी हाउस ने हाउस बोर्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी व अन्य अध्यापक मौजूद रहे। डॉ तिवारी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की और नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नवरात्र हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो शक्ति और ज्ञान की पूजा का प्रतीक है।

#### चोरों ने ट्रॉमा सेंटर से डेढ़ लाख का माल किया पार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर में एक बार फिर से चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चिकित्सालय परिसर में बने ट्रामा सेंटर में रातों रात करीब ड़ेढ लाख रुपये के सामान चोरी हो गए हैं। चोरी ट्रामा सेंटर के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर हुई है। चोर छह पंखे व तीन एयर कंडीशनर ले गए। इससे पहले भी संयुक्त जिला चिकित्सालय में दो बार चोरी की घटना हो चुकी है। अस्पताल प्रशासन नौ अक्तूबर को चोरी होने का दावा कर रहा है। नौ अक्तूबर को ही जिले में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था। उनका अस्पताल के बगल बने मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण कार्यक्रम था। संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकुमार वर्मा ने बताया कि नौ अक्तूबर को चोरी होने की घटना सामने आया है। छह पंखे व तीन एसी गायब है।देहात कोतवाली में तहरीर दी गई है।

#### वन विभाग ने बरामद की 120 बोटा अवैध खैर की लकड़ी

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग रेंज के तुलसीपुर यूनिट के अंतर्गत आने वाले सेखुईनिया कला गांव के पास स्थित एक घने बाग में वन विभाग की टीम ने 120 बोटा अवैध खैर की लकड़ी बरामद की है। गुरुवार रात 11 बजे पहुंची वन विभाग की टीम ने लकड़ी को सीज किया है। डीएफओ एम सेम्मारन के निर्देशानुसार वन विभाग की टीम,जिसमें एसडीओ मनोज कुमार,तुलसीपुर रेंजर अमरजीत प्रसाद और अन्य वन कर्मचारी शामिल थे। उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम ने बरामद लकड़ी को सीज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी ।



वन विभाग द्वारा पकड़ी गई खैर की अवैध लकड़ी। अमृत विचार

# उतरौला की ऐतिहासिक रामलीला की पहचान बना हनुमान जी का मुखौटा

खुर्शीद अहमद, उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचारः** उतरौला की ऐतिहासिक राम लीला मंचन में हनुमान जी की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस लीला में हनुमान जी का मुखौटा काफी मशहूर होने से इसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। कहा जाता है कि इस तरह का मुखौटा कई धातुओं के मिश्रण से बनाया गया है और इस तरह का मुखौटा प्रदेश भर में रामपुर व उतरौला में ही राम लीला कमेटी के पास है।

दशहरा व भरत मिलाप के दिन हनुमान जी को देखने के लिए भारी भीड़ रहती है। राम लीला कमेटी उतरौला के संरक्षक व महन्त मयंक गिरि ने बताया कि इस मुखौटे के रख रखाव का विरोध ध्यान रखा जाता है। प्रतिवर्ष राम लीला शुरू होने के पहले मुखौटे की साफ सफाई कराकर विशेष पालिस लगाकर इसमें चमक पैदा की जाती है। सैकड़ों वर्ष पुराना होने पर इसके चमक में कमी नहीं आई है। इस मुखौटे को देखने के लिए दूर दराज क्षेत्रों से आते हैं और हनुमान जी का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



आकर्षक हनुमान जी का मुखौटा। अमृत विचार

# लाभार्थियों को बांटीं आवास की चाबी

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय नोडल अधिकारी, नीति आयोग भुवनेश कुमार (अपर सचिव इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी) की अध्यक्षता में नीति आयोग के महत्वाकांक्षी जनपद में हेल्थ एवं न्यूट्रीशन, शिक्षा , कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विभिन्न सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान उन्होंने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव , गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, शतप्रतिशत टीबी मरीजों का चिन्हीकरण , स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर आदि का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6 वर्ष से कम बच्चो का अधिक से अधिक नामांकन , प्राथमिक विद्यालय से पास होने वाले अधिक से अधिक छात्रों का उच्च प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित किए जाने, सभी विद्यालयों में शौचालय, विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। कृषि क्षेत्र में उन्होंने कृषकों को छोटे-छोटे कृषि ऋण दिए जाने में प्रगति लाए जाने, फसलों का उत्पादन बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय सिरसिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को प्रमाण पत्र बनाए जाने के साथ-साथ सभी ऑनलाइन सुविधाए ग्राम पंचायत सचिवालय पर ही उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कन्या पूजन किया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी , परिषदीय विद्यालयों की मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। डीएम पवन अग्रवाल,सीडीओ हिमांशु गुप्त, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीओ,परियोजना निदेशक डीआरडी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला पंचायत राज्य अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी वितरित करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण :किं करिष्यति ॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

## संपादकीय

# रिजर्व बैंक का तटस्थ रुख

बीते दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की बैठक में किसी भी तरह का बदलाव करने से परहेज किया है। ऐसा दसवीं बार हुआ है जब मौद्रिक नीति समिति ने अपने रुख को तटस्थ रखा है और रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भविष्य में दरों में कटौती के लिए जगह बनाई जा सकेगी और महंगाई पर काबू भी पाया जा सकेगा। रिजर्व बैंक ने आगामी दो वित्त वर्षों में महंगाई के चार फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। नई मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की पहले की अनुमानित दर को कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास मानते हैं कि उच्च ब्याज दरों के कारण विकास दर में कमी के संकेत नहीं हैं, इसलिए भी शीर्ष बैंक कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है। गौरतलब है कि दुनिया में जिस तरह के हालात हैं और बहुत सारे देश मंदी की मार झेल रहे हैं, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था ने अपने को संभाल रखा है। यहां मंदी के झटके उस तरह नहीं लगे, जैसे कई विकसित कहे जाने वाले देशों में भी देखने को मिले।

इस वक्त भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह का परिवर्तन कर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई को चार प्रतिशत से नीचे लाकर स्थिर करने में कामयाबी मिल जाती है तो विकास दर दहाई के आंकड़े को छू सकती है। रिजर्व बैंक के लिए खाने-पीने के सामान में महंगाई चिंता की बात बनी हुई है। हालांकि फरवरी के 8.6 फीसदी से घटकर यह अगस्त में 5.66 फीसदी हो गई है। केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में उछाल के बावजूद आने वाले महीनों में कीमतों में कमी आएगी, क्योंकि अच्छे मानसून के कारण देश में कृषि उत्पादों की स्थिति बेहतर होगी और खाद्यान्न भंडार भी भरा रहेगा। जहां तक महंगाई पर काबू पाने का सवाल है, आंकड़ों में जरूर इसे कुछ काबू में दिखाया जाता है, मगर धरातल पर यह लगातार आम आदमी की जेब पर बोझ डाल रही है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। इसी कारण बाजार गुलजार होने लगे हैं, व्यापारियों को अच्छी कमाई की उम्मीद होती है, मगर महंगाई की मार का असर बाजार पर दिखता है। फिर, थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के बीच कोई तार्किक अंतर नजर नहीं आता। ऐसे में दरों को यथावत बनाए रखकर रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने की अपनी कोशिशों में कितना कामयाब होगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता।

# रामराज्य, राष्ट्रीयता, समाजवाद व राममनोहर लोहिया



दीपक मिश्र
समाजवादी चिंतक, लखनऊ

**लोहिया की चिंताएं और उनकी बेचैनी एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी समाज सुधारक समाजवादी की तड़प थी। लोहिया ने न केवल विसंगतियों, विडंबनाओं व विकृतियों समेत अपने दौर की दुराशाओं, दुर्दशाओं, दुराग्रहों को दर्पण दिखाया। अपितु समस्याओं का समाधान भी अपनी अलौकिक मेधा व अनुभवजन्य अध्ययनों से प्रस्तुत किया।**

भारत के सार्वकालिक महान क्रांतिकारी समाजवादी चिंतक राममनोहर लोहिया की प्रासंगिकता आज उनके जीवन काल से अधिक प्रतीत होती है। लोहिया ने जो चेतावनियां दी थीं, कालांतर में कमोबेश सभी सही सिद्ध हुईं। लोहिया जितने बड़े समाजवादी चिंतक थे, उतने ही महान राष्ट्रवादी दार्शनिक थे, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम और समाजवाद की पराकाष्ठा को पूरी प्रतिबद्धता के जिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका उनके राष्ट्रप्रेम को रेखांकित करती है। उन्हें और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को 1942 की क्रांति का नायक माना जाता है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरु, मौलाना आजाद, सरदार पटेल आदि राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी के लोहिया व लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन युवा समाजवादियों को एकजुट कर क्रांति की धार और गति को बढ़ाया।

आजाद दस्ता का गठन कर क्रांतिकारी गतिविधियों के सूत्रधार बने। ब्रिटानिया हुकूमत ने लोहिया को शत्रु नंबर एक घोषित किया और गिरफ्तारी के बाद असहनीय यातना दी। लोहिया ने तरुणाई का अधिकांश समय बंगाल में बिताया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से उनके आत्मीय संबंध थे। एक भाषण में दिसंबर, 1928 में नेताजी ने कहा था कि राममनोहर लोहिया में इतिहास बनाने और इतिहास को गति देने की अलौकिक क्षमता है। लोहिया ने नेताजी के कथन को सतत जनसंघर्षों, सत्याग्रहों और लोक कल्याणकारी अभियानों के आधार पर सही साबित किया और पहले आजादी की लड़ाई फिर देश के नवनिर्माण के इतिहास के जाज्वल्यमान प्रेरणादायी अध्याय बने। लोहिया शोषण विहीन समता मूलक समाज और सशक्त राष्ट्र के स्वप्नद्रष्टा थे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने सत्ता की बजाय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सिद्धांतनिष्ठ प्रतिपक्ष का रास्ता चुना।

लोहिया जर्मनी से उच्च शिक्षा ग्रहण कर भारत लौटे थे, उन्हें जितनी गहरी जानकारी पाश्चात्य राजनीतिक अवधारणाओं की थी, उतनी ही अच्छी पकड़ भारतीय मनीषा की भी थी। उन्होंने राम-कृष्ण-शिव पर पुस्तक लिखी। वे धर्म को दीर्घकालीन राजनीति व राजनीति को अल्पकालीन धर्म मानते थे। उन्होंने बताया कि धर्म और राजनीति का अविवेकी मिलन समाज के लिए



घातक होगा। लोहिया रामराज्य को समाजवादी शासन प्रणाली मानते थे। लोहिया के अनुसार रामराज्य और समाजवादी, दोनों का लक्ष्य हर तरह की विषमता, विभेद, विकार व विसंगतियों को मिटाना है। "बयरु न कर काहू सन कोई, रामप्रताप विषमता खोई" तुलसी की यह धारणा लोहिया की सप्तक्रांति में स्पष्टतः प्रतिबिंबित होती है। लोहिया ने रामायण में उल्लेखित "लोकापवाद" को "लोक-लाज" कहा और बताया कि लोकतंत्र में लोक-लाज, लोक-भाषा, लोक-भूषा को आत्मसात करना चाहिए। लोहिया ने राम से मर्यादा में रहने और सार्वजनिक जीवन में लोकापवाद व लोकलाज का लिहाज करने की सीख लेने की शिक्षा दी।

रामराज्य में निहित राष्ट्रीयता (जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी) की भावना और समाजवाद के आदर्शों से जनमानस को अवगत कराने के लिए लोहिया ने रामायण मेला की संकल्पना की और "सीताराम राज" की खुली वकालत की। लोहिया जातिवाद के पूर्णतया खिलाफ थे। लोहिया के समाजवाद एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा में जड़गत जातिवादी जकड़न के लिए कोई जगह नहीं है। नवंबर 1951 में बुद्धप्रिय मौर्य से बातचीत करते हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कहा था, "खाक पॉलिटिक्स करोगे। जब तुम राममनोहर लोहिया को नहीं जानते। एक ही नेता है जो ईमानदारी से जात-पात तोड़कर जातिहीन समाज की स्थापना करना चाहते हैं," लोहिया की मानें तो आदर्श समाजवादी किसी भी दशा में जातिवादी नहीं हो सकता। कुछ स्वार्थी लोग आज कल समाजवाद के नाम पर जातिवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, ऐसे तत्वों को लोहिया "समाजवाद के आंतरिक शत्रु" की संज्ञा देते थे। राममनोहर राष्ट्र को समग्र रूप में देखते थे। उनके अनुसार राष्ट्रीयता की भावना उदारता और समावेशी होती है। आक्रामकता और कट्टरता जनित सांप्रदायिकता, भारतीय राष्ट्रवादी आदर्श के प्रतिकूल हैं। वे हिन्दुस्तान समाजवादी गणतांत्रिक संघ के सेनानी चन्द्रशेखर आजाद व भगत सिंह की भांति सांप्रदायिकता को देश के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते थे। आजादी के समय जब सांप्रदायिकता खूनी "खेल" खेल रही थी, लोहिया "गण-सेना" बनाकर जान जोखिम डालकर राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सद्भाव को मजबूत कर रहे थे।

ढाका में लोहिया पर मुस्लिम लीग के कट्टरपंथियों ने जानलेवा हमला भी किया था। लोहिया ने भारतीय भाषाओं में राज-काज चलाने की खुली पैरवी की थी। वे न्यायालय, व्यापार और शासन की भाषा हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं को बनाना चाहते थे। वे अंग्रेजी को ज्ञान-विज्ञान की भाषा के रूप में पढ़ने-लिखने व स्वीकार करने के कभी विरोधी नहीं रहे। उन्होंने स्वयं कई पुस्तकें अंग्रेजी में लिखी हैं और मैनकाइंड, सोशलिस्ट कांग्रेस जैसी अंग्रेजी में पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया है। वे भाषा को आधार बनाकर किए जा रहे आम जनता के शोषण व थोपी जा रही श्रेष्ठता के खिलाफ थे।

लोहिया की राजनीति को अमानुषिकता के विरुद्ध मनुष्यता की राजनीति कहना ज्यादा सही होगा। अल्बर्ट आइंस्टीन लोहिया की चौखंबा शासन प्रणाली और छोटे यंत्रों पर आधारित अर्थव्यवस्था की कल्पना को अद्भुत मानते थे। जब तत्कालीन सरकार ने प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर विकास की बेहतर स्थिति में बताया, तब लोहिया ने प्रतिव्यक्ति आय की बजाय आय के न्यायपूर्वक वितरण और आर्थिक विषमता को विकास का मानदंड बनाने की सलाह दी। आज लोहिया के विचारों और नीतियों से भटकने की कीमत देश चुका रहा है। आर्थिक विषमता और सामाजिक विद्वेष घटने की बजाय बढ़ रही है। सांप्रदायिक व जातिगत तनाव के कारण हिंसा व हत्या की खबरें आज भी आम हैं। विकासगत क्षेत्रीय विषमता को एक आंकड़े से समझा जा सकता है। प्रतिव्यक्ति आय के दृष्टिकोण से सबसे अधिक धनी प्रांत सिक्किम (5,87,743 रुपये) और सबसे गरीब राज्य बिहार (60,337 रुपये) में मध्य 5 लाख 27 हजार 4 सौ 7 रुपये का अंतर है। यदि लोहिया प्रतिपादित छोटे यंत्रों पर आधारित अर्थनीति को बढ़ाया गया होता तो देश में समृद्धि का हिमालय गरीबी, बेरोजगारी व भुखमरी के महासागर के मध्य हमें मुंह न चिढ़ाता होता। अरबपतियों के मामले में हमारा देश अमेरिका व चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। अर्थव्यवस्था के आकार के लिहाज से हमारा देश पांचवें स्थान पर है, लेकिन औसत आमदनी में हम इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के अनुसार 136 देशों और समग्र विकास सूचकांक में भारत 133 देशों के बाद है।

लोहिया की चिंताएं और उनकी बेचैनी एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी समाज सुधारक समाजवादी की तड़प थी। लोहिया ने न केवल विसंगतियों, विडंबनाओं व विकृतियों समेत अपने दौर की दुराशाओं, दुर्दशाओं, दुराग्रहों को दर्पण दिखाया। अपितु समस्याओं का समाधान भी अपनी अलौकिक मेधा व अनुभवजन्य अध्ययनों से प्रस्तुत किया। 23 मार्च 1910 को जन्मे लोहिया ने आखिरी सांस 12 अक्टूबर 1967 को मात्र 57 वर्ष की अवस्था में ली। केरल में 1954 में सोशलिस्ट सरकार थी, सरकार ने निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवा दी। सोशलिस्ट पार्टी के उस समय लोहिया महासचिव थे, लोहिया ने अपनी ही सरकार को गिरवा दिया। जब वे बीमार पड़े। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और समाजवादी नेता मधु लिमये ने उन्हें अमेरिका इलाज के लिए भेजने का निर्णय लिया तो राममनोहर लोहिया ने स्पष्ट मना कर दिया। लोहिया ने कहा कि मैं अमेरिका सत्याग्रह करने गया था, वहां भारतीय शौर्य व सोच का परचम लहराया, अब वहीं इलाज के लिए जाकर देश के अभाव और गरीबी का मजाक नहीं उड़वाऊंगा। लोहिया ने सांसें छोड़ दीं, पर सिद्धांत नहीं छोड़ा।

आज लोहिया सदृश नेता, विचारक, चिंतक, समाज का हितैषी और सरकार पर नैतिक अंकुश लगाने वाले व्यक्तित्व की आवश्यकता है। हम लोहिया नहीं हो सकते, पर वैसे तो हो ही सकते हैं जैसा लोहिया के वंशजों व अनुयायियों को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# रामराज की कल्पना और रावण



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, वाराणसी

रावण रणभूमि में मरा। पर हमारी मनोभूमि पर वह राम के समानांतर जिंदा क्यों है? यह सवाल हर संजीदा आदमी को परेशान करता है। क्या रावण राम को याद रखने का सबब है। पं विद्यानिवास जी अपने निबंध संग्रह "छितवन की छांव" में कहते हैं कि राम भारतीय मानकों को गढ़ने वाले क्रांति द्रष्टा थे। जबकि रावण दस कुप्रवृत्तियों का धारक प्रतिनिधि था। इसलिए वह पाप बनकर पुण्य का पीछा करता रहेगा।

योगवाशिष्ठय के दार्शनिक राम अयोध्या और लंका के बीच में किस तरह सांसारिक शौर्य का शालीन प्रतीक बनकर उभरे। क्या यही एक कारण पर्याप्त नहीं है कि हम उन्हें हर साल विजयदशमी पर याद करें और उनकी लीलाओं का मंचन करें। डॉक्टर लोहिया अपनी पुस्तक "राम कृष्ण और शिव" में लिखते हैं कि राम धरती के ऐसे प्रथम पुरुष थे, जिन्होंने परिवार, समाज और देश के लिए सार्थक मूल्य गढ़े, सामाजिक न्याय के ऐसे रूपक प्रस्तुत किए, जिसे युगांतर तक कभी मिटाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर का इस हद तक आदर किया, जिस हद तक रावण ने इनका निरादर किया था, लेकिन यह राम की लोक भूमिका थी। राजनीति में आज दलित सबसे बड़ा विषय है। राम ने भी इसका स्पर्श किया, लेकिन करुणा व मैत्री के लिए। यहां तक कि अपने राज्याभिषेक के शपथ ग्रहण में उन्होंने केवल निषाद राज को छोड़कर किसी को भी निमंत्रित नहीं किया। लक्ष्मण रेखा हो या राम के द्वारा रजक की बात को महत्व दिया जाना। आज रामलीला प्रतिवर्ष इसलिए भी होती है कि रिश्तों की चासनी बनी रहे।

राजनीति के मानक और मूल्य हमेशा जिंदा रहें। मरेंगे, परेंगे चुनाव जीत कर रहेंगे। यही करना है तो निश्चित रूप से विजयदशमी मनाना छोड़ देना चाहिए। अविश्वास का दौर ऐसा कि आदमी ने खुद पर भी भरोसा करना छोड़ दिया। विजयदशमी के दिन रावण जलाने के लिए जाने वालों से एक काल्पनिक अपेक्षा है कि रावण की ओर मुखातिब तीर आप कुछ वर्षों के लिए अपनी तरफ मोड़ लें। रावण का वजूद धीरे-धीरे मिटेगा और मिट जाएगा। रामराज की कल्पना का सब्जबाग महलों मंदिरों से पूरा नहीं होगा। उसके लिए रावण को मारना जरूरी है, जो राजनीति, समाज और परिवारों में घुसकर वायरस बनकर बैठा हुआ है।

# शालीनता से हारना भी नहीं आता


राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

**सफलता असफलता की कोख से जन्म लेती है, लेकिन कोई सीखने को तैयार ही नहीं हो तो यही कहा जाएगा कि शालीनता से हारना भी नहीं आता सीखने की बात तो बहुत दूर की है।**

गुरुवार को हरियाणा चुनाव में मिली बुरी शिकस्त पर कांग्रेस की चुनावी समीक्षा हुई और नतीजा वही ढाक के तीन पात। जिस कारण चुनाव हारे इस समीक्षा बैठक की शुरुआत उसी के साथ हुई तब कोई सच्चाई के साथ किसी सार्थक नतीजे की उम्मीद कैसे कर सकता है। सुनने में आया है कि बैठक में निष्कर्ष निकाला गया की आपसी गुटबाज़ी के चलते और एकजुट होकर नहीं लड़ना हरियाणा में इस चुनावी पराजय का मुख्य कारण रहा।

कुमारी शैलजा हरियाणा में कांग्रेस का एक बहुत बड़ा दलित चेहरा है, जिन्हें कांग्रेस हाई कमांन की शह के बाद भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ग्रुप ने इस चुनाव में प्रारंभ से ही प्रताड़ित किया, उनके मांगने पर भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया, उनके समर्थकों को टिकट नहीं दिया गया, चुनाव के दौरान उन्हें जाती सूचक शब्दों से संबोधित कर बेइज्जत किया गया, हुड्डा ने अपने समर्थकों को नब्बे में से बहत्तर सीट दिलवा दी जोकि बगैर हाई कमांन की सहमति के संभव ही नहीं था, क्योंकि राहुल गांधी और उनके सिपहसलारों ने हुड्डा को खुली छूट देकर चुनाव में पार्टी की फूट की नींव रख दी थी। चुनावी समीक्षा की शोक सभा में कुमारी शैलजा जैसी दिग्गज नेता की उपेक्षा कर उन्हें इस बैठक में भाग लेने का निमंत्रण न भेजकर इस छद्म समीक्षा का तर्कहीन उदाहरण ही पेश किया गया है। जब समीक्षा एकपक्षीय हो तो नतीजा निष्पक्ष कैसे निकलेगा?

कांग्रेस को भी लोकसभा में 543 में से 99 सीट लाकर विजयी शंख ध्वनि की बांसुरी बजाते-बजाते 99 के अंक से बहुत प्रेम हो गया लगता है। इनके सारे महासचिवों, प्रवक्ताओं की हार की प्रतिक्रियाओं को ध्यान से सुनें तो सभी कह रहे हैं जिन ईवीएम की बैटरी (99) प्रतिशत थी वहां भाजपा जीती और जहां 65 प्रतिशत थी वहीं सिर्फ कांग्रेस जीती। एक बालक को भी कितनी हास्यास्पद बात नजर आती होगी।

आजकल हम सभी मोबाइल का प्रयोग करते हैं और घर से निकलते हुए लगभग 99 प्रतिशत या शत प्रतिशत मोबाइल की बैटरी चार्ज करके निकलते हैं और शाम को घर वापस आते-आते तक बैटरी 65 प्रतिशत छोड़ो कई बार 10 प्रतिशत ही रह जाती है तब क्या हमारी मोबाइल पर बात नहीं होती, व्हाट्सएप नहीं आते, एसएमएस नहीं आते, मेल नहीं आते, इंस्टाग्राम, एक्स, फेसबुक काम नहीं करते? करते हैं तो यह कौन सा 99 प्रतिशत और 65 प्रतिशत का नया खेल जनता को समझाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, उलजलूल दलीलें दी जा रहीं है, निर्वाचन आयोग को दोष दिया जा रहा है, भाजपा को दोष दिया जा रहा है। नहीं किया जा रहा तो सिर्फ़ ईमानदार आत्मावलोकन नहीं किया जा रहा। खैर इसकी उम्मीद भी नहीं थी और न ही होगी। मुझे तो इस हार का मुख्य कारण ही राजशाही परिवार का "गांधी" सरनेम ही नजर आता है, जिसे समर्थक चापलूसी के चलते मानने को तैयार नहीं हैं और देश इस पचपन वर्षीय राजशाही नौनिहाल पर विश्वास करने को तैयार नहीं है। देश तो छोड़ो अब इस हार के बाद बिना किसी वैचारिक प्रतिबद्धता के बने खंडित, विखंडित इंडी गठबंधन के मुख्य साथी भी राहुल और कांग्रेस को गरिया रहे हैं और यह सब कांग्रेसी भीगी बिल्ली की तरह दुम दबाकर अपनों के द्वारा ही अपना हाल बेहाल होता देखकर सकते में हैं। उन्हें लगने लगा है की सिर्फ़ मोदी को सत्ताच्युत करने के उद्देश्य से बने इस इंडी गठबंधन के स्वघोषित भविष्य के प्रधानमंत्री के हाथ उनका भविष्य असुरक्षित है। वरना उमर अब्दुल्ला क्यों कह रहे हैं कि हम कांग्रेस के बिना भी जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने को तैयार हैं। दिल्ली में आप पार्टी ने अगला विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है, उधर शिव सेना उद्धव गुट अपने अखबार सामना के द्वारा कांग्रेस को आंख दिखा रहा है।

हरियाणा की हार से अहंकार त्यागने का सबक दे रहा है, उद्धव को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने की बात कह रहा है, उत्तर प्रदेश जहां कांग्रेस होने वाले दस उपचुनाव में दस में से पांच सीटें मांग रही थी। समाजवादी पार्टी के अखिलेश ने दस में से छह सीटों पर कांग्रेस से बात किए बिना अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। अति आत्मविश्वास से भरी कांग्रेस पार्टी का इन्हीं के गठबंधन के साथियों ने क्या हाल कर दिया है। यही हाल होता है जब कोई गठबंधन बिना किसी वैचारिक सामंजस्य के नकारात्मक विचार की नींव पर बनाया जाता है। हरियाणा विधानसभा कांग्रेस को बहुत कुछ सीखा रहें हैं। सफलता असफलता की कोख से जन्म लेती है, लेकिन कोई सीखने को तैयार ही नहीं हो तो यही कहा जाएगा कि शालीनता से हारना भी नहीं आता सीखने की बात तो बहुत दूर की है।

## सोशल फोरम

# सांस्कृतिक जड़ों का सुख

**गांव के ये मेले जीवन की समस्याओं और जटिलताओं से मुक्ति के आदिम और कारगर तरीके हैं। यह अपनी मिट्टी का असर है। अपनी सांस्कृतिक जड़ों में प्रवेश का सुख।**


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दशहरे की आहट के साथ पूर्वी और उत्तर भारत के कुछ राज्यों में ग्रामीण मेलों की शुरुआत हो गई है। कभी ये मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और मनोरंजन के प्रमुख साधन हुआ करते थे। इनका जादू लोगों, खासकर स्त्रियों और बच्चों के सर चढ़कर बोलता था। आधुनिकता की तेज रफ्तार में इन मेलों की प्रासंगिकता अब पहले जैसी तो नहीं रही, मगर एक मामले में तो इनकी उपादेयता हमेशा बनी रहेगी। यदि कुछ देर के लिए आप मन से आभिजात्य की धूल झाड़कर अपनी जड़ों की ओर लौट चलना चाहते हैं तो ऐसे किसी मेले के चक्कर लगा आईए। वहां किसी दुकान पर मुढ़ी-पकौड़ी और गरमागरम जलेबियां खाईए। बीवी के लिए चोटी, रिबन, चूड़ियां, टिकुली-सिंदूर और बच्चों के लिए हवा, मिठाई और गुड़ के गट्टे खरीद लीजिए। कहीं बाईस्कोप दिखे तो दिल्ली के कुतुब मीनार और आगरे के ताजमहल की सैर पर निकल जाईए। किसी थिएटर में नौटंकी-सौटंकी, नाच-गाने देखिए। यदि दिल के मरीज नहीं हैं तो झूले में थोड़ा सा ऊपर-नीचे हो लीजिए। गांव की औरतों की धराऊ साड़ियों से उठती फिनाइल की चौतरफा गंध महसूस करिए। यह बिल्कुल मत सोचिए कि आपको यह सब करते देख कोई आप भद्र पुरुष या महिला को गंवार कह देगा। हम सब जन्म से गंवार ही हैं। भद्रता हमारा ओढ़ा हुआ चरित्र है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस आरोपित भद्रता से गाहे-बगाहे मुक्ति की दरकार होती है। मेले से भद्रता का ऐसा नैसर्गिक प्रतिकार कर जब आप घर लौटेंगे तो तमाम मानसिक, भावनात्मक थकावट सिरे से गायब हो चुकी होगी।

गांव के ये मेले जीवन की समस्याओं और जटिलताओं से मुक्ति के आदिम और कारगर तरीके हैं। यह अपनी मिट्टी का असर है। अपनी सांस्कृतिक जड़ों में प्रवेश का सुख।

**-फेसबुक वॉल से**

# दक्षिण कोरिया की कथाकार हान कांग


पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कोरिया की सबसे मशहूर किताब की दुकान का नाम है "क्योबो" जो सेओल के चोंगनो क्षेत्र में स्थित है। इसके चेन स्टोर अन्य जगहों पर भी हैं। छोटे स्टेडियम जैसी दूर तक फैली इस दुकान में तेईस लाख किताबें हैं। हर दीवार पर किताबें सजी हैं, लेकिन एक दीवार दशकों से सूनी थी। उस पर टंगे बोर्ड पर लिखा था "नोबेल विजेता कोरियाई लेखक के लिए आरक्षित"। बीते दिनों उस बोर्ड का सूनापन दूर हो गया। कोरियाई साहित्य रसिकों का मनोरथ पूरा हुआ। दक्षिण कोरिया की कवयित्री और कथाकार हान कांग को नोबेल पुरस्कार मिला है। यह हान कांग (जन्म 27.11. 1970) ने शैशवकाल से ही अपना जीवन कोरियाई और विश्व साहित्य के गौरव ग्रंथ के साथ बिताया। उसके पिता हान संग-वन फणीश्वरनाथ रेणु की तरह कोरियाई साहित्य में आंचलिक उपन्यास के सफल प्रयोगकर्ताओं के रूप में जाने जाते हैं। उनकी एक कथा पर "आजे आजे परा आजे" (प्रज्ञा पारमिता हृदय सूत्र की एक पंक्ति का कोरियाई अनुवाद जिसका अर्थ है, चलें, मोहमुक्त हो आगे बढ़ें) नामक फिल्म भी बन चुकी है। हान कांग के बड़े भाई (दो साल बड़े) भी पिछले बीस वर्षों से बहुत परिश्रम से कहानी और उपन्यास लिखते आ रहे हैं और साहित्य के पथ पर अपनी बहन का मार्गदर्शन भी करते आ रहे हैं। हान कांग ने अपने एक साक्षात्कार में कहा कि बचपन में उनके लिए किताबें अर्ध-जीवित प्राणी थीं, जिनके साहचर्य में उन्हें सहजता का अनुभव होता था। किताबें उन्हें आश्वस्त करती थीं, "मैं तुम्हारे साथ हूं-मैं तुम्हारी रक्षा करूंगी।" मकान बदलकर नए इलाके में जाने पर पड़ोस के बच्चों से दोस्ती बाद में होती थी, पहले अपने पुराने दोस्त पुरानी किताबों की आलमारी से मिलती थी। पुरानी किताबों की संगति के कारण उन्हें लगता था कि मैं नई जगह तो आई हूं, लेकिन पुराने दोस्तों से जुदा नहीं हुई हूं।

किशोरावस्था में हान कांग रूसी साहित्य, विशेषकर दोस्तोवस्की और पास्तरेनाक के उपन्यासों की दुनिया में डूबी रहती थी। 14 साल की उम्र में उन्होंने कोरियाई साहित्यकार लिम चल-वू की एक कहानी "साफ्यंग स्टेशन" पढ़ी, जिससे वह बहुत प्रभावित हुई। इस कथा में बर्फीली रात में एक छोटे से कस्बाई रेलवे



स्टेशन के माध्यम से हासिए पर जी रहे गरीब-गुरबा के जीवन की थकान का सहानुभूतिपूर्ण वर्णन है। इसमें कोई नायक नहीं है, आखिरी ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे यात्री साथ बैठे हैं- एक खांसता है, दूसरा अपने बगलगीर मुसाफिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश करता है, एक यात्री घूरे की आग की आंच में लकड़ी रख रहा है, आंच के चारो ओर बैठे यात्री अपने शरीर को गरमा रहे हैं। वहां एक किसान भी है, जिसका मुख म्लान है-उसे इस बात का अफसोस है कि हिमानी और बेशुमार ठंडी रात में जब उसके बूढ़े बाप ने कहा, मुझे अस्पताल ले चलो, उसे इस अनुरोध पर मन ही मन गुस्सा क्यों आया। दो खोमचे वाले भी हैं और दो औरतें हैं-एक अधेर उम्र की मोटी औरत है और एक जवान लड़की है, जिसने मेकअप काफी कर रखा है। अपने साहित्य सिंचित पारिवारिक परिवेश और इस कथा की मोहिनी शक्ति के कारण हान कांग ने किशोरावस्था में लेखक बनने का फैसला किया। सेओल-स्थित यनसे विश्वविद्यालय में उन्होंने कोरियाई साहित्य का अध्ययन किया। बाद में यूरोप और अमेरिका में कुछ महीने बिताने के बाद उन्होंने समकालीन विश्व साहित्य की ऊर्जा और ऊष्मा को अच्छी तरह जाना और समझा। डब्लू जी सेबाल्ड की ऑस्टरलिट्ज़, द इमिग्रेंट्स, ए प्लेस इन द कंट्री आदि पुस्तकों को पढ़कर उन्हें महसूस हुआ कि लेखक ने सामूहिक स्मृति को आत्मसात करने के लिए अंतर्जगत में गहराई से प्रवेश किया है।

जॉर्ज लुइस बोर्जेस, प्राइमो लेवी, इटालो कैल्विनो, अरुंधति रॉय की रचनाओं को भी उन्होंने चाव से पढ़ा। आरंभ में हान कांग कविता लिखती थीं। उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ तेईस साल की अवस्था मे हुआ जब "साहित्य और समाज" नामक पत्रिका में उनकी पांच कविताएं छपीं। 1995 में उनकी छोटी कहानियों की पहली किताब आई, "यसु शहर का प्यार"। नोबेल समिति ने उन्हें "गहन काव्यात्मक गद्य में इतिहास के जख्म को, सामूहिक स्मृति की पीड़ा को और मानव जीवन की अनिश्चितता और नश्वरता को पिरोने" के कौशल के लिए पुरस्कृत किया गया है।

# सांस्कृतिक चेतना और दशहरे का पर्व


बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड में भी दशहरे का पर्व तीनों अंचलों में अपनी-अपनी संस्कृति और ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार विशिष्ट अंदाज में मनाया जाता है। तीनों अंचलों में से कुमाऊं की रामलीला और कुमाऊं का दशहरा देश भर में ही नहीं वरन विश्व प्रसिद्ध है, जिसे देखने के लिए देश और विदेश दोनों से ही हजारो सैलानी भी आते हैं।

अल्मोड़ा में आयोजित होने वाला दशहरा पर्व भी कुल्लू के दशहरे की भांति विश्व प्रसिद्ध है। आपको देश भर में दशहरे के पर्व पर रावण के परिवार के अधिकतम तीन पुतले दिखाई देंगे, लेकिन यहां पर दशकों से रावण परिवार के लगभग डेढ़ दर्जन पुतला निर्माण की परंपरा है। पुतले निर्माण में स्थानीय और कुशल दोनों ही प्रकार के कलाकार अपनी समस्त ऊर्जा और कल्पना शक्ति और कलात्मक कौशल को झोंक देते हैं। अल्मोड़ा के दशहरे पर्व की खास बात यह है कि यहां महीने भर पहले ही पुतले निर्माण की तैयारी आरंभ हो जाती है। दशहरे के दिन जब सभी पुतलों की सामुहिक झांकी निकाली जाती है और ढोल बाजे नृत्य-संगीत के साथ बाजार में घुमाया जाता है, जिसमें उत्साह, उल्लास, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता प्रदर्शित होती है। अल्मोड़ा के पुतला निर्माण की कला में अख्तर भारती का योगदान उल्लेखनीय और अतुल्य है।

इन्होंने लखनऊ के आर्ट्स कॉलेज से कला की शिक्षा ग्रहण की। पुतला निर्माण में इन्हें महारत हासिल थी। 1975 तक यहां पर केवल रावण का पुतला बनाया जाता था और 1976 से मेघनाथ का पुतला भी बनाया जाने लगा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में रामलीला के मंचन से लेकर विजयदशमी के पर्व तक के आयोजन में मुसलमान हुनरमंदों और कलाकारों का साज-सज्जा से लेकर आयोजन तक में योगदान रहता है। कुमाऊं की ही भांति गढ़वाल की रामलीला भी काफी लोकप्रिय है। दशहरे के पर्व पर देहरादून, कोटद्वार और श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों पर दशहरे के मेले के आयोजन के साथ पुतला दहन किया जाता है। गढ़वाल में महाष्टमी के दिन राजराजेश्वरी देवी की पूजा का भी विधान है, जिसमें टिहरी राजपरिवार द्वारा पारंपरिक शस्त्र पूजन किया जाता है और इस शस्त्र पूजन का आरंभ गढ़वाल में पवार वंश के द्वारा आरंभ किया गया। देश के कई स्थान ऐसे हैं, जहां रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता। उत्तराखंड में भी जौनसार बाबर के जनजातीय क्षेत्र में रामलीला का मंचन तो किया जाता है, परंतु रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता। इस क्षेत्र में विजयदशमी के पर्व को पांइता पर्व के रूप में मनाने की परंपरा है। इस पर्व में जौनसार बाबर के उत्पाल्टा और करौली गांव के मध्य गागली युद्ध होता है, जो अरबी के डंठलों से खेला जाता है। गागली युद्ध प्रतिशोध की भावना से नहीं वरन पश्चाताप की भावना से खेला जाता है।

उत्तराखंड में यद्यपि मैदानी भागों की तरह रामलीलाओं में बेतहाशा खर्च, चकाचौंध, भव्यता और अट्टालिकाओं को छूती पुतलों की ऊंचाई नहीं होती, लेकिन यहां रामलीला और दशहरे का सांस्कृतिक, भावनात्मक और कलात्मक पक्ष बेहद समृद्ध है।

# अंडा व्यापारी हत्याकांड में नौ गिरफ्तार, साजिशकर्ता फरार

## बच्चों की मारपीट में पिता का बोलना पड़ा महंगा, तीसरे दिन खुली गोशैसिंहपुर बाजार पर रहा सन्नाटा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दोस्तपुर थाने के गोशैसिंहपुर बाजार में अंडा व्यापारी संतराम उर्फ लल्लू अग्रहरि हत्याकांड में पुलिस ने नौ आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने कहा कि बच्चों के बीच झगड़े की रंजिश में व्यापारी की हत्या की गई थी।

व्यापारी संतराम के बेटों और विपक्षी युवकों के बीच 24 जुलाई व सात अगस्त को मारपीट हुई थी। इसी रंजिश में आठ अक्टूबर को व्यापारी संतराम की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्याकांड की साजिश में भाजपा नेता अर्जुन पटेल समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस जांच में पता चला कि संतराम के बेटे को इससे पहले सात अगस्त को पीटा गया था। इसमें मोतिगरपुर थाना में पुलिस ने संतराम की तहरीर पर आठ अगस्त को केस दर्ज किया। आरोप है कि भाजपा नेता अर्जुन पटेल से मिलीभगत के कारण थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की, दूसरी ओर पेशबंदी में 24 जुलाई को गोशैसिंहपुर में मारपीट दर्शाते हुए दोस्तपुर पुलिस ने 18 अगस्त को उल्टे संतराम के बेटों और अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया। इस बीच रंजिश में कई बार एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी गई। शिकायत पुलिस तक पहुंची, मगर पुलिस चुप रही। इसका परिणाम रहा कि संतराम की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पूरा मामला सामने आने पर एसपी सोमेन बर्मा ने थानाध्यक्ष मोतिगरपुर तरुण पटेल को निलंबित कर दिया।


तीसरे दिन खुली गोशैसिंहपुर बाजार में पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

### इन नौ आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस के पीआरओ मीडिया सेल से दी गई जानकारी के मुताबिक संतराम अग्रहरि हत्याकांड में दोस्तपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस, डंडे व एक कार बरामद की है। आरोपियों में राज वर्मा उर्फ अलवर्ट राज वर्मा निवासी ग्राम खेमपुर थाना मोतिगरपुर, शिवम वर्मा निवासी रोहनी खोजगीपुर थाना मोतिगरपुर, आलोक कुमार निवासी ग्राम बिभारपुर थाना मोतिगरपुर, सौरभ वर्मा उर्फ कुलदीप वर्मा निवासी ग्राम बिभारपुर थाना मोतिगरपुर, सैफुल्लाह निवासी ढेमा थाना मोतिगरपुर, मो. शाहबान निवासी ढेमा थाना मोतिगरपुर, फिरोज अहमद निवासी ग्राम ढेमा थाना मोतिगरपुर, वारिश निवासी ग्राम ढेमा थाना मोतिगरपुर, राजेश अग्रहरि निवासी ग्राम विनबनपुर थाना मोतिगरपुर को दबोच लिया गया है। इन सभी को बरियारपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्टल 32 बोर, छह जिन्दा कारतूस, चार तमंचा 12 बोर, चार जिन्दा कारतूस, तीन डंडा और एक कार बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक दोस्तपुर पंडित त्रिपाठी ने कहा कि संतराम हत्याकांड की साजिश रचने के आरोप में भाजपा नेता अर्जुन पटेल की भूमिका की जांच की जा रही है। वहीं, गोशैसिंहपुर बाजार शुक्रवार को खुली रही, लेकिन बाजार में सन्नाटा ही रहा। खुलासे से परिवार के लोग संतुष्ट नहीं हैं।

### इच्छा नाथ हत्याकांड में सस्पेंड हुए एसओ आरबी सुमन

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** अशरफपुर गांव में बुधवार को हुई पूर्व प्रधान प्रत्याशी इच्छा नाथ यादव की हत्या में पुलिस कप्तान ने ला एंड ऑर्डर मेंटेन न कर पाने के कारण थाना प्रभारी आरबी सुमन को निलंबित कर दिया। नए थाना इंचार्ज धीरज कुमार ने बताया कि अभी तक दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस की टीम अन्य नाम जद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगी है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### न्याय मंच ने 51 छात्राओं को दी साइकिल

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खंड के भटौता तुलसी पट्टी गांव में सामाजिक संगठन न्याय मंच के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने नवरात्र के समापन के दिन गांव में लगे मां दुर्गा के पंडालों पर गांव की 51 छात्राओं को साइकिल वितरित किया। इस मौके पर नन्हेलाल उपाध्याय, सिकन्दर, अतुल, दिलीप, लालमणि मौजूद रहे।

### श्रीमद भागवत कथा 18 से

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन कुड़वार विकास खंड के ग्राम पूरे लेदई बहमरपुर में 18 से 26 अक्तूबर तक किया जाएगा। आयोजक रामचन्द्र मिश्र ने बताया कि कथा वाचिका देवी चित्रलेखा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

### किशोरी से की छेड़छाड़

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में किशोरी अपनी सहेलियों के साथ छीतेपट्टी बाजार से शुक्रवार को घर लौट रही थी। तभी तीन बाइक सवार रोक कर छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर मारपीट पर उतारु हो गये। गुहार पर तीनों भाग गये। थाना प्रभारी पंडित तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच बाद कार्यवाही की जायेगी।

### एसडीएम ने किया देवी प्रतिमा का नेत्रपूजन

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार की देर रात कस्बे में बनाए गए दो बड़े दुर्गापूजा पण्डालों पर पहुंचकर एसडीएम बल्दीराय सिंगला गामिनी ने देवी दुर्गा की मूर्ति का नेत्र पूजन किया। उन्होंने मां दुर्गा के हाथों में अस्त्र-शास्त्र धारण कराकर उनका विधिवत श्रृंगार किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने उप जिला अधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित भी किया।

# अहदा में लाखों के जेवरात चोरी

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाने के अहदा गांव में अहदा-बिरसिंहपुर मार्ग के किनारे स्थित दलित शकुंतला देवी का कच्चा व दो कमरों का पक्का मकान है। गुरुवार की रात में चोरों ने पक्के मकान के पीछे बीम के नीचे से (मिट्टी की खोदाई कर) नकब लगाकर अंदर घुसे और अंदर से ही दरवाजे को बंद कर लिया। पीड़िता की मानें तो चोरों ने कमरे में रखे बड़े बॉक्स को खोलकर उसमें रखे बर्तन व छोटे बॉक्स व अटैची में रखे उनके व उनकी बहू के करीब डेढ़ लाख के जेवरात उठा ले गए। परिजन कमरे के बाहर खुले में सोए हुए थे। शुक्रवार भोर में लोग शौच आदि के लिए निकले तो घर कुछ दूर पश्चिम दिशा में बॉक्स व अटैची आदि पड़े मिले। जिसके बाद घर पर आकर देखा तो घटना की जानकारी हुई।

पीड़िता चंद्रावती ने बताया कि डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पहुची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़िता ने ग्राम प्रधान के साथ थाने जाकर मामले की लिखित शिकायत दी है। नवागत थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


मकान के बीम के नीचे से खोदाई कर अंदर घुसे चोर।

**मकान के पिछले हिस्से में सेंध लगाकर दिया गया घटना का अंजाम, तहरीर पर जांच शुरू**

# 13 लाख के दुरुपयोग के मामले में तीसरी बार की जा रही जांच

करौंदीकला, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** काशीपुर ग्राम पंचायत के प्रधान शहीदा बेगम पर 13 लाख रुपए दुरुपयोग के मामले की पुष्टि डीपीआरओ की जांच में हुई थी। प्रधान ने इसका जवाब दाखिल किया तो डीएम के आदेश पर दोबारा जिला उद्यान अधिकारी ने गांव पहुंचकर शिकायतकर्ता समिति के बयान लिए और जांच आख्या डीएम को प्रेषित किया। डीएम ने जिला उद्यान अधिकारी की जांच आख्या पर संदेह करते हुए पुनः जांच उप कृषि निदेशक को सौंपी थी।

दूसरी जांच में नामित जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भिन्न-भिन्न कामों पर भिन्न-भिन्न जांच आख्या प्रेषित की गई, जिस पर तत्कलीन डीएम जसजीत कौर ने संदेह व्यक्त करते हुए पुनः जांच के निर्देश उप कृषि निदेशक को दिया था। उप कृषि निर्देश द्वारा जांच आख्या 18 मई 2023 को डीएम को दी। जिसमें में प्रधान द्वारा 13 लाख 42 हजार 904 रुपये गबन की पुष्टि हुई। तत्पश्चात 14 दिसम्बर 2023 को डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने ग्राम प्रधान के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाते हुए निलम्बित कर दिया था और अंतिम जांच के लिए डिप्टी कमिश्नर मनरेगा को जांच के निर्देश दिए थे। डीसी मनरेगा ने गुरुवार को गांव में पहुंच प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया और उपस्थित लोगों के बयान लिए। डीसी मनरेगा ने बताया कि जांच आख्या जल्द ही प्रेषित की जाएगी।

## सार-संक्षेप


शहर के तिकोनिया पार्क से कैंडल मार्च निकालते शिक्षक। अमृत विचार

### रतन टाटा को कैंडल मार्च निकाल कर दी गई श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की याद में शिक्षकों की ओर से अरबिंद भारती की अध्यक्षता में शहर के तिकोनिया पार्क से शहीद चंद्र शेखर आज़ाद पार्क तक कैंडल मार्च निकाला गया। कैडल मार्च निकलने से पहले दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत रतन टाटा की आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर दिनेश उपाध्याय, रमेश तिवारी, श्रीपाल यादव, ऋतेश त्रिपाठी, जय कुमार, सुरेंद्र मौर्या, आलोक पाठक, राज कुमार, परमात्मा शंकर अवस्थी, शिव शंकर, राकेश कुमार, कमल चंद्र, सुमेर भारती, अभिषेक मौर्य, लल्लू आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा में पहुंचे 30 सुरक्षा कर्मी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की सुरक्षा के लिए यूपी पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड से दो महिला समेत 30 सुरक्षा गार्ड तैनात हुए है। ओपीडी में में भीड़ होने के बाद मरीजों में धक्का मुक्की होती थी, जिससे बुजुर्ग और महिला मरीजों को काफी परेशानी होती थी। आए दिन तीमारदार चिकित्सकों के साथ भी बदसलूकी करते थे। अब सुरक्षा कर्मियों के आने के बाद मरीजों व तीमारदारों को सहुलियत मिलेगी। मेडिकल कालेज पहुंचे सुरक्षा कर्मियों को आवश्यकता के अनुसार जगह-जगह तैनाती दी गई। अब मेडिकल कालेज में मरीजों को अव्यवस्थाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके पहले सभी सीएचसी और पीएचसी पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती हो गई थी। प्रिंसिपल डा. सलिल श्रीवास्तव ने बताया की कल्याण निगम से 30 पूर्व सैनिक सुरक्षा गार्ड के लिए आए है। जिन्हें जरूरत के हिसाब से तैनात किया जाएगा। अभी और भी सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है। शनिवार को सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी करने लगेंगे।

### राहुल तिवारी बने क्रिकेट टीम के चयनकर्ता



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी व बेसिक शिक्षा में जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी को आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 से 19 अक्टूबर तक अयोजित होने वाली प्रदेशीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में जिम्मेदारी मिली है। खेलो इंडिया के राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर ट्रेनर रह चुके राहुल तिवारी कूरेभार के कंपोजिट विद्यालय परवरभार में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे जिले के साथ साथ मंडल व्यायाम शिक्षक की भूमिका में मंडल के अन्य जिलों की परिषदीय खेल कूद की गतिविधियों की जिम्मेदारी निभाते हैं। उनके इस चयन क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, जिला वॉलीबाल संघ के कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्र, राजेश कनौजिया, मो सईद, सैयद नूर अली, चंदन नारायण सिंह, रामेंद्र सिंह राणा, रितेश त्रिपाठी, सचिव महेश यादव, प्रवीण मिश्रा, अनिल सिंह, संतसरण सिंह, अनुपम शुक्ला सहित खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

# मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज, प्रशासन ने पूरी कीं तैयारियां

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शारदीय नवरात्र के समापन पर नव दिवस प्रतिमा स्थापना के बाद नवमी के दिन हवन पूजन, कन्या भोज के साथ दुर्गा माता की विदाई शनिवार की जाएगी। केन्द्रीय पूजा समिति द्वारा प्रत्येक प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर समितियों को सम्मानित किया जायेगा। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की नजर रहेगी।

केन्द्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति अध्यक्ष शंकर मोदनवाल के द्वारा प्रतिमाओं का पूजन अर्चन के बाद प्रतिमाएं विसर्जन के लिए प्रस्थान करेंगी। शुक्रवार को नवमी की पूर्णाहुति के बाद हवन पूजन कन्या भोज के साथ पूजा समितियों ने शनिवार को विसर्जन की तैयारियां शुरू कर दी। विसर्जन से पहले प्रतिमाओं को क्रमबद्ध कर शोभायात्रा निकलेगी। मां की प्रतिमा की शोभायात्रा को पूरे कस्बा मे भ्रमण कराया जाता है। ढोल नगाड़ों की भक्ती धुनों पर भक्त झूमते हुआ मां को विसर्जन के लिए ले जाते है। नौ दिन उपासना के पश्चात विदाई भी भक्तों को द्रवित कर देती है। विसर्जन धोपाप धाम पर किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि अबकी बार विसर्जन ड्रोन कैमरा की निगरानी में होगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।


विसर्जन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश देते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**● ड्रोन कैमरे की निगरानी में किया जाएगा विसर्जन**

### एडीएम ने किया सीताकुंड घाट का निरीक्षण, दिए निर्देश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मूर्ति विसर्जन की तैयारीयों को लेकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एस. सुधाकरन ने शुक्रवार को सीताकुंड घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मूर्तियों के विसर्जन हेतु पूर्व से ही गड्ढे बनाए जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ़ सफाई कर विसर्जन से 4 दिन पूर्व गड्ढों में पानी भरकर समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौक़े पर उपस्थित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल चन्द सरोज को घाटों पर, सम्पूर्ण विसर्जन क्षेत्र में समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा साफ़ सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील के समन्वय से घाटों पर पर्याप्त नाविकों तथा नदी के अंदर आगे पानी गहरा है आदि के सम्बंध में संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना न हो।


सीताकुंड धाम का निरीक्षण करते एडीएम एफआर।

### करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के पतजू पहाड़पुर गांव में बीती रात शौच के लिए गयी रानी 20 वर्षीया पुत्री दयाराम शर्मा गिरे हुए विद्युत तार की चपेट में आ गई। परिवार वाले उसे सीएचसी लेकर आए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां कंचन शर्मा ने थाने में विद्युत विभाग की लापरवाही बताते हुए मुकदमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। वहीं, परिवार एवं क्षेत्रीय लोग बिना मुकदमा पंजीकृत किए बिना शव को पोस्टमार्टम हेतु नहीं ले जाने पर अड़ गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जिसके आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# बजरंगबली के दर्शन के बाद आज निकलेगी रथ यात्रा

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के पूर्वी सीमा पर स्थित पौराणिक धर्मस्थली बिजेथुआ महावीरन धाम से शनिवार को 11 से विजेथुआ महोत्सव जनसंदेश यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा की शुरुआत पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर से होकर धार्मिक स्थल, विलवाई, अखंड नगर, धोपाप धाम, शाहपुर पांडेय बाबा, कादीपुर, दोस्तपुर शिवाला का भ्रमण करते हुए 25 अक्टूबर को वापस विजेथुआ धाम पहुंचेगी। रथ यात्रा 13 दिन अनवरत मुख्य, मुख्य मंदिर तक पहुंचेगी। रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विजेथुआ महोत्सव में जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से 5 दिवसीय 26 से 30 अक्टूबर तक चलने वाली कथा को जन जन तक पहुंचाना हैं। 30 अक्टूबर की रात 8 बजे से अंतर्राष्ट्रीय भजन सम्राट लखबीर सिंह लक्खा और लोकप्रिय गायक सुरेश शुक्ला के भजनों का कार्यक्रम होगा। आयोजक विवेक तिवारी ने क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने की अपील की है।

**विजेथुआ महोत्सव में जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी 26 से सुनाएंगे श्रीराम कथा**

### विद्युत कर्मी पर लगाया धमकी देने का आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली नगर के शास्त्रीनगर मोहल्ले में शुक्ला आटा चक्की व्यावसाई हरिकेश शुक्ल ने जिलाधिकारी से शिकायत कर बताया है कि दरियापुर उपकेंद्र पर बिजली बिल संशोधन के लिए गया था। जहां पर तैनात कर्मचारी पवन कुमार गुप्ता ने उन्हें धमकी देते हुए केबिन से भगा दिया। उनका आरोप है की चार महीने से संशोधन के लिए दौड़ा रहे हैं, जब भी जाओ कहते हैं कि कल कर दूंगा, लेकिन आज तक काम नही किए। उनका बिल 49836 था जिसे बढ़ा कर 61143 कर दिए। परेशान होकर हरिकेश शुक्ला ने जिलाधिकारी से शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# पांडे बाबा मेला आज से, डायवर्ट रहेगा रूट

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विजयदशमी पर्व पर शनिवार से शुरू हो रहे पूर्वांचल के ऐतिहासिक पांडे बाबा मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। मेला प्रभारी एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी व सीओ जयसिंहपुर रमेश कुमार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। मेले में अव्यवस्था न हो इस बात को लेकर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

विजयदशमी को पांडे बाबा धाम पर शुरू हो रहे पूर्वांचल के ऐतिहासिक मेले में धाम पर आसपास जिलों की बड़ी संख्या में श्रद्धालु माला, फूल, कौड़ी, कड़ाही चढ़ाकर धाम पर मत्था टेककर पशु प्राणियों के धन-धान्य की दुआ करेंगे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कमान संभाल ली है। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर प्रवीण यादव ने बताया जूनियर विद्यालय आस्थाई पुलिस चौकी होगी। शनिवार, रविवार दो दिन भारी भीड़ को देखते हुए मेले में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा। मोतिगरपुर वाया दोस्तपुर व कादीपुर पटेल चौक चांदा एक तरफ रूट डायवर्ट किया गया है। सुरक्षा को देखते हुए मेला परिक्षेत्र में चार बैरियर लगाए गए हैं। 2 निरीक्षक, 15 उप निरीक्षक, 1 प्लाटून पीएससी, 50 महिला पुरुष सिपाहियों के साथ शादे लिवास में पांच पुलिस की टीमे मेले में अराजक तत्वों पर नजर रखेंगी।


पांडे बाबा धाम पर शुरू हुआ पूजा पाठ। अमृत विचार

**● सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, पुलिस की पांच टीमें सादी वर्दी में अराजक तत्वों पर रखेंगी नजर**







आस्था | नौ दिनों तक व्रत रखने वालों ने कराया कन्या भोज, गायत्री मंदिर समेत सभी धार्मिक स्थलों पर हुआ सामूहिक हवन

# नवमी के हवन से सुगंधित हुआ वातावरण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को नवरात्र पर्व में नवमी के हवन से वातावरण सुगंधित हो उठा। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले माता रानी के अनन्य भक्तों ने कन्या भोज कराया। शनिवार को पारण करेंगे। गायत्री मंदिर समेत जिले भर के शक्ति पीठों पर सामूहिक हवन पूजन हुआ।

नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री की आराधना शुक्रवार को की गई। बड़ी संख्या में दुर्गा मां के भक्तों ने आष्टमी का व्रत भी शुक्रवार को रखा। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा-आराधना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्तों ने नवरात्र के अंतिम दिन सिद्धिदात्री मां की आराधना की। शहर के सुपर मार्केट के पास स्थित गायत्री मंदिर व कुड़वार नाका स्थित गायत्री मंदिर में भोर से ही सामूहिक हवन शुरू हुआ। यहां पर कन्या भोज का भी सामूहिक आयोजन किया गया। यही हाल अन्य देवी धामों का रहा। बड़ी संख्या में मां के भक्तों ने नौ दिनों तक व्रत रखते हुए नवमी हवन घरों में किया। जिले भर में हुए हवन पूजन से पूरा वातावरण सुगंधित हो उठा। शनिवार भोर को देवी भक्त पारण करके नौ दिनों का व्रत तोड़ेंगे। वहीं, वहीं, महर्षि विद्या मंदिर में शरदीय नवरात्र के दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व को बड़े हैं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत परंपरागत गुरु पूजा के साथ हुई, तत्पश्चात प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने देवी के विभिन्न रूपों में सजी नन्हे मुन्हे छात्रों के देवी स्वरूप की आराधना की तथा बड़े ही मनोभाव से सभी उपस्थित लोगों ने देवी के स्वरूपों की आरती की तत्पश्चात इन सभी छात्राओं को प्रधानाचार्य ने उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सूरापुर संवाददाता के अनुसार पुरानी बाजार भवानी माई अष्टभुजा मंदिर का जीर्णोद्धार बाद शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन गुरुवार को दुर्गा माता जी की नई मूर्ति के साथ पुरानी प्रतिमा का वैदिक रीति रिवाज से पूजन अर्चन किया गया था। मंदिर संयोजक रामसिंह ने बताया कि नौ दिन तक अनवरत दुर्गा सप्तशती पाठ होने के बाद नवमी को हवन पूजन कर कन्या भोज व कन्या पूजन किया गया। शनिवार को दशमी को महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया गया है।


महर्षि विद्या मंदिर में कन्याओं का पूजन करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### आज दशहरा के साथ रंगत में आएगा महोत्सव

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शनिवार को दशहरा पर्व के साथ जिले का ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव अपने रंगत में आ जाएगा। शहर भर में माता रानी के दरबार सज गए हैं। पूर्णिमा तक शहर समेत ग्रामीणांचल में महोत्सव की धूम रहेगी। जगह-जगह भंडारा आयोजित किया जाएगा। शनिवार की शाम गभड़िया ओवरब्रिज पर श्रीरामलीला समिति की ओर से पंरपरागत तरीके से रावण का पुतला दहन किया जाएगा। इसी के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय की लोगों को सीख दी जाएगी। वहीं, ग्रामीणांचल में भी कई स्थानों पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम देखने के लिए शहर के लोग परिवार के साथ उमड़ते हैं। ओवरब्रिज के उत्तर दिशा में जिला अस्पताल गेट तक हाइवे पर लोग इकट्ठा होते हैं तो दक्षिण तरफ भी काफी दूर तक लोग इसे देखने के लिए उमड़ते हैं। इसी के साथ मेला अपनी रंगत में पहुंच जाएगा।



## एक नजर

### होटल की दीवार तोड़ी, विरोध पर किया मारने का प्रयास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मधुकरपुर सनई के पास स्थित एक होटल की बाउण्ड्रीवाल तोड़ने जाने का मामला प्रकाश में आया है। होटल के संचालक एवं शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुरहुरिया गांव निवासी शुभम श्रीवास्तव के मुताबिक सदर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर में उनका होटल है। वहीं आरोप है कि गुरुवार को भोर में लामबंद होकर लोग आये और उनके होटल की बाउण्ड्रीवाल को तोड़ने लगे। देखते ही देखते तोड़कर गिरा दिया। इसका विरोध करने पर उनको दौड़ा लिया और मारने-पीटने के लिए प्रयास किया। किसी तरह जान बचाकर मौके से हट गया। शुभम श्रीवास्तव ने इस मामले में सदर थाने को तहरीर दे दी है। परन्तु अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में शहर कोतवाल सन्तोष कुमार तिवारी ने बताया कि मामला राजस्व विभाग के संज्ञान में है। निर्माण की कोशिश के बाद दीवार तोड़ने जाने की बात सामने आयीं है। मामले की जांच की जा रही है।

### टेस्ट ड्राइव का उद्घाटन व बाइक की हुई लांचिंग

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के राजस्थान अतिथि भवन के सामने शुक्रवार को बजाज पल्सर मानिया स्टंट शो टेस्ट ड्राइव का उद्घाटन एवं पल्सर 400 सीसी स्पोर्ट्स बाइक लॉन्चिंग पूर्व जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह व चेयरमैन प्रतिनिधि व जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल रवि अग्रवाल ने किया। पल्सर बाइक के टेस्ट ड्राइव व स्पोर्ट्स बाइक लॉन्चिंग के दौरान बजाज एरिया सेल्स मैनेजर नावेद रिजवी, बीके आटो सेल्स के डीलर प्रमोद खेतान, सुहानी खेतान, आदित्य खेतान, शोहरतगढ़ डीलर अम्बिका त्रिपाठी, सभासद मनोज कुमार, दिव्यांशु त्रिपाठी, विशाल कुमार, अनिल कुमार, शिखा उपाध्याय, अनोखा, नेहा के साथ बजाज बाइक कम्पनी टीम मौजूद रही।

# मुख्यमंत्री योगी ने कन्याओं के पांव पखारे, लिया आशीर्वाद

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ शक्ति के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और उन्हें समाज में शक्ति स्वरूप में प्रतिष्ठित करने की पहल को एक बार फिर मजबूत करते दिखे। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूप कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।


कन्या के पांव पखारते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

शुक्रवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात

**▸▸ गोरखनाथ मंदिर की शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की**

में जल से सभी नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार पाकर नन्हीं बालिकाएं व बटुकों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी।

पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे।

पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, अमित सिंह मोनू, विनय गौतम आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।


हवन-पूजन करते देवी माता के व्रतधारी भक्त। अमृत विचार

### व्रतधारियों ने किया हवन-पूजन, कराया कन्या भोज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर शुक्रवार को विधिवत हवन पूजन के साथ व्रतधारियों ने कन्याओं का भोज कराया। शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन करते हुए इसका समापन होगा। हवन और यज्ञ से के साथ मां के जयकारों तथा देवी भक्तों के गीतों से शहर से लेकर गांव तक पूरी तरह से गूंज उठे। शोहरतगढ़, बढ़नी, इटवा, डुमरियागंज व उसका बाजार के प्रतिनिधियों के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह से ही देवी भक्तों द्वारा पंडालों में हवन किया गया। इस अवसर पर जनपद की पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही।

# प्रेमी के घर में युवती ने दी जान

## कमरे में खुद को बंद कर लिया और दुपट्टे से लगा लिया फंदा, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बुकनिहा खालसा में 21 वर्षीया एक युवती का शव शुक्रवार की भोर में उसके प्रेमी के घर से मिला। घर वालों के अनुसार, उसने दुपट्टे से फंदा लगा कर जान दी थी। मृतका का नाम लाडली पुत्री राम केवल बताया जाता है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन कर रही है।

खबर के अनुसार बताया जा रहा है, युवती पड़ोस के एक लड़के नवाब अली से से लगभग ढाई साल प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक पिछले एक साल से मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करता है।

**▸▸ मुंबई से प्रेमी के घर आने की सूचना पर पहुंची थी उसके घर**

गुरुवार को रात में करीब 10 बजे वह लड़का घर आया। यह पता चलते ही लाडली नवाब से मिलने के लिए रात में ही उसके घर चली गई। घर पर नवाब नहीं मिला तो वह उसके घर पर शोर शराबा कर बवाल मचाने लगी। वह बार-बार नवाब से मिल कर बात करने की बात कर रही थी। नहीं मिलने पर वह जान देने की धमकी भी देती जा रही थी। लेकिन नवाब के घर वाले यही कहते रहे कि नवाब घर पर नहीं है।

काफी देर की नोक झोंक के बाद लाडली अचानक घर के एक कमरे में घुस गई और दरवाजा अंदर से बंद

**▸▸ प्रेमी के न मिलने पर युवती ने रात में किया हंगामा**

कर लिया। उसी कमरे में दो वर्ष की बच्ची भी सोई थीं। स्वजनों ने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद हैं, तो सब गांव वालों को बुलाने लगे। दूसरी तरफ किशोरी अंदर से उस लड़के को बुलाने की बात कह रही थी। इस प्रकार क़ाफी मान मनौव्वल करते रात के 12 बज गए। इस दौरान हंगामा सुन कर युवती लाडली के मां बाप भी आ गए, कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। सब मिलकर युवती से बाहर आने की मनुहार करने लगे।

परिजनों के मुताबिक लगभग एक बजे रात में युवती की आवाज़ें आनी बंद हो गईं। इसके कुछ देर बाद कमरे में सो रही दो वर्ष की मासूम की रोने की आवाजें आने लगीं। रात के तीन बजे रहे थे। युवती की आवाज़ न आने तथा बच्ची के चीखने से लोगों का धैर्य टूटने लगा। अंत में दरवाजा तोड़ा गया। अंदर छत की कुंडी में दुपट्टा से लटकता हुआ लड़की का शव देख सभी दंग रह गए। सूचना पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। इस आश्चर्यजनक केस की क्षेत्र में व्यापक चर्चा है। लोग बैग इस नाटकीय घटना पर सवाल उठा रहे हैं। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही केस के बारे में कुछ निर्णय लिया जा सकता है।

# अश्लील हरकत करने के आरोपी को 2 साल का कठोर कारावास

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी को 2 साल की सुनाई कठोर कारावास और 60 हजार रुपये से किया दंडित जुर्माने की आधी राशि पीड़िता को दी जाएगी।

थाना बड़हलगंज निवासी वादी ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि उसकी बहन जो बीएड की छात्रा है, को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसकी फोटो और मोबाइल नंबर उस पर डाल दिया और अश्लील हरकतें कर रहा है। एसएसपी के आदेश पर थाना बड़हलगंज में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना साइबर सेल को दी गई, साइबर सेल द्वारा गहनता से विवेचना कर अभियुक्त दुर्गा वर्मा उर्फ सुमित वर्मा पुत्र विश्वदेव प्रसाद निवासी हनुमानगढ़ी थाना बढ़हलगंज गोरखपुर के विरुद्ध धारा 419, 420 आईपीसी और 66 ग आईटी एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई उपरांत शुक्रवार को अभियुक्त दुर्गा वर्मा उर्फ सुमित वर्मा को सभी धाराओं में दोषी पाते हुए दो साल के कारावास और 60 हजार रुपए दंड से दंडित किया, कोर्ट के आदेश में जुर्माने की आधी राशि पीड़िता को दी जाएगी।

### मूर्ति विसर्जन के लिए प्रशासन ने कमर कसी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित राप्ती नदी के घाट पर होने वाले दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित और सीओ सतीश चंद्र पांडेय ने स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाट की सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और नाविकों व गोताखोरों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर पंचायत पहले से ही विसर्जन के लिए तैयारियों में जुटी हुई है और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि किसी भी भक्त को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**गोरखपुर, अमृत विचार।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के करमैनी घाट का पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव करमैनी घाट पर मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, शान्ति व्यवस्था आदि के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन का कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हो, इसके लिए सभी एहतियाती उपाय किये जाएं। प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, जनरेटर, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। विसर्जन स्थल पर ट्रैफिक रूट चार्ट पर आवागमन सुचारू रूप से चलाएं। गोताखोर, नाव एवं सर्चलाइट के इंतजाम भी विसर्जन से पूर्व कर लिया जाए। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए विसर्जन स्थल पर मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी। नदी घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करने के निर्देश भी दिए। प्रतिमा विसर्जन को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय किये जायें।

# शस्त्र व शास्त्र दोनों में पारंगत होना पड़ेगा : राजीव

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मां भगवती की आराधना के नौ दिनों में नित्य शास्त्रों के पठन के साथ ही उनके हाथों में विराजमान विविध शस्त्रों का पूजन हर सनातनी हिन्दू विधि विधान से करते हैं। अस्त्र-शस्त्रों का व्यापक स्तर पर सामूहिक पूजन करने की परंपरा हमारे समाज में सदियों से चली आ रही है। यह कहना आरएसएस के विभाग प्रचारक राजीव नयन का, वह शुक्रवार को नगर पालिका के अवैद्यनाथ सभागार में विजय दशमी की पूर्व संध्या पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अन्यायी शक्तियां


शस्त्र पूजा करते आरएसएस विभाग के प्रचारक राजीव नयन व अन्य स्वयंसेवक।

काफी संगठित हैं, इसलिए हमें सज्जन शक्ति को एकत्र करना है। देश और समाज रक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति पर है, ऐसे में शस्त्र व शास्त्र दोनों में पारंगत होना पड़ेगा। संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में विजय दशमी वाले दिन ही शक्ति सम्पन्न राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने के लिए और देश को स्वतंत्र कराने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। स्वाधीनता के बाद यह संकल्प

**▸▸ विजय दशमी की पूर्व संध्या पर आरएसएस का शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित**

देश की बुराईयों को समाप्त करने का हो गया है, संघ अपने सौ वर्ष में प्रवेश कर गया है। सभी संकल्प लें कि वह राष्ट्र सेवा में पीछे नही हटेंगे और आरएसएस की विचारधारा को आगे बढ़ाते रहेंगे। भारत को यदि पुनः विश्व शक्ति बनाना है तो हिंदुत्व को बचाए रखना होगा। इस दौरान अखिलेश श्रीवास्तव, सौरभ, मोहित, मुरलीधर अग्रहरि, मनोज कुमार, अविनाश, सत्यम, ओंकार पांडेय, अनूप पाठक, धनंजय रस्तोगी, हरिशंकर सिंह, अखंड सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बालिका दिवस पर शिविर लगाकर किया गया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश-पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील शोहरतगढ़ के पल्टा देवी मन्दिर परिसर में किया गया। शिविर में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय, नायब तहसीलदार शोहरतगढ़, महबूब अंसारी, अधिवक्ता कैलाशनाथ गिरी, बाल संरक्षण अधिकारी जिला प्रोबेशन विभाग विवेक मालवीय, सामाजिक कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण अधिकारी अविनाश सिंह, विधि सह परीविक्षा अधिकारी अजीत कुमार, प्रोजेक्ट को-आड्रिनेटर चाइल्डलाइन सुनील उपाध्याय, चौकी प्रभारी पल्टा देवी सुरेश यादव, मुख्य सेविका आंगनबाड़ी मंजू भारती, मुख्य सेविका आंगनबाड़ी मालती देवी के साथ महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा काफी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं। शिविर में वक्तागणों द्वारा कहा कि बालिकाएं हमारे समाज की धरोहर हैं। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर साल 11 अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अधिकारों और उनके भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही साथ शिविर में नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा गया कि कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर कॉल करके नि :शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

### सभी रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने के निर्देश


बैठक में मौजूद रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान 4 .0 के तहत रेलवे में स्वच्छता अभियान की सफलता हेतु रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी महाप्रबन्धकों एवं मंडल रेल प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि विशेष अभियान 4 .0 के तहत देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाये जायें। चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत एवं शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सम्बन्धित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिये जायें, जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। इस बैठक में रेलवे बोर्ड की सचिव अरूणा नायर, कार्यकारी निदेशक व पब्लिक ग्रिवांसेज रत्नेश झा एवं समस्त जोनल रेलवे के महाप्रबन्धकों की उपस्थिति रही। इस दौरान रत्नेश झा द्वारा आगामी कार्यों व उद्देश्यों के सम्बन्ध में भी रेलवे अधिकारियों के साथ जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है।


रेलवे कुश्ती चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

### रेलवे के पहलवानों का शानदार प्रदर्शन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय क्षितिज पर शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। 8 से 11 अक्टूबर तक कपूरथला में आयोजित 65वीं अखिल भारतीय रेलवे कुश्ती चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे के पहलवानों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुये ग्रीको रोमन स्टाइल में 3 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीत कर लगातार दूसरी बार ओवरऑल चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने फ्री स्टाइल में भी 2 कांस्य पदक हासिल कर कुल 9 पदक अपने नाम किये। पूर्वोत्तर रेलवे के कुश्ती खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिये महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी व निर्माण एवं अध्यक्ष व नरसा अभय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष व नरसा सुनील कुमार गुप्ता, महासचिव व नरसा पंकज कुमार सिंह, कुश्ती/सचिव जय प्रकाश सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी एवं कुश्ती व कोच चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

# निर्माण कार्यों के चलते कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य एवं रूट रिले इन्टरलॉकिंग से इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग में परिवर्तन किया जायेगा। प्रयागराज रामबाग यार्ड रिमाडलिंग का कार्य भी किया जा रहा है। इन यार्ड रिमॉडलिंग एवं इन्टरलॉकिंग कार्यों को करने के लिए गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा।

**निरस्तीकरण :** हापा से 17 अक्टूबर के स्थान पर 16 अक्टूबर को चलने वाली 09525 हापा-नाहरलगुन विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।



**मार्ग परिवर्तन :** रामेश्वरम से 16 अक्टूबर तक चलने वाली 22535 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 05 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा। यह गाड़ी प्रयागराज छिवकी 21.45 बजे पहुंचकर 21.50 बजे प्रस्थान करेगी।

बनारस से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 22536 बनारस-रामेश्वरम एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 05 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा। यह गाड़ी प्रयागराज छिवकी 23.05 बजे पहुंचकर 23.10 बजे प्रस्थान करेगी।

**शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन :** सिंगरौली से 17 एवं 19 अक्टूबर को चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन से 03.06 बजे चलाई जायेगी।

शक्तिनगर से 18, 20 एवं 21 अक्टूबर को चलने वाली 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन से 03.06 बजे चलाई जायेगी। टनकपुर से 18 एवं 21 अक्टूबर को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन 21.30 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। टनकपुर से 17, 19 एवं 20 अक्टूबर को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन 21.30 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

# बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचा रही सरकार: जगदंबिका पाल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले में लगातार तीसरी बार बाढ़ का प्रकोप रहा और हर बार आंशिक रूप से जनपदवासी प्रभावित रहे। बाढ़ के दौरान काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान मोदी और योगी की सरकार बाढ़ पीड़ितों को हर प्रकार से यथा संभव राहत पहुंचाने का काम कर रही है।

उक्त बातें सांसद जगदंबिका पाल ने कपिलवस्तु विधानसभा के ग्राम कुसमी और सेमरा कला में राहत सामग्री वितरण करते हुए कहीं। जिसमें प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही। राहत वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राजस्व टीम के द्वारा लगातार नागरिकों के नुकसान का आकलन कराकर भरपाई भी की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी जोगिया, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित सांसद प्रतिनिध एसपी अग्रवाल, चिल्हिया मंडल अध्यक्ष रमेशमणि त्रिपाठी, दिलीप सिंह, अमरेंद्र पाल प्रिंस, अखंड पाल, जहीर आदि लोग मौजूद रहे।

**पर्व-त्योहार**

## मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा शोभायात्रा का समापन, जहां गोरक्षपीठाधीश्वर करेंगे प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक

# पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे मुख्यमंत्री योगी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** विजयादशमी के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार पूर्वाह्न शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे तो सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा, जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे।

सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयादशमी को निकलने वाली



विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। वास्तव में विजयदशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता को एक बड़े फलक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है। गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा इसलिए भी आकर्षक और अनूठी होती है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी इसके स्वागत के लिए गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूरी पर घंटों पहले फूलमाला लेकर खड़े रहते हैं।

गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन, शनिवार सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। विजयादशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशेष परिधान में होते हैं। पीठाधीश्वर, गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। रामलीला मैदान में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन भी होगा।

विजयादशमी के दिन पूर्वाह्नकाल गोरक्षपीठाधीश्वर गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे। साथ ही मंदिर परिसर के सभी देव विग्रहों की पूजा की जाएगी। इसके बाद गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। सायंकाल विजयादशमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। देर शाम को गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत भोज का भी आयोजन होगा, जिसमें अमीर-गरीब और जाति-मजहब के विभेद से परे बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल होंगे।

### दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं गोरक्षपीठाधीश्वर

गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां संतों की अदालत लगती है और दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं गोरक्षपीठाधीश्वर। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार हर वर्ष विजयदशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इसी पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतो के आपसी विवाद सुलझाते हैं। विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन का पर्याय माना जाता है।

## एक नजर

### महेंद्रनाथ की प्रथम पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र के सिरसी स्थित श्री सीताराम इंटर कॉलेज पर कॉलेज के प्रबंधक, हैंसर बाजार ब्लाक के पूर्व जेष्ठ प्रमुख और पूर्व प्रधान स्व. महेंद्र नाथ राय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र और तमाम जिलों से आए गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की व्यवस्था करने के साथ ही क्षेत्र और गांव का विकास कराने को लेकर उन्होंने हर संभव प्रयास किया।

### महारानी सेवा ट्रस्ट को दिया 51 हजार का दान

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** सूर्या ग्रुप के चेयरमैन और जिले में समाजसेवा के स्तंभ डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने पत्नी सविता चतुर्वेदी के साथ शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की महा नवमी के पावन पर्व पर जिला मुख्यालय स्थित पौराणिक स्थली मां समय जी के मंदिर पर पहुंच कर पूजा अर्चना किया। मां शारदा की आराधना करते हुए चतुर्वेदी दंपति ने लोककल्याण की खुशहाली और तरक्की की कामना किया। पूजा के बाद मंदिर के पुरोहितों को दान और मंदिर के बाहर मौजूद गरीबों में अंगवस्त्र और नगदी वितरित कर सभी का आशीर्वाद लिया। डा. चतुर्वेदी ने परिवार की पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर के विकास के लिए मंदिर ट्रस्ट को 51 हजार रुपए दान भेंट किया।

### बेहतरीन प्रस्तुतियों पर पूरी रात झूमते रहे श्रद्धालु

**संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर गुरुवार की रात मगहर कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में दुर्गा पूजा समारोह में माता के जगराते का आयोजन किया गया। श्री श्री बाल दुर्गा पूजा समिति के सदस्य सभासद गण अवधेश सिंह, अतुल श्रीवास्तव, कृष्ण चन्द्र सैनी के द्वारा गायक कलाकारों को माला पहनाकर और चुनरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता प्रदीप गुप्ता ने किया। भगवती जागरण का शुभारंभ भजन गायक एस कुमार ने अखण्ड ज्योति जला कर किया। उसके बाद उन्होंने "गणेश वंदना "गणपति राखो मेरी लाज, पूरन कीजो मेरे काज" से जगराते की शुरूआत कराया।

# 3 साल बाद धर्मेंद्र बने बनकसिया के नए प्रधान

▸▸ एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद तहसील परिसर में हुई पुनर्मतगणना में बदली तस्वीर, हारे हुए प्रत्याशी को मिली जीत

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर


जीत मिलने पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार करते समर्थक।

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनकसिया में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ग्राम प्रधान पद के लिए पुनर्मतगणना कराई गई। न्यायालय के आदेश पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई मतगणना में पूर्व में पराजित घोषित किए गए उम्मीदवार ने एक वोट से जीत दर्ज किया।

मेंहदावल तहसील के विकासखंड मेंहदावल के ग्राम पंचायत बनकसिया में अप्रैल 2021 में ग्राम प्रधान पद के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ था। जिसकी मतगणना चार मई को मेंहदावल के जगतगुरू इंटर कालेज में हुई थी। चुनाव परिणाम के बाद से ही मतगणना में धांधली के आरोप लगातार लगाए जा रहे थे। चुनाव में कुल एक दर्जन प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें कुल 1365 मतों में से देवेंद्र गुप्ता ने 604 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी धर्मेन्द्र यादव 603 को एक वोट से चुनाव हराकर जीत प्राप्त किया था। उसके बाद धर्मेंद्र यादव ने उपजिलाधिकारी मेंहदावल की न्यायालय में रिट दाखिल कर दोबारा मतगणना कराने की मांग किया था। कई चरणों में सुनवाई पूरी होने के बाद उप जिलाधिकारी की कोर्ट ने पुनः मतगणना कराने का आदेश पारित किया। गुरूवार को एसडीएम कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने तहसील सभागार में पुनर्मतगणना कराई। मतगणना परिणाम में सामने आया कि हारे हुए प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव को एक वोट अधिक मिलने के आधार पर जीत दे दी गई। इसी के आधार पर गुरूवार को देवेन्द्र गुप्ता को एक वोट से पराजित व प्रतिद्वंदी धर्मेन्द्र को विजयी घोषित किया गया। पुनर्मतगणना के दौरान हंगामे की स्थिति के मद्देनजर मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल समेत थानाध्यक्ष बखिरा, प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### न्यायालय कक्ष में हुई वोटों की गिनती

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** मामले की जानकारी देते हुए एसडीएम मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि पुनर्मतगणना तहसील परिसर के न्यायालय कक्ष में सकुशल संपन्न हो गई है। हारे हुए प्रत्याशी को एक वोट से जीत मिली है।

### इस तरह बदला परिणाम

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** सुबह 11 शुरू हुई मतगणना में प्रथम राउंड की मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को 221 मत तो वहीं धर्मेंद्र यादव को 271 मत मिले। दूसरे राउंड की मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को 246 से घटकर 241 तो वहीं धर्मेंद्र यादव को 113 से घटकर 110 वोट हो गए। तीसरे राउंड की मतगणना में देवेंद्र गुप्ता को 138 से 137 और धर्मेंद्र यादव को 219 मत मिले। इस प्रकार देवेंद्र गुप्ता को कुल 599 मत, वही धर्मेंद्र यादव को 600 मत मिले। जिसके चलते वे एक वोट से देवेंद्र गुप्ता को चुनाव हराकर बनकसिया गांव के नए प्रधान चुने गए।

# डीएम-एसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण


पूजा पंडालों का भ्रमण करते डीएम विशाल भारद्वाज और एसपी संतोष कुमार मिश्रा।

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा कसया, हाटा अन्य क्षेत्रों में नवरात्रि व दशहरा त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लेकर पैदल भ्रमण कर विभिन्न दुर्गा पंडालों का स्थलीय निरीक्षण किया।एवं संबधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# दशहरा पर्व को लेकर एडीएम व एएसपी ने किया पैदल मार्च

## परम्परागत तरीके से विसर्जन जुलूस निकालने का किया आह्वान

संवाददाता, बखिरा, संतकबीरनगर


बखिरा कस्बे में पैदल गश्त करते एडीएम और एएसपी।

**अमृत विचार।** मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन और दशहरा का पर्व शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। इसके दृष्टिगत एडीएम जय प्रकाश और एएसपी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को बखिरा नगर पंचायत में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया। पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए लोगों से पर्व शांतिपूर्ण तरीके मनाए जाने की अपील किया। साथ ही पर्व में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने की चेतावनी दिया।

एडीएम जय प्रकाश और अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च बखिरा पुलिस चौकी से निकलकर अस्पताल चौराहा, अमरडोभा, लेड़ुआ महुआ, मंगल बाजार, शनिचरा बाजार, सहजनवां तिराहा, वेणी माधव गोपीनाथ इंटर कालेज होते हुए तमाम पूजा पंडालों तक निकाला गया। अधिकारियों ने दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए शांति पूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आम जनता से सहयोग की अपेक्षा जताया। एएसपी ने बताया कि पूजा समितियों और आम जनमानस से असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थलों के आसपास वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। जिससे अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन ड्रोन कैमरे की निगरानी में कराया जाएगा। इस दौरान चौकी प्रभारी विनोद यादव, राजेश कुमार, अंगद यादव, अनिल यादव, नंदलाल समेत बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**संतकबीरनगर।** जनपद मुख्यालय के नेदुला बाईपास पर मार्निंग वॉक निकले एक 45 वर्षीय व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने बुरी तरह रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाई में जुटी है। नेदुला स्थित वार्ड नंबर आठ के सभासद राम प्रताप मौर्या पुत्र शिवमूरत ने बताया कि उनके 40 वर्षीय भाई गणेश मौर्या रोज की तरह शुक्रवार को सुबह पांच बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ टहलने निकले थे। तभी बस्ती से गोरखपुर जाने वाली लेन पर पीछे से आ रही किसी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने अनियंत्रित होकर गणेश को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गये। जिसके चलते उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# केन्द्रीयकृत दाखिला केन्द्र का लोकार्पण

संवाददाता कुशीनगर।


केन्द्रीयकृत दाखिला केन्द्र व ई-सेवा केन्द्र का फीता काटकर लोकार्पण करते पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** जिला एवं सत्र न्यायालय कुशीनगर अब डिजिटल व आधुनिक सुविधाओं से लैस होते जा रहा है। जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि व परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बीडी भारती ने केन्द्रीयकृत दाखिला केन्द्र व ई सेवा केन्द्र का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया।

उच्च न्यायालय के निर्देश पर खुले केन्द्रीयकृत दाखिला केन्द्र में सभी प्रकार के मुकदमों का पंजीकरण व दाखिला हो सकेगा। वादी व अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए यह केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार प्रांगण में ई सेवा केन्द्र भी खोला गया है। यहां कोई भी वादी अपने मुकदमे की वास्तविक स्थिति से भली-भांति जानकारी हासिल कर सकेंगे। अब वादी को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। लोकार्पण के समय न्यायिक अधिकारी रिजवान अहमद, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी सुनील कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ज्योत्स्ना सिंह, नोडल अधिकारी सतपाल सिंह प्रेमी, सीजेएम कविता सिंह, संदीप वर्मा, जेई भरत गुप्ता, अमित गुप्ता, धीरज तिवारी, पं. वेदप्रकाश मिश्र, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महंत गोपाल दास, मंत्री अभयानंद दीक्षित, विनय कुमार दुबे, करुणेश आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र की नवमी तिथि पर हुआ कन्या पूजन

संवाददाता, संतकबीरनगर


कन्या पूजन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

**अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र ने बताया कि मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस और शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर कन्या पूजन का कार्यक्रम कराया गया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कन्याओं का पूजन कराते हुए उनको प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर उनके बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, और पोषण के सम्बन्ध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं द्वारा कन्याओं के माता पिता को कन्याओं के सम्मान और सुरक्षा महत्व को लेकर जागरूक किया गया।

### चौपाल में किया जागरूक

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडेय के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस ने क्षेत्र के सलारपुर, मंडोरा, इब्राहिमपुर कला सहित अन्य गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 181, 112, 102, 108, 1098, 101 और 1930 के संबंध में जानकारी दी गई।

## सार-संक्षेप

### मां के जयकारों से गुंजायमान हो रहे पंडाल



**कुशीनगर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में मां भगवती के सभी रूपों के पूजन के पश्चात पूजा पंडालों में शुक्रवार देर रात तक मां जगदंबा के जयकारे से पूजा पंडाल सहित पूरा वातावरण गूंजयमान रहा। नवरात्र पूजा को लेकर जिले के प्रमुख शक्तिपीठों पर भक्तों का तांता लगा रहा।पंडालों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों व सड़कों को भी आकर्षक लाइटों व पूजा पंडालों में झांकियां सजाई गई थी। दर्शन-पूजन के लिए पंडालों में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। हाटा नगर सहित क्षेत्र मे कुल 193 पूजा पंडालों में रखे प्रतिमा के पट खुलने के बाद से शुरू हुए पूजन व आरती का यह सिलसिला गुरुवार देर रात तक चलता रहा। कई पूजा पंडालों में नवरात्र के पहले दिन से ही प्रतिमा स्थापित कर पूजन-अर्चन का कार्य जारी है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से नगर के प्रमुख चौराहों व व पंडालों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई है। नगर पालिका के मुख्य बाजार, बागनाथ चौराहा, रामजानकी मंदीर,करमहा चौराहा,केनूनियन चौराहा, प्राथमिक विद्यालय प्रागंण, कप्तानगंज चौराहा समेत कस्बे के अन्य जगहों व ग्रामिण क्षेत्रों में हर्ष व उल्लास के साथ सभी पंडालों में दुर्गा पूजा समितियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। इस दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां के भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे।

### घरों में कन्या भोज के साथ जगह-जगह हुए भंडारे


घर में कन्याओं का पूजन करतीं श्रद्धालु। अमृत विचार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार को रामनवमी पर पूरा जनपद श्रद्धा से सराबोर रहा। शुक्रवार सुबह से पडरौना, कसया, हाटा , रामकोला, खड्डा सहित जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। नारियल, चुनरी,कपूर, सिंदूर,अगरबत्ती , सहित प्रसाद लेकर श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे। विधिवत पूजन अर्चन कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। जगह-जगह हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे के आयोजन किए गए। इसमें प्रसाद पाने को खासी भीड़ रही।

# मानसिक विकास को दें प्राथमिकता: डॉ. प्रीति



रुधौली, बस्ती

**अमृत विचार।** महर्षि वशिष्ठ की तपोभूमि जनपद बस्ती के प्रैक्सिस विद्यापीठ रुधौली के प्रांगण में अंतरर्राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पार्थिका वेलनेस सेन्टर की एक्सपर्ट डा प्रीति त्रिपाठी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डा प्रीति त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में इतनी जरूरते हैं जिसे पूरा करने के लिए आम आदमी सुबह से रात तक भागदौड़ करता है जिससे व्यक्ति कई समस्याओ से जूझता है। जिससे वह मानसिक रूप से कमजोर होता रहता है। ऐसी दशा में हमें अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना बहुत ही आवश्यक हो जाता है। सभी को जीवन में आयी हुई खुशियों का स्वागत करना चाहिए। क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक विकास को भी प्राथमिकता देना जरूरी है। यदि आपके पास किसी प्रकार की समस्या है तो उसे कही लिख ले और एक एक कर उन समस्याओं का समाधान ढूंढे । संस्था के प्रबंध निदेशक सुशांत कुमार पाण्डेय ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हम सभी का व्यग्तिगत और सामाजिक जीवन प्रभावित करता है। इस लिए हमे अपने मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने हेतु मोबाइल फोन से दूरी बना कर रखना चाहिए। हमें एक दूसरे की परेशानियों को आपस में साझा करना चाहिए। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों पर उनके अभिभावकों का दवाब एवं विद्यालयों और अध्यापकों का भी दबाव रहता है ऐसे में मानसिक संतुलन सबसे आवश्यक है । कार्यक्रम का संचालनविद्यालय के उप प्रधानाचार्य गिरजेश साहू ने किया। इस अवसर पर प्रीति पाण्डेय, विकास सोनकर विवेकानन्द, सुधीर, मुहम्मद अजीज खान , सूरज मिश्रा, अनामिका त्रिपाठी, कोमल बरनवाल सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा ने दर्जनों आयोजकों को दिया आर्थिक सहयोग

▸▸ क्षेत्र में स्थापित दर्जनों मां दुर्गा के पंडालों में पहुंचकर खोले मां के नयनपट ,सभी कमेटियों को दिया 51-51 सौ रुपए का दान

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत, विचार।** जिले के वार्ड नंबर 17 के जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा नवरात्रि के सातवें दिन से लगातार अपने क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पूजा पाण्डालों में पहुंच कर मां का आशीर्वाद और आयोजन समितियों का सहयोग करने में जुटे हैं। अजय शर्मा ने अपने वार्ड के दर्जनों दुर्गा पंडालो में पहुंचकर जगत जननी मां दुर्गा के नयन पट्ट खोलकर माता का आशीर्वाद लेते हुए सभी आयोजकों को आर्थिक सहयोग देते हुए हर समय मदद का आश्वासन दिया। अजय शर्मा ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवसरा, दरूआजप्ती, रउरापार सहित क्षेत्र के दर्जनों आयोजन कर्ताओं को 5100-5100 रुपए का दान दिया। अजय शर्मा ने कहा कि मां दुर्गा को आदि शक्ति, जगत जननी, अंधकार व अज्ञानता रुपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामयी, मोक्ष प्रदायनी और कल्याणकारी कहा जाता है। उन्होंने कहा की उनके बारे में मान्यता है कि वे शान्ति, समृद्धि और धर्म पर आघात करने वाली राक्षसी शक्तियों का विनाश करती हैं। नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। दसवें दिन दशहरा का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस नवरात्रि में जो भी भक्त मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान उनके साथ राज यादव, मनोज यादव, पंकज शर्मा फूलचंद यादव, प्रभात चौधरी, दिलीप निषाद, अरविंद पांडेय, सत्यपाल सिंह, पिंटू तिवारी, कृष्णकुमार, प्रधान प्रतिनिधि कृष्णकान्त शर्मा, विजय शर्मा, अभिषेक भट्ट, सत्यम भट्ट समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**लापरवाही** सीएचसी में जाने से कतराते हैं ग्रामीण, साढ़े पांच करोड़ की लागत से कराया गया था निर्माण

# निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

धनघटा, संतकबीरनगर


अधूरा पड़ा है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पौली विकास खंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुबखरी अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में झाड़ झंकाड़, घास फूस तथा गंदगी का साम्राज्य स्थापित है। जिससे उसमें विषैले सर्प व बिच्छू निवास कर रहे हैं ग्रामीणों को अस्पताल परिसर में जाने से काफी भय लगता है। करोड़ों रुपया खर्च कर बनाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रिय विधायक से लगायत एसडीम तक कई बार लिखित शिकायती पत्र दे चुके हैं। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ।

मालूम हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुबखरी का निर्माण साढे 5 करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यदायी संस्था द्वारा वर्ष 2012 -13से लगायत 2015--2016 तक कराया गया था। उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश चंद्रा की तैनाती हो चुकी है। उनके नीचे 2 जूनियर 2 वार्ड ब्वाय समेत 6 स्टाफ की तैनाती भी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बिल्डिंग ब्लॉक के दो आवास व एक कोविड का निर्माण कार्य कराया गया है लेकिन वहां बदहाली का आलम यह है कि कोविड के फर्श पर लगे टायल टूट कर नीचे धंस गए हैं। उस पर शौच तथा गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है। मुख्य चिकित्सालय में अभी तक फर्श नहीं है, सिर्फ मिट्टी पर ही गंदगी पसरी हुई है।सुबखरी निवासी विजय कुमार सिंह, बबलू नायक, राम केवल पासवान, सुनील यादव, लव कुश चौहान समेत तमाम ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के मरीज प्राइवेट अस्पतालों पर झोलाछाप डॉक्टरों के शरण में शोषण के शिकार हो रहे हैं और करोड़ों की लागत से बना हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निष्प्रयोग साबित हो रहा है। उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बदहाली प्रकरण पर पूछे जाने पर क्षेत्रीय विधायक गणेश चंद्र चौहान का कहना है कि मैंने अपने प्रयास से एक करोड़ 93 लाख रुपया निगम से रिकवर कराया है और 93 लाख का बजट संस्था के पास रखा हुआ है। इस संबंध में पूछे जाने पर उत्तर प्रदेश निर्माण निगम लिमिटेड कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार सिंह का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य से लगायत मेंटेन कार्य तक पूरा करने में कुछ बजट कम पड़ रहा है जैसे ही बजट मिलता है मेंटेन कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।

# महानवमी पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, संतकबीरनगर


समय माता मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए "मिशन शक्ति" अभियान फेज 5 के तहत शारदीय नवरात्र के अवसर पर महानवमी के दिन जनपद मुख्यालय स्थित समय माता मंदिर पर जन सहभागिता से लोक कलाकारों द्वारा भक्तिपूर्ण देवी गायन और नारी शक्ति पर आधारित लोकगीतों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। जिले के सभी दुर्गा मंदिरों पर उक्त कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मां दुर्गा के नारी स्वरूप को नारी शक्ति और महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए समाज की महिलाओं, बालिकाओं और बेटियों में आत्मविश्वास व स्वावलंबन की भावना पैदा करने के साथ ही जन सामान्य को इससे जोड़ते हुए मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय मूल्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।

उक्त के क्रम में शुक्रवार को नवरात्र के नवें दिन महानवमी के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जनपद में जिला मुख्यालय सहित सभी तीनों तहसीलों में स्थापित देवीमंदिरों पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से पंजीकृत कलाकारों और टीम द्वारा देवी गायन और शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा को "मिशन शक्ति" के नारी सशक्तीकरण से जोड़ते हुए लोकगीतों के माध्यम से भाव पूर्ण प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रोता और मंदिरों के पुजारी आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड | 77,350 |
| सोना रवा | 77,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# दिव्यांगों के लिए भुगतान प्रणाली आसान बनाएं बैंक : आरबीआई

## केंद्रीय बैंक ने कहा- लोग तेजी से अपना रहे डिजिटल भुगतान प्रणाली

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों से कहा कि वे भुगतान प्रणालियों तक दिव्यांगों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा करें। केंद्रीय बैंक ने परिपत्र में कहा कि दिव्यांगों सहित सभी वर्ग तेजी से डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपना रहे हैं। प्रभावी पहुंच को बढ़ावा देने, भुगतान प्रणाली प्रतिभागियों (पीएसपी अर्थात बैंक तथा अधिकृत गैर-बैंक भुगतान प्रणाली प्रदाता) को सलाह दी जाती है कि वे दिव्यांग लोगों की पहुंच के संदर्भ में अपनी भुगतान प्रणालियों/उपकरणों की समीक्षा करें।

आरबीआई ने कहा कि समीक्षा के आधार पर बैंक और गैर-बैंक भुगतान प्रणाली प्रदाता तथा पॉइंट-ऑफ-सेल मशीन जैसे उपकरणों में आवश्यक बदलाव कर सकते हैं, जिससे दिव्यांगों इसका आसानी से इस्तेमाल कर पाएंगे। केंद्रीय बैंक ने उनसे फरवरी में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सुगम्यता मानकों पर गौर करने को कहा है। इसके लिए समाधानों का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि संशोधन या संवर्द्धन से प्रणालियों के सुरक्षा पहलुओं से समझौता न हो। पीएसपी को एक महीने के भीतर भारतीय रिजर्व बैंक को अपनी उन प्रणाली/उपकरणों का ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा गया है जिनमें बदलाव की आवश्यकता है।



- **बैंक और गैर-बैंक भुगतान तथा पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों में कर सकते हैं बदलाव**

### लघु वित्त बैंकों की लाभप्रदता में कमी का अनुमान

**नई दिल्ली।** परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) के आधार पर मापी जाने वाली लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) की लाभप्रदता चालू वित्त वर्ष 2024–25 में 0.4 प्रतिशत घटकर करीब 1.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी मुख्य वजह शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में कमी तथा ऋण लागत में वृद्धि है। एसएफबी की लाभप्रदता वित्त वर्ष 2023–24 में 2.1% रही थी।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड : निवेश का स्मार्ट तरीका

इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प हैं, जो शेयर बाजार में निवेश का सरल और प्रभावी तरीका हैं। ये फंड विविध कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जिससे उच्च रिटर्न की संभावना होती है। पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा प्रबंधित, ये फंड बाजार के उतार–चढ़ाव से निपटने में मदद करते हैं। हालांकि, इनमें कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार की वोलैटिलिटी। सही रणनीति और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ, इक्विटी म्यूचुअल फंड आपको अपनी पूंजी में वृद्धि और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं। निवेश की दुनिया में कदम रखने के लिए यह एक प्रभावशाली विकल्प है! आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए...



### जोखिम पर रखें नजर

- **बाजार :** शेयर बाजार के उतार–चढ़ाव से आपके निवेश की कीमत में कमी आ सकती है। यदि बाजार में गिरावट आई तो आपके फंड का मूल्य भी गिर सकता है।
- **उच्च वोलैटिलिटी :** इक्विटी फंड अक्सर अधिक वोलैटाइल होते हैं। यह बाजार परिवर्तन के कारण होता है, जिससे निवेश की कीमतें तेजी से बढ़ या घट सकती हैं।
- **लंबी अवधि की अनिश्चितता :** जबकि लंबे समय में इक्विटी में रिटर्न उच्च हो सकते हैं, फिर भी यह सुनिश्चित नहीं है कि आपकी पूंजी की सुरक्षा होगी।
- **प्रबंधन :** फंड मैनेजर का चयन और उनके निर्णय भी आपके निवेश के प्रदर्शन पर प्रभाव डाल सकते हैं। यदि फंड मैनेजर गलत निर्णय लेते हैं, तो यह फंड के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है।
- **महंगाई का जोखिम :** यदि रिटर्न महंगाई की दर से कम होते हैं, तो आपकी वास्तविक खरीद शक्ति कम हो सकती है।

### विशेषताएं

- **उच्च रिटर्न की संभावना :** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने से आपको बाजार के उतार–चढ़ाव के अनुसार उच्च रिटर्न प्राप्त हो सकते हैं।
- **विविधता :** इक्विटी म्यूचुअल फंड विभिन्न कंपनियों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम फैलता है। यदि एक कंपनी का प्रदर्शन खराब होता है, तो अन्य कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन से उसे संतुलित किया जा सकता है।
- **लंबी अवधि का निवेश :** ये फंड अक्सर लंबी अवधि के लिए सबसे बेहतर माने जाते हैं, क्योंकि शेयर बाजार में दीर्घकालिक रुझान सकारात्मक होते हैं।
- **पेशेवर प्रबंधन :** फंड मैनेजर्स बाजार के रुझानों और कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हैं, जिससे आपको निवेश करने में मदद मिलती है।
- **लिक्विडिटी :** आप आवश्यकतानुसार अपने निवेश को आसानी से भुना सकते हैं, जिससे आपको अपने पैसे की जरूरत पड़ने पर त्वरित पहुंच मिलती है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ इक्विटी म्यूचुअल फंड, जैसे ईएलएसएस, में निवेश करने पर आप टैक्स बचत कर सकते हैं।
- **सुविधा :** म्यूचुअल फंड में निवेश करना आसान है, और आपको खुद से शेयर चुनने की आवश्यकता नहीं होती।

## देश का औद्योगिक उत्पादन 0.1% घटा

**नई दिल्ली।** दो साल बाद अगस्त में देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब होने के साथ विनिर्माण क्षेत्र के स्थिर रहने से अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को ये आंकड़े जारी किए। अगस्त, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 10.9% बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित वृद्धि को जुलाई के लिए संशोधित कर 4.7% कर दिया है। पहले इसके 4.8% रहने का अनुमान लगाया गया था।

## सोना 1,150 तो चांदी 1,500 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से शुक्रवार को सोने का भाव 1,150 रुपये बढ़कर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इस तरह सोने का भाव अपने उच्चतम स्तर के करीब है। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 1,500 रुपये के उछाल के साथ 93,000 रुपये प्रति किलो हो गयी। चांदी की कीमतों में दूसरे दिन भी तेजी रही।

तीन दिन की गिरावट के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,150 रुपये उछलकर 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले बंद भाव में सोने की कीमत 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय मांग में तेजी के साथ सकारात्मक वैश्विक रुख से सोने की कीमतों में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का अनुबंध 613 रुपये बढ़कर 75,910 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष - जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा कि मौजूदा रुझान की वजह अमेरिकी आंकड़े हैं, जो ब्याज दरों में कटौती जारी रखने का समर्थन करते हैं।



- **विक्रेताओं की लिवाली से दोनों धातु की कीमतों में आया उछाल**

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 701.18 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 12.58 अरब डॉलर चढ़कर 704.88 अरब डॉलर पहुंचा था। रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.51 अरब डॉलर घटकर 612.64 अरब डॉलर रह गईं। मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## चालू वित्त वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18% बढ़कर 11.25 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **5.98 लाख करोड़ का व्यक्तिगत आयकर और 4.94 लाख करोड़ का कॉरपोरेट कर संग्रह**
- **प्रतिभूति लेनदेन कर 30,630 करोड़ रहा जबकि अन्य करों से 2,150 करोड़ प्राप्त हुए**

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 10 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.3% बढ़कर 11.25 लाख करोड़ रुपये रहा है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, इसमें 5.98 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 4.94 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह शामिल है।

प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 30,630 करोड़ रुपये रहा, जबकि अन्य करों (समानीकरण शुल्क व उपहार कर) से 2,150 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। आयकर विभाग ने एक साल पहले 9.51 लाख करोड़ का प्रत्यक्ष कर संग्रह जुटाया था। एक अप्रैल से 10 अक्टूबर के बीच 2.31 लाख करोड़ का रिफंड जारी हुआ, जो 46% की वृद्धि है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.3% बढ़कर 13.57 लाख करोड़ रुपये हो गया। संग्रह में 7.13 लाख करोड़ का पीआईटी (व्यक्तिगत आयकर) और 6.11 लाख करोड़ का कॉरपोरेट कर शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### तमिलनाडु में खड़ी ट्रेन से टकराई एक्सप्रेस

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई के पास कावरापेट्टई में खड़ी हुई ट्रेन से एक एक्सप्रेस ट्रेन टकरा गई है, जिसमें कई यात्रियों के घायल होने की आशंका है। रेलवे पुलिस ने बताया कि एक कोच के पास आग लग गई और अभी दुर्घटना के बारे में केवल कुछ ही जानकारी उपलब्ध है। पुलिस ने कहा कि कम से कम दो कोच पटरी से उतर गए हैं और बचाव दल तथा एंबुलेंस मौके पर पहुंच गए हैं। इस दुर्घटना की जानकारी के लिए रेलवे के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### असम की जेल से पांच कैदी फरार, तलाश जारी

**मोरीगांव।** असम की मोरीगांव जिला जेल से शुक्रवार तड़के पांच विचाराधीन कैदी फरार हो गए। मोरीगांव के जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने बताया कि कैदियों के जेल से भागने की घटना रात एक और दो बजे के बीच हुई। पांचों कैदी पॉक्सो के आरोपी हैं। उन्हें मोरीगांव और सोनितपुर जिलों से गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कैदियों ने लोहे की सलाखें तोड़ दी और फिर चादर, कंबल तथा लुंगी को रस्सी के रूप में इस्तेमाल करके वे जेल की 20 फुट ऊंची दीवार से नीचे उतर गए। फरार कैदियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाश अभियान चल रहा है। शर्मा ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गये हैं।

### व्यक्ति की हत्या और शव फेंकने में दंपती गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 24 वर्षीय व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या कर उसके शव को प्लास्टिक की थैली में भरकर गांव में फेंकने के आरोप में दंपती को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिला ग्रामीण पुलिस ने चार अक्टूबर को हुई हत्या में आरोपी मोहम्मद सिराज अंसारी और उसकी पत्नी रजिया को गिरफ्तार किया गया। मृतक आरोपी का सौतेला भाई था।

### हैदराबाद में दुर्गा प्रतिमा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**हैदराबाद।** हैदराबाद के नामपल्ली में शुक्रवार को उपद्रवियों ने पंडाल में दुर्गा प्रतिमा को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त ए चंद्रशेखर के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने तड़के मूर्ति के एक हाथ को क्षतिग्रस्त कर दिया। मूर्ति को उसके मूल स्वरूप में पुन: स्थापित कर दिया गया है और देवी की पूजा–अर्चना जारी है। हमने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

# बारी-बारी से नेता प्रतिपक्ष बनाने पर हो रहा विचार

## भाजपा का दावा- विपक्ष के घटक दलों को लगता है राहुल गांधी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को दावा किया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दल इस बात पर विचार कर रहे हैं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी बारी-बारी से सभी को मिले। पार्टी ने कहा कि अगर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया को लगता है कि राहुल गांधी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं तो उन्हें इस तरह के निर्णय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों में कई नेता हैं जो विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी संभालने में सक्षम हैं लेकिन फैसला उन्हें लेना है क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है। स्वराज ने कहा कि हां बिल्कुल। मैंने भी यह सुना है कि विपक्ष के नेता के पद को बारी-बारी से करने की बात चल रही है। लेकिन मैं विनम्रता से कहूंगी कि यह विपक्ष का आंतरिक मामला है। भाजपा के इस दावे पर विपक्षी दलों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्वराज ने अपनी बात जारी रखते हुए आगे कहा कि विपक्ष के दलों में ऐसे कई नेता हैं जो नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभालने के लिए काफी सक्षम हैं। अगर इंडिया गठबंधन को लगता है कि राहुल पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना पद नहीं संभाल पा रहे हैं तो यह निर्णय उन्हें लेना है।

- **सांसद बांसुरी स्वराज बोलीं - विपक्ष के कई नेता सक्षम, लेकिन उनका ये आंतरिक मामला**



### सबसे बड़ी विपक्षी दल के नेता को ही दी जाती है मान्यता, जिसने 10% सीट चुनाव में जीते हो

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को सदन में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी जाती है, जिसने सदन की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीट चुनावों में जीती हो। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है और कांग्रेस सदन में बड़ी विपक्षी पार्टी है। बारी–बारी से (गठबंधन घटक दलों में से) विपक्ष का नेता बनाए जाने पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी ने कहा कि सदन में सबसे बड़े विपक्षी दल के एक सांसद को ही विपक्ष के नेता के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा विपक्षी दल जिस व्यक्ति को विपक्ष का नेता नियुक्त करना चाहता है, वही उसके द्वारा चुना जाता है। आचारी ने कहा कि इसमें न तो सरकार और न ही लोकसभा अध्यक्ष की कोई भूमिका है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष केवल उसी व्यक्ति को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देते हैं जिसका नाम सबसे बड़े विपक्षी दल द्वारा आगे बढ़ाया जाता है।

## लड़कियों को मिले अवसर, नारे से बदलाव नहीं आएगा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि लड़कियों को नेतृत्व करने का अवसर मिलना चाहिए और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। केवल नारे लगा देने से वास्तविक बदलाव नहीं आ सकता। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक्स पर कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास के लिए लैंगिक समानता आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर निर्णय में शामिल करके उन्हें नेतृत्व का समान अवसर मिल सके।



## कर्नाटक सरकार ने हुबली दंगा केस लिया वापास

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है कांग्रेस : केंद्रीय मंत्री जोशी**
- **भाजपा झूठे मुद्दों पर प्रदर्शन करती है, सच्चे पर नहीं : सिद्धारमैया**





कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने हुबली में 16 अप्रैल 2022 को पुलिसकर्मियों पर पत्थरों से हमला करने वाली भीड़ के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने का फैसला किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह उन 43 मुकदमों में से एक है, जिन्हें राज्य मंत्रिमंडल ने गुरुवार को बैठक में वापस लेने का फैसला किया।

अंजुमन-ए-इस्लाम ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर को एक अर्जी दी थी, जिसके बाद मुकदमा वापस लेने का फैसला किया गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दुर्भाग्य से कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। उन्होंने यूएपीए मामले के तहत दर्ज मुकदमे लेकिन फिर भी उन्होंने इसे वापस ले लिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार के पास कुछ मुकदमों को वापस लेने का अधिकार है। सिद्धारमैया ने भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन करने की योजना पर मैसुरु में कहा कि भाजपा हमेशा झूठे मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन करती है, सच्चे मुद्दों पर नहीं।

## कांग्रेस ने मादक पदार्थ के कारोबार पर मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **उपमुख्यमंत्री देवरा के करीबी के मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल होने का लगाया आरोप**

कांग्रेस ने भोपाल के बाहरी इलाके में स्थित फैक्टरी से भारी मात्रा में मादक पदार्थों के बरामद होने के कुछ दिन बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवरा का करीबी सहयोगी राज्य में मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख जितेंद्र पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरियां न देकर हर साल दो करोड़ नशे के आदी पैदा किए। कांग्रेस के इन आरोपों पर भाजपा या देवरा की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पटवारी ने कांग्रेस मुख्यालय में कहा कि भोपाल में जिस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है उसके तार कई राज्यों से जुड़े थे और मोदी सरकार इसके लिए जवाबदेह है। मोदी सरकार ने संसद में रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें जिक्र किया गया था कि देश में 40 करोड़ लोगों ने मादक पदार्थों का सेवन किया। उन्होंने दावा किया कि देश में नशे के आदी लोगों की संख्या हर साल 2.10 करोड़ की दर से बढ़ रही है। पटवारी ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री का करीबी इसकारोबार में शामिल है। उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया।

## आरएसएस ने दी केरल विस में अपमानजनक टिप्पणी पर चेतावनी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में आरएसएस ने विधानसभा में सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्यों द्वारा संगठन के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। दक्षिणपंथी संगठन ने कहा कि यह निंदनीय है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सदन में और बाहर यह निराधार आरोप लगा रहे हैं कि इस साल त्रिशूर पूरम में व्यवधान पैदा करने के पीछे संघ का हाथ था। त्रिशूर पूरम त्रिशूर में होने वाला वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव है। यह हर साल पूरम के दिन वडक्कुनाथन मंदिर में आयोजित किया जाता है।

## चिकित्सकों की मांगे मानना सरकार का दायित्व

### आरजी कर मामला

- **आईएमए ने की डाक्टरों से विरोध प्रदर्शन का तरीका बदलने की अपील**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईएमए ने शुक्रवार को कहा कि कोलकाता में जूनियर चिकित्सकों की भूख हड़ताल से पैदा हुई स्थिति को संभालने के लिए उनकी मांगों को मानना पश्चिम बंगाल सरकार का दायित्व है। आईएमए ने डाक्टरों से विरोध प्रदर्शन का तरीका बदलने की अपील की।

आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने समेत कई मांग कर रहे चिकित्सकों के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने कहा कि वे अपने बलिदान और दृढ़ संकल्प के दम पर न्याय के इस आंदोलन को इस स्तर तक ले आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भूख हड़ताल शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही, जबकि गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराए चिकित्सक की हालत गंभीर है। सभी राज्य और शाखा अध्यक्षों, सचिवों और पदाधिकारियों को भेजे संदेश में आईएमए ने कहा कि देश की चिकित्सा बिरादरी उनके के साथ है।

### आईएमए ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखा पत्र

**कोलकाता।** आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए आईएमए ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा और उनसे हस्तक्षेप की मांग की। पत्र में आईएमए अध्यक्ष आरवी अशोकन ने कहा कि बंगाल सरकार उनकी मांगों को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। एक सप्ताह से चिकित्सक आमरण अनशन पर हैं। आईएमए उनकी जायज मांगों का समर्थन करता है।

### नौ मेडिकल छात्रों की गिरफ्तारी की प्रोफेसरों ने की आलोचना

दुर्गा पूजा के पंडाल के पास प्रदर्शन कर रहे नौ छात्रों की गिरफ्तारी की प्रोफेसरों के दो संगठनों ने शुक्रवार को आलोचना की। यादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और अखिल बंगाल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने गिरफ्तार विद्यार्थियों और चिकित्सकों को समर्थन देने की अपील की। इन नौ विद्यार्थियों को दक्षिण कोलकाता में त्रिधारा सम्मिलनी के दुर्गा पूजा पंडाल के पास नारे लगाने के लिए गिरफ्तार किया गया।

## कोर्ट ने बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एक अक्टूबर को नोटिस जारी किया और 17 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने साथ निर्देश दिया कि सीबीआई मामलों की विशेष अदालत को अधिसूचित किया गया है, दैनिक आधार पर जमानत पर सुनवाई करे और 10 दिनों में फैसला कर अनुपालन रिपोर्ट भेजेगी।

- **शिक्षकों और गैर शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता के आरोप में हुई है गिरफ्तार**

## मप्र : थाने में रखा विसरा चूहों के चट करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**इंदौर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर के थाने में रखा विसरा और 28 अन्य नमूनों को चूहों द्वारा नष्ट करने पर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि वह राज्य के सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की सुध लें ताकि आइंदा ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह निर्देश दिया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि मामले में शहर के विजय नगर थाने में प्लास्टिक की बोतल में रखा विसरा बारिश में चूहों द्वारा बर्बाद कर दिया गया है, नतीजतन वह नष्ट हो गए और इसकी हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट हासिल नहीं हो सकी है। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने आदेश में कहा कि इस घटना से पता चलता है कि थानों में रखे सामनों की कितनी दयनीय स्थिति है।



- **कोर्ट ने कहा- पुलिस महानिदेशक सभी थानों के मालखानों में रखे सामान की लें सुध**

## वांगचुक की भूख हड़ताल जारी, हुई जांच

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों की भूख हड़ताल दिल्ली के लद्दाख भवन में शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही। रविवार दोपहर से भूख हड़ताल पर बैठे जलवायु कार्यकर्ताओं की नियमित चिकित्सा जांच की गई। वांगचुक ने हाल में कहा था कि जो लोग दिल्ली के लद्दाख भवन में जारी उनकी भूख हड़ताल का समर्थन करना चाहते हैं, वे 13 अक्टूबर को उपवास रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिलने आए लोगों ने पूछा कि किस तरह समर्थन दे सकते हैं।

## विवादों में घिरा बंगला औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **दो दिन पहले बंगले को खाली करने के लिए आतिशी को किया मजबूर**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को सिविल लाइंस स्थित 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगला शुक्रवार को औपचारिक रूप से आवंटित हो गया। दो दिन पहले आतिशी को इसी बंगले को खाली करने के लिए मजबूर किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि बंगला सौंपने और सामान की सूची बनाने की प्रक्रिया के बाद सिविल लाइंस स्थित बंगला औपचारिक रूप से आतिशी को आवंटित हो गया है। लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव पत्र में कहा गया है कि चूंकि, सीबीआई और अन्य एजेंसियां विभिन्न उल्लंघनों को लेकर इस बंगले की जांच कर रही हैं, इसलिए आवंटी को जांच में पूर्ण सहयोग देने की सलाह दी जाती है। अरविंद केजरीवाल के बंगला खाली करने के बाद से यह आप, भाजपा और उपराज्यपाल कार्यालय के बीच विवाद का केंद्र बना हुआ था।

# सार्वजनिक वाईफाई से कनेक्ट होते ही खातों से धन उड़ाने का नया तरीका: डीएनएस

आज के परस्पर जुड़े हुए डिजिटल युग में, डोमेन नेम सिस्टम (डीएनएस) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो उपयोगकर्ताओं के लिए पढ़ने योग्य डोमेन नामों जैसे example.com को आईपी एड्रेस में बदलता है ताकि कंप्यूटर आपस में संवाद कर सकें। हालांकि, यह इंटरनेट की कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण है, डीएनएस साइबर अपराधियों का निशाना भी बन सकता है, जिससे डीएनएस हैकिंग या डीएनएस रीडायरेक्शन अटैक हो सकते हैं। इस लेख में, हम जानेंगे कि डीएनएस हैकिंग कैसे काम करती है, हैकर्स इसे कैसे एक्सप्लॉइट करते हैं, और सबसे महत्वपूर्ण बात, आप इन हमलों से खुद को कैसे बचा सकते हैं।


निखिलेश मिश्रा (पूर्व इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ऑफिसर)

### डीएनएस हैकिंग या डीएनएस रीडायरेक्शन क्या है?

डीएनएस हैकिंग एक प्रक्रिया है जिसके तहत डीएनएस क्वेरीज़ में छेड़छाड़ कर उपयोगकर्ताओं को दुर्भावनापूर्ण वेबसाइटों की ओर रीडायरेक्ट किया जाता है या उनके डेटा को इंटरसेप्ट किया जाता है। डीएनएस रीडायरेक्शन तब होता है जब हैकर्स डीएनएस समाधान प्रक्रिया से छेड़छाड़ करते हैं, जिससे उपयोगकर्ता का ट्रैफ़िक असली वेबसाइट के बजाय नकली वेबसाइट की ओर भेजा जाता है। यह निम्न तरीकों से हो सकता है:

**डीएनएस कैश पॉयजनिंग:** इसे डीएनएस स्पूफिंग भी कहा जाता है। इसमें हैकर झूठी जानकारी डीएनएस रिजॉल्वर के कैश में डाल देता है। जब उपयोगकर्ता वैध वेबसाइटों पर जाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट किया जाता है जो उनके व्यक्तिगत डेटा को चुराने या उनके सिस्टम में मालवेयर डालने के लिए डिजाइन की गई होती हैं।

**मैन-इन-द-मिडल (MitM) अटैक:** इस हमले में, हैकर्स उपयोगकर्ता और डीएनएस सर्वर के बीच की संचार प्रक्रिया को इंटरसेप्ट करते हैं और डीएनएस प्रतिक्रियाओं में छेड़छाड़ कर उपयोगकर्ताओं को गलत वेबसाइटों पर भेजते हैं।

**डीएनएस सर्वरों में छेड़छाड़:** हैकर्स डीएनएस सर्वरों को निशाना बना सकते हैं और उनके रिकॉर्ड्स में बदलाव कर सकते हैं, जिससे बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता गलत वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो सकते हैं। यह पूरे संगठनों या इंटरनेट सेवा प्रदाता (ISP) के नेटवर्क्स को प्रभावित कर सकता है।

### हैकर्स डीएनएस हैकिंग का कैसे उपयोग करते हैं?

**फिशिंग:** उपयोगकर्ताओं को ऐसी वेबसाइटों पर भेजना जो दिखने में वैध सेवाओं (जैसे बैंक, ई-कॉमर्स) जैसी लगती हैं, ताकि उनके लॉगिन क्रेडेंशियल्स और वित्तीय डेटा चोरी किया जा सके।

**मालवेयर फैलाना:** उपयोगकर्ताओं को ऐसी दुर्भावनापूर्ण साइटों पर भेजना जो उनके उपकरणों को वायरस, रैनसमवेयर, या




स्पायवेयर से संक्रमित कर देती हैं।

**डेटा चोरी:** कुछ डीएनएस हमलों में, हैकर्स उपयोगकर्ताओं और वैध वेबसाइटों के बीच प्रेषित संवेदनशील जानकारी को इंटरसेप्ट कर सकते हैं।

**डिनायल ऑफ सर्विस:** डीएनएस रीडायरेक्शन का उपयोग लक्ष्य प्रणाली पर ट्रैफिक की बाढ़ लाने के लिए किया जा सकता है, जिससे सेवाओं में व्यवधान हो सकता है।

### डीएनएस हैकिंग से खुद को कैसे बचाएं?

- **डीएनएसSEC का उपयोग करें:** यह एक सुरक्षा प्रोटोकॉल है जो डीएनएस हमलों को रोकने के लिए डीएनएस डेटा को डिजिटल रूप से साइन करता है, जिससे उसकी अखंडता बनी रहती है। यदि आपका ISP या डीएनएस प्रदाता डीएनएसSEC को सपोर्ट करता है, तो इसे सक्षम करें। डीएनएसSEC सुनिश्चित करता है कि डीएनएस प्रतिक्रियाएं वैध स्रोत से आई हैं और उनमें कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है।
- **राउटर और उपकरणों को सही तरीके से कॉन्फ़िगर करें:** डिफ़ॉल्ट एडमिन पासवर्ड बदलें: हैकर्स अक्सर डिफ़ॉल्ट पासवर्ड वाले राउटर्स को निशाना बनाते हैं। इसे हमेशा एक मजबूत और अद्वितीय पासवर्ड में बदलें।
- **रिमोट एक्सेस को अक्षम करें:** अनावश्यक रूप से अपने राउटर की सेटिंग्स के बाहरी एक्सेस को रोकें।
- **राउटर फर्मवेयर अपडेट करें:** निर्माता द्वारा जारी किए गए अपडेट्स सुरक्षा पैचों को शामिल करते हैं जो डीएनएस कमजोरियों से बचाने में मदद करते हैं।
- **सुरक्षित डीएनएस सेवा का उपयोग करें:** अधिक सुरक्षित डीएनएस प्रदाता पर स्विच करने से डीएनएस रीडायरेक्शन के जोखिम को कम किया जा सकता है। Google Public डीएनएस (8.8.8.8), Cloudflare डीएनएस (1.1.1.1), या Quad9 डीएनएस (9.9.9.9) जैसी सेवाएं उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ प्रदान करती हैं जो दुर्भावनापूर्ण डीएनएस क्वेरीज़ का पता लगाकर उन्हें ब्लॉक करती हैं।
- **HTTPS का उपयोग करें:** जब भी संभव हो, HTTPS (हाइपरटेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल सिक्योर) का उपयोग करें। HTTPS वाली वेबसाइटें ब्राउज़र और सर्वर के बीच का डेटा एन्क्रिप्ट करती हैं, जिससे MitM हमलों से सुरक्षा मिलती है।
- **VPN का उपयोग करें:** वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) आपके डेटा को एन्क्रिप्ट कर अतिरिक्त सुरक्षा की परत जोड़ता है। यदि कोई हैकर आपके ट्रैफ़िक को इंटरसेप्ट करता भी है, तो वे डीएनएस क्वेरीज़ को पढ़ या बदल नहीं पाएंगे। VPN आपकी ट्रैफ़िक को सुरक्षित सर्वरों के माध्यम से भेजते हैं, जिससे डीएनएस रीडायरेक्शन का जोखिम कम हो जाता है।

**निष्कर्ष:** डीएनएस हैकिंग डिजिटल परिदृश्य में एक गंभीर खतरा है, लेकिन सही सावधानी से आप खुद को बचा सकते हैं। डीएनएसSEC और सुरक्षित डीएनएस सेवाओं का उपयोग करने से लेकर अपने राउटर को सही तरीके से कॉन्फ़िगर करने और सतर्क रहने तक, अपनी ऑनलाइन गतिविधियों को सुरक्षित रखने के कई तरीके हैं। आप हमेशा नवीनतम साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी रखते हैं, क्योंकि हैकर्स लगातार नई तकनीकों का उपयोग कर कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करते रहते हैं। ऊपर दिए गए सुरक्षा सुझावों का पालन करके, आप डीएनएस हैकिंग का शिकार बनने के जोखिम को कम कर सकते हैं।

## एक नजर

### बांग्लादेश ने मछुआरे की हत्या पर म्यांमार का किया विरोध

**ढाका।** बांग्लादेश ने अपने मछुआरे की हत्या को लेकर शुक्रवार को म्यांमार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि शुक्रवार को बंगलादेश के विदेश मंत्रालय की ओर से म्यांमार दूतावास को भेजे गए एक पत्र में विरोध व्यक्त किया गया था। गौरतलब है कि 09 अक्टूबर को म्यांमार नौसेना की गोलीबारी में बंगलादेशी मछुआरे उस्मान (60) की मौत हो गई थी।

### म्यांमार में महसूस हुए भूकंप के मध्यम झटके

**यांगून।** मध्य म्यांमार में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता मापी गयी। यह जानकारी देश के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने दी। डीएमएच के अनुसार भूकंप स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न लगभग 11:10 बजे आया। भूकंप का केंद्र मांडले क्षेत्र के थाबेइक्कीन शहर के दक्षिण-पश्चिम में आठ किमी की दूरी पर केन्द्रित था। डीएमएच ने कहा कि भूकंप का केन्द्र 22.85 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.91 डिग्री पूर्वी देशांतर में और सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था।

### रूस ने ब्रिक्स सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

**अश्गाबात।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात में आयोजित समय और सभ्यताओं का अंतर्संबंध - शांति और विकास का आधार मंच के प्रतिभागियों को काज़ान में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

### सौर तूफान का पृथ्वी पर आगमन

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने कहा कि एक शक्तिशाली सौर तूफ़ान पृथ्वी पर आया है और यह तूफ़ान हेलेन और मिल्टन के लिए चल रहे पुनर्प्राप्ति प्रयासों को प्रभावित कर सकता है। एनओएए के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के अनुसार, कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) मंगलवार शाम को सूर्य से निकला और पूर्वी समय के अनुसार गुरुवार सुबह 11:15 बजे पृथ्वी पर पहुंचा।

# आसियान में चीन पर उत्पीड़न का आरोप

## फिलीपींस के राष्ट्रपति ने उठाया मुद्दा, आचार संहिता में तेजी लाने का किया आग्रह

**मनीला, एजेंसी**

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने गुरुवार को चीन द्वारा उनके देश के खिलाफ उत्पीड़न और धमकी का हवाला दिया और आसियान से दक्षिण चीन सागर में आचार संहिता को अपनाने में तेजी लाने का आग्रह किया। फिलीपींस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि फिलीपींस जल क्षेत्र में निरंतर बढ़ती चीनी आक्रामकता और उत्पीड़न के बीच, राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने आसियान सदस्य देशों से सार्थक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए आसियान-चीन आचार संहिता में तेजी लाने का आह्वान किया।

मार्कोस जूनियर ने लिखा कि कोड के कुछ मौलिक तत्व अब तक अनिश्चित हैं क्योंकि सदस्य देशों के बीच कुछ मामलों पर असहमति है, जिनमें दस्तावेज की कानूनी स्थिति से लेकर स्वयं संयम जैसे मौलिक अवधारणा शामिल हैं। उन्होंने कहा, सदस्यों को गंभीरता से मतभेदों को समाप्त करने और तनाव कम करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। फिलीपींस और चीन सहित कई एशिया-प्रशांत देश, दक्षिण चीन सागर में कई द्वीपों और चट्टानों की क्षेत्रीय संबद्धता पर विवाद कर रहे हैं। जुलाई 2016 में, फिलीपींस द्वारा दायर एक मुकदमे के बाद, हेग में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने फैसला सुनाया कि चीन के पास दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय दावों का कोई आधार नहीं है। अदालत ने फैसला सुनाया कि द्वीप विवादित क्षेत्र नहीं हैं और एक विशेष आर्थिक क्षेत्र का गठन नहीं करते हैं, लेकिन बीजिंग ने फैसले को स्वीकार करने से मना कर दिया। हाल के सप्ताहों में विवादित जल क्षेत्र में फिलीपींस और चीनी नौकाओं के टकराव की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। उनमें से सबसे हालिया में, मंगलवार को, मनीला ने चीनी तटरक्षक बल पर फिलीपींस की मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं पर पानी की बौछारें करने का आरोप लगाया।


थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।

### मोदी ने कई देशों के नेताओं को दिए उपहार

**विएंतियान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विएंतियान में 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान लाओस, थाईलैंड, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करने वाले हस्तशिल्प उत्पाद उपहार में दिए। अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन को चांदी के दो शाही लैंप भेंट किए, जिन पर महाराष्ट्र का माणिक जड़ा हुआ था। प्रधानमंत्री ने लाओस के राष्ट्रपति थोंगलुन सिसुलिथ को तोहफे में पीतल की बुद्ध प्रतिमा दी, जिस पर मीनाकारी की हुई थी। उन्होंने सिसुलिथ की पत्नी नैली सिसुलिथ को गुजरात की प्रसिद्ध सडेली शिल्प कला के एक बॉक्स में पाटन पटोला स्कार्फ भेंट किया। मोदी ने लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन को कदम की लकड़ी से बनी बुद्ध प्रतिमा और उनकी पत्नी को ऊंट की हड्डी तथा मैलाकाइट से बना बॉक्स उपहार में दिया, जिस पर राधा-कृष्ण की प्रतिमा उकेरी गई थी।

### मोदी ने थाईलैंड की अपनी समकक्ष के साथ व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों पर की चर्चा

**विएंतियान (लाओस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से शुकवार को मुलाकात की और दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने तथा सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए लाओस की दो-दिवसीय यात्रा पर हैं। मोदी ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर शिनावात्रा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लाओ पीडीआर में प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से मुलाकात की। थाईलैंड भारत का बहुत ही मूल्यवान मित्र है।

### लाओस के भारत से संबंध होंगे मजबूत

**विएंतियान।** प्रधानमंत्री मोदी और लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय ने शुक्रवार को बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक और रक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की गई। लाओस जनवादी लोकतान्त्रिक गणराज्य (लाओ पीडीआर) के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिपानदोन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे थे। इस दौरान वह आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, ताकि इन समूहों के देशों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ किया जा सके। मोदी ने 21वें आसियान-भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के लिए लाओस के प्रधानमंत्री को बधाई दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत और लाओस के बीच साझेदारी को नई गति दी गई।

# मध्य बेरूत में हवाई हमला, 22 की मौत



**बेरूत, एजेंसी**

मध्य बेरूत में गुरुवार शाम इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इन हमलों के बाद लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला आतंकवादियों के साथ इजराइल का खूनी संघर्ष और बढ़ गया।

हमलों में पश्चिमी बेरूत के अलग-अलग इलाकों में स्थित दो आवासीय भवनों को निशाना बनाया गया। इनमें से एक इमारत ढह गई और दूसरी इमारत की निचली मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। इजराइली सेना ने कहा कि वह कथित हमलों की जांच कर रही है। बेरूत के घनी आबादी वाले दक्षिणी उपनगरों में इजराइली हवाई हमले आम हैं, जहां हिजबुल्ला युद्ध में है। हमलों के बाद हिजबुल्ला के अल मनार टीवी ने बताया कि हिजबुल्ला के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी वाफिक सफा की हत्या का प्रयास विफल हो गया।

### इस्लामिक जिहाद नेता अब्दुल्ला की मौत

**यरूशलम।** इजराइल ने वेस्ट बैंक में तुल्कर्म शहर के पास एक शरणार्थी शिविर पर हवाई हमला कर फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आंदोलन के नेता मुहम्मद अब्दुल्ला को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर कहा, "गुरुवार को आईडीएफ और आईएसए (इजरायली वायु सेना) ने संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान तुल्कर्म के क्षेत्र में हवाई हमला किया और नूर शम्स में इस्लामिक जिहाद के आतंकवादी नेटवर्क के प्रमुख मुहम्मद अब्दुल्ला को मार गिराया।

## पहले कार्यकाल में व्यापार का उपयोग कर युद्ध फैलने से रोका: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के लिये रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए व्यापार उपकरणों का उपयोग करके युद्ध को फैलने से रोका। ट्रम्प ने डेट्रॉइट इकोनॉमिक क्लब में टिप्पणी करते हुए गुरुवार को कहा मैंने कई युद्धों को शुरू होने से रोका है। मुझे इस पर बहुत गर्व है। मैं व्यापार का उपयोग करता हूं। मैंने उनको व्यापार की धमकी दी और कहा कि आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा है कि अगर वह नवंबर का चुनाव जीतते हैं तो यूक्रेन संघर्ष का समाधान करने में सक्षम होंगे।

# तूफान मिल्टन ने पूरे फ्लोरिडा को चपेट में लिया, 9 की मौत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

तूफान मिल्टन ने रात भर तेज हवाओं, विनाशकारी बवंडर और भारी बारिश के साथ दक्षिणपूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा को प्रभावित किया, जिससे गुरुवार सुबह तक कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और लाखों लोगों के घरों की बिजली चली गई। तूफान मिल्टन ने बुधवार रात फ्लोरिडा के पश्चिम-मध्य तट पर श्रेणी-3 के तूफान के रूप में दस्तक दी और मध्य फ्लोरिडा में तेजी से बढ़ने के कारण यह कमजोर होकर श्रेणी-1 में तब्दील हो गया। सेंट लूसी काउंटी ने तूफान के कारण आए बवंडर में चार लोगों के मौत की पुष्टि की। काउंटी ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि पोर्ट सेंट लूसी शहर और असंगठित क्षेत्रों सहित सेंट लूसी काउंटी में कई घरों और संरचनाओं को महत्वपूर्ण क्षति हुई।



## उत्तर कोरिया ने राजधानी में ड्रोन उड़ाने का आरोप लगाया, हमले की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर देश विरोधी दुष्प्रचार सामग्री गिराने के लिए उसकी राजधानी में ड्रोन उड़ाने का शुक्रवार को आरोप लगाया और धमकी दी कि भविष्य में इस तरह की गतिविधि पर कड़ी जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजधानी प्योंगयांग में तीन अक्टूबर और गत बुधवार व बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरियाई ड्रोन के उड़ान भरने की बात सामने आई है। मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया पर उत्तर कोरिया की संप्रभुता का उल्लंघन करने और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया।

# बांग्लादेश के काली मंदिर को उपहार में दिया गया मुकुट चोरी

- भारतीय उच्चायोग ने जताई चिंता
- मोदी ने दिया था उपहार स्वरूप

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में सतखिरा स्थित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2021 में मां काली को समर्पित मुकुट के चोरी होने की घटना पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है और बंगलादेश सरकार से जांच करने एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, हमने 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जेशोरेश्वरी काली मंदिर (सतखिरा) को उपहार में दिए गए मुकुट की चोरी की खबरें देखी हैं। हम गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने, मुकुट बरामद करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार बंगलादेश के एक मंदिर से मुकुट चोरी की कथित घटना से बहुत व्यथित है। ढाका में भारतीय उच्चायोग बंगलादेश के अधिकारियों के संपर्क में है। बंगलादेश सरकार के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

## म्यांमार में आसियान के नौसेना प्रमुखों की 18वीं बैठक आयोजित

**यांगून।** म्यांमार के नेपीता में गुरुवार को 18वीं आसियान नौसेना प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रुनेई, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया और फिलीपींस के उच्च पदस्थ नौसैनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट में कहा गया कि कार्यक्रम के दौरान, राज्य प्रशासन परिषद के सदस्य जनरल स्टाफ (सेना, नौसेना और वायु) के प्रमुख माउंग माउंग ऐ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि म्यांमार आसियान सदस्य देशों और पड़ोसी देशों दोनों के साथ मैत्रीपूर्ण रूप से सक्रियता के साथ काम कर रहा है।

# पाकिस्तान में एससीओ से पहले राजनयिकों की यात्रा सीमित की

- एससीओ का दूसरा सर्वोच्च मंच सीएचजी 15 व 16 को इस्लामाबाद में आयोजित होगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए अगले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक से पहले विदेशी राजनयिकों के आवागमन को सीमित कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, एससीओ का दूसरा सर्वोच्च मंच सीएचजी 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में आयोजित होगा।

विदेश कार्यालय ने सीमाएं जारी की हैं जो शहर के भीतर और बाहर दोनों जगह लागू हैं। यह सीमाएं इसलिये लागू की गयी हैं क्योंकि कुछ दिनों पहले विदेशी नागरिकों पर हुए हमलों के बाद सुरक्षा अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। विदेश कार्यालय ने सटीक प्रतिबंधों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें देश में सभी प्रतिभागियों और अन्य विदेशियों की सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, नए प्रतिबंधों ने व्यक्तिगत कारणों से उनकी यात्रा को डिप्लोमैटिक एन्क्लेव तक सीमित कर दिया है। राजनयिक केवल आधिकारिक कार्य के लिए एन्क्लेव छोड़ने के लिए अधिकृत हैं। राजनयिक ने कहा, "हमें सलाह दी गई है कि जब तक हम महत्वपूर्ण आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग नहीं ले रहे हैं, तब तक हम डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में ही रहें। विदेश कार्यालय ने सटीक प्रतिबंधों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें देश में सभी प्रतिभागियों और अन्य विदेशियों की सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है।

**ज्ञान-विज्ञान** | लालग्रह पर हुई पांच बड़ी टक्कर से निकली धूल कण पृथ्वी तक पहुंची

# मंगल पर क्षुद्रग्रहों की टक्कर से पृथ्वी अछूती नहीं

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** मंगल ग्रह पर क्षुद्रग्रहों की पड़ने वाली मार के असर से पृथ्वी अछूती नही है, जिसे धूल कणों के साथ हमारी धरती पर देखा जाता है। हाल में हुए शोध से पता चला है कि मंगल पर हुई टक्कर से पांच विशाल क्षुद्रग्रहों से निकले धूल कण पृथ्वी तक पहुचे है। इस शोध से मंगल की सतह पर मौजूद तत्वों की जानकारी मिलती है।

यह आश्चर्यजनक जानकारी है कि धूल कण के रूप में रोजाना उल्कापिंड पृथ्वी से टकराते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर साल लगभग 100 से 300 मीट्रिक टन सामग्री मंगल से हमारे ग्रह पर पहुचती है। इसमें अधिकांश रेत के कण के आकार की धूल वायुमंडल में जल जाती है। इसके बावजूद कुछ हज़ार धूल कण पृथ्वी की सतह तक पहुंच जाते हैं। यह दिगर है कि अधिकांश उल्कापिंडों की उत्पत्ति धूमकेतुओं या क्षुद्रग्रह बेल्ट से होती है, लेकिन नई खोज बताती है कि चंद्रमा व मंगल ग्रह भी अंतरिक्ष मे धूल कणों की बौछारों को पहुचाते हैं। रासायनिक विश्लेषण के बाद इसका पता चल पाता है। वैज्ञानिको के अनुसार चंद्र उल्कापिंडों का हम तक पहुचना आसान है। मगर पृथ्वी में बहुत बड़ी मात्रा मे उल्कापिंड मंगल से पहुचे हैं। इससे यह पता भी चलता है कि मंगल ग्रह कभी पृथ्वी के समान गर्म और आर्द्र दुनिया थी। वैज्ञानिकों ने 200 उल्कापिंड पर शोध किया और जाना किउनकी उत्पत्ति मंगल ग्रह पर लगभग 10 बड़ी टक्कर से हुई है। साथ ही अधिकांश उल्कापिंड बताते हैं कि वह मंगल की धरती पर पांच बड़े टक्कर से बने गड्ढों का नतीजा हैं। रासायनिक विश्लेषण पृथ्वी व मंगल के बीच की कड़ी को जोड़ सकती है। साथ ही मंगल की सतह की अनेक महत्वपूर्ण जानकारी पृथ्वी से जुटा सकते हैं।


मंगल की सतह पर किसी क्षुद्रग्रह द्वारा बने विशाल गड्ढे की तस्वीर।

### बियाबान जंगल है मंगल

नैनीताल: वर्तमान मंगल बियाबान जंगल है। शोरगुल विहीन मंगल पहले कभी ऐसा नही था। शायद समुद्र की लहरें मंगल के वातावरण में कौतूहल पैदा करती होंगी और कल-कल बहती नदिया मंगल की नैसर्गिक सुंदरता को मनमोहक बनाती होंगी। बहरहाल मंगल की सतह को समझने के लिए बड़े पैमाने पर रासायनिक व भू वैज्ञानिक शोध जरूरी हैं। इससे पता लगाया जा सकता है कि मंगल की सतह पर बने कौनसे गड्ढे शूद्रग्रह की टक्कर का परिणाम हैं और कौनसे गड्ढे या पर्वत प्राकृतिक रूप से मंगल के निर्माण व विकास के दौरान के होंगे।

# अमेरिकियों के लिए ट्रंप के पास कोई योजना नहीं: कमला हैरिस

- एरिजोना में हजारों समर्थकों को किया संबोधित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी औ्रर रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (ट्रंप) केवल अपने बारे में ही सोचते हैं और अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके पास कोई योजना नहीं है। एरिजोना में अपने हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए हैरिस ने गुरुवार को कहा कि ट्रंप ने पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले किसी भी तरह की बहस करने से आधिकारिक तौर पर इनकार कर दिया है। उन्होंने इसे मतदाताओं के साथ 'नाइंसाफी' बताया। हैरिस ने कहा, मुझे भी लगता है कि यह उनका बहुत ही कमजोर कदम है। लेकिन अगर वह बहस नहीं भी करते हैं, तो भी इस चुनाव में अंतर पहले से ही स्पष्ट नजर आ रहा है। हैरिस ने कहा कि देश के लोगों के लिए कई मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ट्रंप के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, हम अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और अपने सैनिकों का सम्मान करेंगे।

